- बैंक के समस्त स्टाफ सदस्यों के लिए 'सतर्कता निवारक उपकरण' विषय पर 6 दिनों (31.10.2022 से 05.11.2022 तक) का देशभर में ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- प्रमुख तमिल दैनिक 'द हिंदू तमिल थिसाई' के सहयोग से थीम आधारित 'ऑनलाइन क्विज व पेंटिंग' का आयोजन किया गया।

19. सुरक्षा

- सुरक्षा से संबंधित उच्च क्षमता वाले डीवीआर/ एनवीआर आधारित अत्याधुनिक सीसीटीवी, विधुत चालित सुरक्षा अलार्म एवं अग्नि सूचक यंत्र समस्त शाखाओं में मौजूद है।
- संवेदनशील स्थल जैसे सर्वर रूम, डीआर साइट्स में स्वचालित (मॉड्यूलर) क्लीन एजेंट आधारित अग्निशामक/गैस आधारित अग्निशमन उपकरण उपलब्ध है और शाखाएँ/एटीएम, आग बुझाने के पर्याप्त अग्निशमन उपकरणों से लैस हैं।
- कैश वैनों में जीपीएस आधारित ट्रेकिंग डिवाइस लगाए गए हैं।

- देश भर में बैंकों के स्वामित्व वाले एटीएम में केंद्रीकृत निगरानी के साथ 24 × 7 विद्युतचालक निगरानी (ई-निगरानी) परिचालित है।
- बेहतर सुरक्षा उपाय के साथ 1000 शाखाओं में बैंक के इंट्रानेट से जुड़े सीसीटीवी के माध्यम से शाखाओं की दूरस्थ निगरानी की जाती है।

20. विपणन

सोशल मीडिया पर ब्रांड बिल्डिंग गतिविधियां

सोशल मीडिया पर बैंक के आधिकारिक फेसबुक, ट्विटर, यूट्यूब, इंस्टाग्राम तथा लिंक्डइन चैनलों का प्रबंधन किया गया और इन सोशल मीडिया चैनलों के माध्यम से उत्पाद का प्रचार और सूचना प्रसार किया गया। बैंक के क्षेत्र स्तर की गतिविधियों, स्मरणीय दिवसों, अवसरों और बैंक की उपलब्धियों से संबंधित विशिष्ट सामग्री विकसित की गई और उसे सोशल मीडिया चैनलों पर प्रचारित किया गया। इस पर आकर्षक जीआईएफ़ और वीडियो भी पोस्ट किए गए। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान हमारे फेसबुक फॉलोअर्स की संख्या 10 लाख को पार कर चुकी है।

डिजिटल साइनेज

बैंक के उत्पादों, सुरक्षा यक्तियों और विभिन्न ग्राहक-केंद्रित विकासों के विषय में जानकारी प्रदान करने के लिए बैंक ने देश भर के चुनिंदा शाखाओं/कार्यालयों में 1949 डिजिटल साइनेज इकाइयां स्थापित और कॉन्फ़िगर की हैं। यह इकाइयां, इन शाखाओं के बैंक कर्मचारियों को लाभान्वित करने के साथ-साथ आंतरिक संचार की मुख्य विशेषताओं एवं विज्ञप्तियों को भी प्रदर्शित करती हैं। डिजिटल साइनेज का यह लाभ ही है कि बैंक की अद्यतन जानकारी इसके माध्यम से तत्काल प्रसारित हो जाती है।

एआई-चैटबॉट

'आद्या' वेब आधारित चैटबॉट है। यह चौबीसों घंटे बैंक के उपलब्ध सामग्री के विषय में ग्राहकों के प्रश्नों के उत्तर स्वरूप सूचना देने वाला एक ऐसा ग्राहक इंटरफ़ेस है, जिसे बैंक की वेबसाइट के साथ ही मोबाइल के अनुकूल बनाकर हमारे इंडओएसिस मोबाइल बैंकिंग ऐप पर भी उपलब्ध कराया गया है। ग्राहक के सामान्य संवाद की भाषा (वर्तमान में अंग्रेजी) में बैंकिंग-प्रश्नों को समझने के लिए, एक उन्नत प्राकृतिक भाषा प्रसंस्करण एल्गोरिदम पर, यह चैटबॉट बनाया गया है। इसमें निर्देशित मेनू फंकशनालिटी के जरिए खाते की शेष राशि देखने, ऋण हेतु आवेदन करने, बैंक के उत्पादों और सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने की सुविधा भी शुरू की गई है।

कार्यक्रम प्रबंधन

सरदार पटेल राष्ट्रीय दिव्यांग टी20 कप

इंडियन बैंक ने दिव्यांगों के लिए लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट टूर्नामेंट - 'सरदार पटेल राष्ट्रीय दिव्यांग टी20 कप' के दूसरे सीजन के लिए डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीसीआई) को सहयोग दिया है। सप्ताह भर चलने वाली इस टूर्नामेंट का आयोजन सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में किया गया था, जिसे राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इस आयोजन में देश भर से आए हुए दिव्यांग क्रिकेटरों की बीस टीमों ने हिस्सा लिया।

दिल्ली का शैक्षणिक दौरा

बैंक की सीएसआर गतिविधियों के तहत, 5 आकांक्षी जिलों - तमिलनाडु के 2 जिलों (विरुद्धनगर और रामनाथपुरम) तथा आंध्र प्रदेश के 3 जिलों (विशाखापत्तनम, वाईएसआर कडप्पा और विजयनगरम) के सरकारी स्कूलों के 68 मेधावी अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए दिल्ली में एक शैक्षणिक दौरे की व्यवस्था की गई थी।

इस दौरा कार्यक्रम के एक हिस्से के रूप में, दिल्ली में इंडियन बैंक के अधिकारियों द्वारा छात्रों के लिए वित्तीय साक्षरता पर एक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया गया।

21. कॉर्पोरेट संप्रेषण

बाहरी संप्रेषण

- वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, ग्राहकों तक पहुँच बनाने के लिए उत्पाद के बारे में विज्ञापन, सरकारी योजनाओं तथा साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल सुरक्षा पर ग्राहक केन्द्रित जगरूकता, बैंक की उपलब्धियों और समाज हितकारी गतिविधियों के बारे में सूचनाओं के लिए बैंक द्वारा विभिन्न विज्ञापन दिए गए एवं प्रचार-प्रसार के लिए अनेक पहल किए गए।
- बैंक ने डिजिटल प्रक्रिया के शुभारंभ, वित्तीय परिणामों की घोषणा, क्रेडिट ऑउटरीच अभियान, प्रदर्शनी एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में से जैसे दिल्ली, लखनऊ एवं कारैक्कल में समर्पित डिजिटल बैंकिंग यूनिट के लांच, सतर्कता जागरूकता सप्ताह, स्वच्छता पखवाड़ा, आदि सहित विभिन्न अवसरों पर प्रेस वार्ता, बैठकों एवं शीर्ष प्रबंधन के साथ भौतिक एवं वर्चुअल माध्यम से विशेष साक्षात्कारों का आयोजन किया है।
- बैंक की विविध गतिविधियों और आजादी का अमृत महोत्सव (अकाम) पर एंकर माह की गतिविधियों को विभिन्न प्रिंट मीडिया जैसे ईटी नाउ, सीएनबीसी टीवी 18 ग्रूप, न्यूज 7, द हिंदू, द टाइम्स ऑफ इंडिया, बिज़नेस लाइन, द इकोनॉमी टाइम्स, बिज़नेस स्टैंडर्ड, द फाइनेनशियल एक्सप्रेस, हिन्दुस्तान टाइम्स, द न्यू इंडिया एक्सप्रेस, डेली थांथी, दैनिक भास्कर, राजस्थान पत्रिका, दिनामनी इत्यादि में विभिन्न अवसरों पर प्रमुखता से कवर किया गया।
- अकाम एंकर माह के दौरान, बैंक ने दक्षिण भारतीय भाषा के अग्रणी अख़बार, टेलीविजन चैनल एवं एफएम रेडियो में 'आजादी का अमृत महोत्सव' थीम पर आधारित विज्ञापन जारी किया।

आंतरिक संप्रेषण

- बैंक के विभिन्न आयोजनों जैसे सीएसआर कार्यक्रम, संसदीय समिति का दौरा आदि की जानकारी सम्प्रेषण के आंतरिक चैनलों के माध्यम से कर्मचारियों को प्रसारित किया गया।
- विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दिवसों जैसे महिला दिवस, मई दिवस, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आदि के बारे में कर्मचारियों को जागरूक करने के लिए रचनात्मक सहयोग के लिए प्रदर्शन भी लगाए गए।

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर):

- बैंक की सीएसआर संबंधी पहल बैंकिंग से इतर और पर्यावरण एवं प्राकृतिक आवासों के संरक्षण के अतिरिक्त समुदायों के पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देने, शिक्षा और साक्षरता का समर्थन करने की दिशा में काम करती है।
- एक सशक्त और जिम्मेदार कॉर्पोरेट के रूप में बैंक ने भारत के लोगों की सेवा

करने की प्रतिबद्धता के साथ-साथ समाज के हित में अनेक कार्य किए हैं और अपनी सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से जरूरतमंद और वंचित आबादी तक पहुंचने के लिए भी कई कार्य किए हैं जो निम्नवत है:

- लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण
- समावेशी विकास
- हरित पहल और पर्यावरणीय स्थिरता
- वित्तीय साक्षरता एवं व्यावसायिक कौशल में वृद्धि
- स्वास्थ्य एवं कल्याण

सीएसआर हाईलाइट्स

बैंक ने देश भर में समाज के वंचित वर्गों तक पहुँचने के लिए सीएसआर के तहत विभिन्न कार्य किया है।

तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश के 5 आकांक्षी जिलों के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के छात्रों के लिए दिल्ली में शिक्षा यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

श्रीमती निर्मला सीतारामन, माननीय केंद्रीय वित्त मंत्री की गरिमामयी उपस्थिति में, आनंदम लर्निंग सेंटर फॉर स्पेशल चिल्ड्रेन, चेन्नै को बेस्पोक फर्नीचर प्रदान किया गया।



तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों में शंकर आई फाउंडेशन इंडिया के माध्यम से 1000 मोतियाबिंद सर्जरी प्रायोजित की गईं।

इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान, पटना को 190 ट्रॉली स्ट्रेचर प्रदान किया गया।

प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में जनवरी-फरवरी 2023 में 'माघ मेला' के दौरान 'पिंक शौचालय' प्रायोजित की गई।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय (एनएससीबीएवी), वल्लियूर में छात्राओं के लिए शौचालयों के निर्माण के अलावा डेस्क और बेंच प्रदान किया गया।

कांचीपुरम में कचड़ा संग्रह के लिए निगम को बैटरी संचालित वाहन प्रदान किया गया।

नगर निगम, त्रिची के स्वच्छता कर्मचारियों के लिए 3000 'रेन कोट' का वितरण किया गया।

भागीरथी आर्य कन्या इंटर कॉलेज, मेरठ की अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अल्पसंख्यक और जरूरतमंद छात्राओं को साइकिल और स्कूल बैग प्रदान किया गया।

श्रद्धानंद अनाथालय ट्रस्ट, करनाल के लिए ई-रिक्शा प्रदान किया गया।

रामकृष्ण मिशन विद्यालय, कोयंबतूर को महिंद्रा बोलेरो वाहन प्रदान किया गया।

सेलम नगर निगम के कर्मचारियों को स्वच्छता उपकरण का वितरण किया गया।

असम में बाढ़ राहत के लिए मुख्यमंत्री बाढ़ राहत कोष में सहयोग राशि प्रदान किया गया।

उत्तर प्रदेश में श्रावस्ती, बलरामपुर, सोनभद्र, चित्रकूट, बहराइच, वाराणसी और सीतापुर जिलों में हेल्थ एटीएम की स्थापना की गई।

उदयम चैरिटेबल सोसाइटी, कोझिकोड़ को बहुउद्देश्यीय वाहन प्रदान किया गया।

चेन्नै में समाज के गरीब और जरूरतमंद वर्गों के लिए अन्न सेवा अभियान (खाद्य वितरण गतिविधि)।

भुवनेश्वर में हरित पहल के तहत पौधारोपण प्रायोजित की गई।

जीवन आशा अस्पताल, नोएडा के माध्यम से कृत्रिम अंगों का वितरण किया गया।

22. खेल

गुजरात में हाल ही में संपन्न हुए 36वें राष्ट्रीय खेलों में बैंक के खिलाड़ियों का प्रदर्श

- बैंक की एथलीट सुश्री निशा और सुश्री गिरिधरिनी ने क्रमशः हरियाणा राज्य के लिए 4 × 400 मीटर और तमिलनाडु राज्य के लिए 4 × 100 मीटर रिले में रजत पदक जीता। (दोनों एथलीट हाल ही में नियुक्त हुए हैं।)

- बैंक के बॉस्केटबॉल खिलाड़ी सर्वश्री पी. बलधेश्वर, मुइन बेक हफीज (अंतर्राष्ट्रीय), आर. अरविंद कुमार (हाल ही में नियुक्ति/अंतर्राष्ट्रीय), ए सूर्या, आर. हरिहरन, जिनीव बेनी ने 5 × 5 (5 बाय 5) के तमिलनाडु (पुरूष) नियमित प्रतियोगिता में स्वर्णपदक जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- बैंक के बॉस्केटबॉल खिलाड़ी श्री मुकुंद चारी ने 3×3 (3 बाय 3) प्रतियोगिता के पहले संस्करण में रजत पदक जीता।
- श्री प्रशांत सिंह रावत ने राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व किया। (हाल ही में नियुक्त/अंतर्राष्ट्रीय)
- सर्वश्री अक्षय कुमार और विनोदन ने राष्ट्रीय खेलों में तमिलनाडु हॉकी टीम का प्रतिनिधित्व किया।
- बैंक की वॉलीबॉल टीम के सदस्य सर्वश्री योगनाथन, मोहन कुमार, मुधु श्रीनिवास ने तमिलनाडु वॉलीबॉल टीम का प्रतिनिधित्व किया और रजत पदक जीता।

उपरोक्त खिलाड़ी/पदक विजेता, जिन्होंने गुजरात में आयोजित 36वें राष्ट्रीय खेलों में तमिलनाडु का प्रतिनिधित्व किया, तमिलनाडु सरकार द्वारा दिनांक 25 नवम्बर, 2022 को चैन्ने में खिलाड़ियों के सम्मान में आयोजित एक भव्य समारोह में स्वर्ण पदक विजेता को नकद रु.2.50 लाख, रजत पदक विजेता (टीम इवेंट) को रु.1.50 लाख एवं एथलीट रजत पदक विजेता को रु.2.00 लाख का पुरस्कार व्यक्तिशः प्रदान किया गया।

एथलीट

द्वितीय यू–23 राष्ट्रीय एथलेटिक मीट में, सुश्री गिरिधरिनी ने 24.80 सेकेण्ड में 200 मीटर इवेंट जीती और 100 मीटर इवेंट 11.89 सेकेण्ड में पूरी की एवं इवेंट के विजेता से केवल .26 सेकेण्ड पीछे रह गई। कुल मिलाकर उन्होंने उन सभी इवेंटों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने भाग लिया।

क्रिकेट

आदित्य गढ़वाल

करण शिंदे

श्री किरदंत करण शिंदे और श्री आदित्य गढ़वाल, जिनकी हाल ही में नियुक्ति हुई है, उन्होंने 12 नवम्बर, 2022 और 2 दिसम्बर, 2022 के बीच आयोजित विजय हजारे अंतर्राज्य क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता में क्रमशः आंध्र प्रदेश और राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 2022–23 सत्र हेतु रणजी ट्राफी प्रतियगिता में क्रमशः आंध्र प्रदेश और राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व किया।

पैराशूटिंग

सुश्री पूजा अग्रवाल ने 15 से 26 अगस्त 2022 के बीच चांगवोन, दक्षिण कोरिया 2022 वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट वर्ल्ड कप में आयोजित मिश्रित 25 मीटर पिस्टल एसएच–1 श्रेणी में कांस्य पदक जीता।

23. राजभाषा कक्ष

- बैंक में दिनांक 14.09.2022 से 29.09.2022 तक हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन किया गया।
- बैंक द्वारा 'बैंकों में वित्तीय साक्षरता के माध्यम से जोखिम प्रबंधन' विषय पर अखिल भारतीय हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- राजभाषा कार्यान्वयन हेतु भारत सरकार द्वारा बैंक के अंचल कार्यालयों एवं शाखाओं को विभिन्न पुरस्कार प्राप्त हुए।

माननीय गृह राज्य मंत्री श्री अजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता एवं श्री एस.एल.जैन, एमडी एंड सीईओ की उपस्थिति में दिनांक 10.05.2022 को नराकास की 71वां अर्द्धवार्षिक बैठक संपन्न हुआ।

- 'आज़ादी के अमृत महोत्सव' के उपलक्ष्य में बैंक द्वारा 'राष्ट्रीय चेतना के दीप स्तम्भ' पुस्तक का प्रकाशन किया गया।

दिनांक 29.09.2022 को हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह के अवसर पर श्री एस.एल.जैन, एमडी एंड सीईओ द्वारा ''इंड छवि'' राजभाषा पत्रिका का विमोचन किया गया।

24. पुरस्कार और प्रशस्तिया:

स्वयं सहायता समूह:

- तमिलनाडु सरकार द्वारा एसएचजी ऋण देने में बैंक को लगातार 19वीं बार सर्वश्रेष्ठ बैंक के रूप में सम्मानित किया गया।

- अपने बैंक को नाबार्ड से वित्तीय वर्ष 22 हेतु एसएचजी- बैंक लिंक्ड कार्यक्रम के लिए तमिलनाडु में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन हेतु बैंक को दिए जाने वाले पुरस्कार प्राप्त हुआ।

- बैंक को वित्तीय वर्ष 23 के दौरान बैंक द्वारा एसएचजी सदस्यों को जल, सफाई एवं स्वच्छता गतिविधियों हेतु लिए गए पहल के लिए Sa-dhan and Water.Org से जल एवं स्वच्छता वित्तपोषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

- इंडियन बैंक को नाबार्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2022 हेतु एसएचजी-बैंक लिंक्ड कार्यक्रम के लिए तमिलनाडु में उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन हेतु बैंक को दिए जाने वाले पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

एमएसएमई:

- सीजीटीएमएसई द्वारा सम्मानित - ''बैंक को सूचना प्रसार 2022-23 में सर्वोत्तम प्रयास के लिए पुरस्कार''

- नई दिल्ली में आयोजित एसोचैम के 9वें एसोचैम उत्कृष्टता पुरस्कारों में ''उत्कृष्ट एमएसएमई बैंक-पीएसबी श्रेणी'' से सम्मानित

- 23 फरवरी, 2023 को नई दिल्ली में आयोजित सीआईएमएसएमई - एम एसएमई बैंकिंग एक्सीलेंस अवार्ड 2022 में उप विजेता से सम्मानित . इनोवेटिव बैंक श्रेणी के तहत

- फिक्की-सीएमएसएमई ने इंडियन बैंक को 'एमएसएमई सेवारत हेतु उत्कृष्ट बैंक' से सम्मानित किया।

- बैंक को भारतीय वाणिज्य और उद्योग मंडल परिसंघ (फिक्की) द्वारा एमएसएमई सेवारत हेतु उत्कृष्ट बैंक अवार्ड के अंतर्गत ''सह-विजेता'' के रूप में सम्मानित किया गया।

  पीएमईजीपी तमिलनाडु राज्य स्तर-विव 2021-22 हेतु उत्कृष्ट कार्यनिष्पादन बैंक

वित्तीय समावेशन:

- बैंक ने विव 22 हेतु अटल पेंशन योजना नामांकन में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

- बैंकों के एमडी एंड सीईओ हेतु लीडरशीप पिनेकल अभियान (2 जनवरी से 14 फरवरी, 2023) और बैंकों के ईडी हेतु इन सर्किल ऑफ एक्सलेंस

अभियान (1 अक्टूबर-14नवम्बर, 2022) - बैंक समस्त पीएसबी में प्रथम स्थान हासिल किया और पीएफआरडीए (पेंशन निधि विनियामक और विकास प्राधिकरण) द्वारा उत्कृष्टता का अनुकरणीय पुरस्कार हेतु उत्तीर्ण किया।

- बैंक पीएफआरडीए द्वारा आवंटित एपीवाई लक्ष्य का 146% हासिल किया और विव 2022-23 हेतु अब तक के सबसे ज्यादा प्रत्येक शाखा की औसत खाता 117 के साथ ''वार्षिक एपीवाई अवार्ड ऑफ पार एक्सलेंस'' हेतु उत्तीर्ण किया।

मानव संसाधन विकास:

- इंडियन बैंक प्रबंधन विकास एवं उत्कर्ष अकादमी (इमेज) को 'गोल्डेन पीकॉक नेशनल ट्रेनिंग अवार्ड 2023' से नवाजा गया। एमडी एंड सीईओ एवं जीएम/एचआरएम को माननीय मंत्री एवं कैबिनेट सदस्यए यूएई द्वारा दुबई में अवार्ड प्राप्त हुआ।

25. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक:

- बैंक के तीन प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक हैं, यथा तमिलनाडु ग्राम बैंक (टीएनजीबी) का मुख्यालय सेलम (तमिलनाडु), सप्तगिरी ग्रामीण बैंक का मुख्यालय चित्तूर (आंध्र प्रदेश) और पुदुवई भारथियार ग्रामीण बैंक का मुख्यालय पुदुचेरी (केंद्र शासित प्रदेश पुदुचेरी) में है।
- तीनों क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के (आरआरबी) के संबंध में, शाखा नेटवर्क 917 (मार्च 2022) से 18 बढ़कर 917 शाखाएं (मार्च 2023) हो गया है। तीन आरआरबी का कुल कारोबार यथास्थिति मार्च 2022 में ₹54121 करोड़ के सापेक्ष यथास्थिति मार्च 2023 में ₹64727 करोड़ था।
- **समस्त तीन लाभ अर्जित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) है।**

यथास्थिति 31.03.2023 कारोबार की स्थिति (₹ करोड़ में)

क्र.सं.	आरआरबी का नाम	शाखाओं की संख्या	जमा राशि	अग्रिम	कारोबार	शुद्ध लाभ	शुद्ध एनपीए %	सीआरएआर %
1	तमिलनाडु ग्राम बैंक	655	19938	20479	40417	418	0	13.61
2	सप्तगिरी ग्रामीण बैंक	234	11937	10122	22059	264	0	15.76
3	पुदुवई भारतियार ग्रामीण बैंक	46	1138	1113	2251	15	0	10.55
कुल		**935**	**33013**	**31714**	**64727**	**697**	..	..

- क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) भारत सरकार के पीएमजेडीवाई, पीएमजेजेबीवाई, पीएमएसबीवाई और एपीवाई कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। तीनों आरआरबी पीएमजेडीवाई के तहत 1210 एसएसए गांवों को कवर कर रहे हैं और इस योजना के तहत 12.98 लाख खाते खोले गए हैं। आरआरबी ने पीएमएसबीवाई के तहत 11.49 लाख लाभार्थीयों और पीएमजेजेबीवाई के तहत 5.58 लाख लाभार्थियों और एपीवाई योजना के तहत 2.39 लाख लाभर्थियों को कवर किया है।

कारोबार उत्तरदायित्व
एवं
स्थिरता रिपोर्ट
2022-23

खंड ए : सामान्य प्रकटीकरण

I. सूचीबद्ध संस्था का विवरण:

1. सूचीबद्ध संस्था की कॉर्पोरेट पहचान संख्या (सीआईएन): लागू नहीं
2. सूचीबद्ध संस्था का नामः इंडियन बैंक
3. निगमन का वर्ष : 1907, राष्ट्रीयकरण की तिथि : 19 जुलाई 1969
4. पंजीकृत कार्यालय का पता: 66, राजाजी सालै, चेन्नै 600 001
5. कॉर्पोरेट पताः 254-260, अव्वै षण्मुगम सालै, रॉयपेट्टा, चेन्नै - 600 014
6. ईमेल: ibinvestorrelations@indianbank.co.in, investors@indianbank.co.in
7. दूरभाष: 044-28134484
8. वैबसाइट: www.indianbank.in
9. रिपोर्ट का वित्तीय वर्ष: 2022-23
10. स्टॉक एक्सचेंज जहां शेयर सूचीबद्ध है: बीएसई लिमिटेड, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड
11. प्रदत्त पूंजी: रु. 1245.44 करोड़
12. बीआरएसआर रिपोर्ट पर किसी भी प्रश्न के मामले में संपर्क व्यक्ति का नाम और संपर्क विवरण (टेलीफोन, ईमेल पता):

    श्री सुजीत कुमार डे

    मुख्य महाप्रबन्धक - आरएमडी / सीआरओ

    दूरभाष सं. 044-28134566

    ईमेल आईडी cro@indianbank.co.in
13. रिपोर्टिंग सीमा - क्या इस रिपोर्ट के तहत प्रकटीकरण स्टैंडअलोन आधार पर (यानी केवल इकाई के लिए) या समेकित आधार पर (यानी इकाई और सभी संस्थाओं के लिए जो इसके समेकित वित्तीय विवरणों का एक हिस्सा हैं, एक साथ लिया गया है) किए गए हैं।

    पूरे भारत में इंडियन बैंक के सभी कार्यालयों और शाखाओं सहित स्टैंडअलोन आधार पर।

II. उत्पाद और सेवाएं

14. व्यावसायिक गतिविधियों का विवरण (टर्नओवर का 90 प्रतिशत हिस्सा):

क्रम सं	मुख्य गतिविधि का विवरण	व्यावसायिक गतिविधि का विवरण	इकाई के कारोबार का प्रतिशत
1	बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं	बैंक कॉर्पोरेट, एमएसएमई को कई बैंकिंग उत्पाद और सेवाएं जैसे जमा, ऋण उत्पाद, बीमा सेवाएं, डेरिवेटिव सेवाएं प्रदान करता है। बैंक विदेशी विनिमय मुद्रा उत्पाद, कृषि और ग्रामीण बैंकिंग उत्पाद भी प्रदान करता है। बैंक खुदरा ऋण और म्युचुअल फंड में भी है।	100

15. संस्था द्वारा बेचे गए उत्पाद/सेवाएं (संस्था के टर्नओवर का 90 प्रतिशत हिस्सा):

क्रम सं	उत्पाद/सेवाएं	एनआईसी कोड	कुल कारोबार का प्रतिशत योगदान
1	बैंकिंग उत्पाद और सेवाएं	64191	100

III. संचालन

16. उन स्थानों की संख्या जहां संस्था के संयंत्र और/या संचालन/कार्यालय स्थित है:

स्थान	संयंत्रों की संख्या	कार्यालयों की संख्या	कुल
राष्ट्रीय	लागू नहीं	6155*	6155
अंतर्राष्ट्रीय	लागू नहीं	3 #	3

* इसमें पूरे भारत में स्थित 5788 शाखाएं, 367 कार्यालय और प्रसंस्करण केंद्र शामिल हैं।

\# इसके अलावा बैंक की एक आईएफ़एससी बैंकिंग यूनिट (आईबीयू) गांधी नगर, गुजरात में है।

17. संस्था द्वारा सेवित बाजार:

ए. स्थानों की संख्या

स्थान	संख्या
राष्ट्रीय (राज्यों की संख्या)	34 (राज्य और केंद्रशासित प्रदेश)
अंतर्राष्ट्रीय (देशों की संख्या)	2

बी. संस्था के कुल कारोबार के प्रतिशत के रूप में निर्यात का योगदान क्या है?

संस्था निर्यात में नियोजित नहीं है

सी. ग्राहकों के प्रकार पर एक सक्षिप्त विवरण

इंडियन बैंक खुदरा उपभोक्ताओं, लघु और मध्यम प्रकार के व्यवसायों, बड़े कॉर्पोरेट, कृषि और ग्रामीण ग्राहकों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सरकारी संगठनों सहित ग्राहकों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए, विविध श्रेणी के वित्तीय सेवाएं प्रदान करता है।

खुदरा ग्राहकों के लिए, इंडियन बैंक बचत खाते, चालू खाते, मीयादी जमा, व्यक्तिगत ऋण, गृह ऋण, कार ऋण, क्रेडिट कार्ड इत्यादि जैसे उत्पाद और सेवाएं प्रस्तुत करता है।

लघु और मध्यम उद्यम (एसएमई) मुद्रा ऋण, सीजीटीएमएसई और स्टैंड-अप इंडिया जैसी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से इंडियन बैंक से वित्तीय सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

इंडियन बैंक लार्ज कॉरपोरेट्स की वित्तीय जरूरतों को पूरा करता है जिसमें कार्यशील पूंजी ऋण, मीयादी ऋण, परियोजना वित्त आदि शामिल हैं।

इंडियन बैंक के लिए कृषि और ग्रामीण ग्राहक भी एक महत्वपूर्ण ग्राहक खंड हैं। बैंक इन ग्राहकों को फसल ऋण, ट्रैक्टर ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड इत्यादि सहित विभिन्न उत्पाद और सेवाएं प्रदान करता है।

इसके अलावा, इंडियन बैंक केंद्र और राज्य सरकार के विभागों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि सहित सरकारी संगठनों को विभिन्न बैंकिंग सेवाएं प्रदान करता है।

समान्यतः इंडियन बैंक विविध प्रकार के ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है और उनकी विशिष्ट वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुकूलित उत्पादों और सेवाओं की पेशकश करता है।

IV. कर्मचारी

18. वित्तीय वर्ष के अंत के विवरण:

ए. कर्मचारी और श्रमिक (दिव्यांग सहित):

क्रम	ब्यौरा	कुल (ए)	पुरुष		महिला	
			सं (बी)	%(बी/ए)	सं (सी)	%(सी/ए)
			कर्मचारी			
1.	स्थायी (डी)	41699	29425	70.56	12274	29.44
2.	स्थायी के अलावा (ई)	17	8	47.05	9	52.94
3.	कुल कर्मचारी (डी+ई)	41716	29433	70.55	12283	29.45
			श्रमिक			
4.	स्थायी (एफ़)	लागू नहीं				
5.	स्थायी के अलावा (जी)					
6.	कुल श्रमिक (एफ़+जी)					

बी. दिव्यांग कर्मचारी और श्रमिक:

क्रम	ब्यौरा	कुल (ए)	पुरुष		महिला	
			सं (बी)	%(बी/ए)	सं (सी)	%(सी/ए)
दिव्यांग कर्मचारी						
1.	स्थायी (डी)	1113	865	77.72	248	22.28
2.	स्थायी के अलावा (ई)	0	0	0	0	0
3.	कुल दिव्यांग कर्मचारी (डी+ई)	1113	865	77.72	248	22.28
दिव्यांग श्रमिक						
4.	स्थायी (एफ़)	लागू नही				
5.	स्थायी के अलावा (जी)					
6.	कुल दिव्यांग श्रमिक (एफ़+जी)					

19. **महिलाओं की भागीदारी/शामिल/प्रतिनिधित्व**

	कुल (ए)	महिलाओं की संख्या और प्रतिशत	
		संख्या (बी)	%(बी/ए)
निदेशक मंडल	10	1	10
प्रमुख प्रबंधन कार्मिक *	4	0	0

* प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी और कार्यपालक निदेशक(गण) को प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक माना गया है।

20. **स्थायी कर्मचारियों और श्रमिकों के लिए टर्नओवर दर***

	वित्त वर्ष 23			वित्त वर्ष 22			वित्त वर्ष 21		
	पुरुष	महिला	कुल	पुरुष	महिला	कुल	पुरुष	महिला	कुल
स्थायी कर्मचारी	1.01%	1.03%	1.02%	0.81%	0.96%	0.85%	0.44%	0.45%	0.45%
स्थायी श्रमिक	लागू नहीं								

V. होल्डिंग, सहायक और सहयोगी कंपनियां (संयुक्त उद्यमों सहित)

21. **(ए) होल्डिंग/अनुषंगी/सहयोगी कंपनियों/संयुक्त उद्यमों के नाम विवरण प्रदान करें**

क्रम सं	होल्डिंग/अनुषंगी/सहयोगी कंपनियों/संयुक्त उद्यमों का नाम (ए)	क्या होल्डिंग/ अनुषंगी/ एसोसिएट/संयुक्त उद्यम है? इंगित करें	सूचीबद्ध इकाई द्वारा आयोजित शेयरों का प्रतिशत	क्या कॉलम ए में दर्शाई गई इकाई, सूचीबद्ध इकाई की व्यावसायिक उत्तरदायित्व पहल में भाग लेती है? (हां / नहीं)
1	इंड बैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लिमिटेड	अनुषंगी	64.84	नहीं
2	इंड बैंक हाउसिंग लिमिटेड	अनुषंगी	51	नहीं
3	तमिलनाडु ग्राम बैंक	सहयोगी	35	नहीं
4	सप्तगिरि ग्रामीण बैंक	सहयोगी	35	नहीं
5	पुदुवई भारतियार ग्राम बैंक	सहयोगी	35	नहीं
6	यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस बैंक लिमिटेड	संयुक्त उद्यम	28.52	नहीं
7	एएसआरईसी (इंडिया) लिमिटेड	संयुक्त उद्यम	38.265	नहीं

VI. सीएसआर विवरण

22. I. क्या सीएसआर कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 के अनुसार लागू है: (हां/नहीं)? नहीं

यद्यपि बैंक ने वित्तीय वर्ष के दौरान 1831.77 लाख रुपए खर्च किए है। विवरण निम्नलिखित हैं:

क्रम सं	सीएसआर गतिविधि	राशि (₹ लाख में)
1	समावेशी विकास	212.81
2	वित्तीय साक्षरता और व्यावसायिक कौशल में वृद्धि	1390.15
3	हरित पहल और पर्यावरण स्थिरता कार्बन फुट-प्रिंट को कम करना	49.51
4	लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण	6.45
5	स्वास्थ्य और कल्याण, वरिष्ठ नागरिकों की विशिष्ट आवश्यकताएं	172.04
6	कोविड-राहत	0.71
	दान	0.1
कुल		**1831.77**

II. टर्नओवर (रुपये में): रुपये 52085.27 करोड़

III. नेट वर्थ (रुपये में): रुपये 37431.30 करोड़

VII. पारदर्शिता और प्रकटीकरण अनुपालन

23. जिम्मेदार व्यावसायिक आचरण पर राष्ट्रीय दिशानिर्देशों के तहत किसी भी सिद्धांत (सिद्धांत 1 से 9) पर शिकायतें:

हितधारक समूह जिससे शिकायत प्राप्त हुई है	शिकायत निवारण तंत्र मौजूद है (हां/नहीं)	वित्त वर्ष 23			वित्त वर्ष 22		
	(यदि हां, तो शिकायत निवारण नीति के लिए वेब-लिंक प्रदान करें)	वर्ष के दौरान दायर की गई शिकायतों की संख्या	वर्ष के अंत में समाधान लंबित शिकायतों की संख्या	टिप्पणी	वर्ष के दौरान दायर की गई शिकायतों की संख्या	वर्ष के अंत में समाधान लंबित शिकायतों की संख्या	टिप्पणी
समुदाय	-	-	-	-	-	-	-
निवेशकगण (शेयरधारक के अलावा)	-	-	-	-	-	-	-
शेयरधारक	हां https://indianBank.in/investors-services-ib/#!	146	0		77	1	वित्त वर्ष 22-23 में हल किया गया
कर्मचारी एवं श्रमिक	हां https://indianBank.in/wp-content/uploads/2022/08/Reserve-Bank-Integrated-Ombudsman-Scheme-2021.pdf	10449	346		4387	20	
ग्राहक	हां https://indianBank.in/departments/customer-centric-services/#!	99298	838		254183	1588	
अन्य	-	-	-	-	-	-	-

24. इकाई के महत्वपूर्ण जिम्मेदार व्यावसायिक आचरण मुद्दों का अवलोकन

कृपया पर्यावरण और सामाजिक मामलों से संबंधित भौतिक जिम्मेदार व्यावसायिक आचरण और स्थिरता के मुद्दों का संकेत दें, जो आपके व्यवसाय के लिए जोखिम या अवसर, इसकी पहचान करने के लिए तर्क, इसके वित्तीय प्रभावों के साथ-साथ जोखिम को अनुकूलित या कम करने के लिए दृष्टिकोण निम्नलिखित प्रारूप के अनुसार प्रस्तुत करें।

जबकि बैंक आने वाले समय में ईएसजी मुद्दों का अधिक महत्वपूर्ण सामग्री मूल्यांकन करेगा,बैंक ने कुछ प्रासंगिक महत्वपूर्ण मुद्दों की पहचान की है जिनका विवरण यहां दिया गया है।

क्र. सं.	चिन्हित मामले	इंगित करें कि क्या यह जोखिम है या अवसर	जोखिम/अवसर की पहचान करने का औचित्य	जोखिम के मामले में, अनुकूलन या कम करने के लिए दृष्टिकोण	जोखिम या अवसर के वित्तीय निहितार्थ (सकारात्मक या नकारात्म क निहितार्थ इंगित करें)
1	गोपनीयता और डेटा सुरक्षा	अवसर और जोखिम	जोखिम डिजिटल उपयोगकर्ताओं की संख्या में अत्यधिक वद्धि के साथ-साथ डिजिटलीकरण की निरंतर प्रगति ने डेटा गोपनीयता और सुरक्षा के मामले में उत्पन्न भेद्यता को काफी बढ़ा दिया है। अवसरः साइबर खतरों को कम करने के लिए एक मजबूत सूचना सुरक्षा तंत्र बनाया जाना आवश्यक है और सभी हितधारकों के गोपनीय डेटा को प्रभावी ढंग से सुरक्षित कर सकता है। डेटा गोपनीयता और सुरक्षा को अत्यधिक प्राथमिकता देकर, हम न केवल अपने उद्यम और ग्राहकों को सुरक्षित करते हैं बल्कि डिजिटल क्षेत्र में प्रगति और विस्तार की संभावनाएं भी उत्पन्न करते हैं।	संगठन द्वारा साइबर सुरक्षा जोखिमों को शामिल करते हुए एक व्यापक जोखिम प्रबंधन और शमन नीति तैयार किया गया है, और साइबर हमलों, खतरों और कमजोरियों से बैंक के डेटा की सुरक्षा के लिए नियमित रूप से इसकी निगरानी और मूल्यांकन करता है।	सकारात्मकः सुव्यवस्थित प्रक्रिया स्वचालन, बेहतर जनसंपर्क और हितधारकों की विश्वसनीयता, बेहतर डेटा प्रबंधन और संवर्धित विश्वास। नकारात्मक: गोपनीयता और डेटा सुरक्षा का उल्लंघन
2	जलवायु परिवर्तन एवं प्रशासन	अवसर और जोखिम	जोखिमः जलवायु परिवर्तन की घटना ने व्यवसायों की प्रतिष्ठा के लिए जोखिमों को बढ़ा दिया है। अभिशासन प्रक्रियाओं के संबंध में शेयरधारक सक्रियता में वद्धि हुई है। स्वाभाविक उतार-चढ़ाव ने समाज पर अपना नकारात्मक प्रभाव दिखाना शुरू कर दिया है जो एनपीए में वद्धि और बैंक की संपत्ति को नुकसान/क्षति के माध्यम से बैंक की संपत्ति (ऋण और अचल संपत्ति) पर प्रभाव डालेगा। अवसरः व्यवहार्य दीर्घकालिक समाधान चुनना और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना जो किसी व्यक्ति के कार्बन फुटप्रिंट पर प्रकाश डालता है, लागत बचत के साथ-साथ प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित करने में मदद करता है। शिक्षा को बढ़ावा देने और भोजन और राशन जैसे आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों के प्रति अपना समर्थन देना।	ईएसजी से संबंधित कारकों पर निगरानी और जांच बैंक की बीआरएसआर समिति द्वारा की जाएगी - हमने जलवायु जोखिम पर ग्राहकों और कर्मचारियों के लिए व्यापक आधार पर जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया है। हमने अपने कारोबारी फैसलों, पूंजी प्रबंधन और सीएसआर गतिविधियों में जलवायु जोखिम को भी शामिल करना शुरू कर दिया है। - बैंक इस ओर उचित ध्यान दिया है और वह जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और पर्यावरण पर इसके प्रभाव के संबंध में की जाने वाली कार्रवाइयों के लिए अपनी पूर्ण क्षमता के साथ तत्पर है।	नकारात्मकः भौतिक और नियामक जोखिम। सकारात्मक: उन्नत जोखिम प्रबंधन, ब्रांड छवि, ऊर्जा और पानी की बचत में सुधार। हम निवेश के रूप में जलवायु जोखिम को कम करने में अपना योगदान देते हैं, क्योंकि हम व्यवसाय की दीर्घकालिक स्थिरता में दृढ़ता से विश्वास करते हैं और सामाजिक रूप से जिम्मेदार संस्था के रूप में सक्रिय रूप से अपना योगदान देते हैं।

3	सामुदायिक और सामाजिक प्रभाव	अवसर	बैंक अपनी स्थापना के बाद से अपने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) मूल्यों को बनाए रखने के लिए दृढ़ता से प्रतिबद्ध है। कमजोर, वंचित और सीमांत हितधारकों की पहचान करना और उनका सहयोग करना इसकी प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है। अपनी विभिन्न सीएसआर पहलों के माध्यम से, बैंक उन परियोजनाओं को तैयार और कार्यान्वित करने का प्रयास करता है जो समाज के इन वंचित और सीमांत वर्गों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान में योगदान करते हैं। इसे प्राप्त करने के लिए, बैंक विभिन्न कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ साझेदारी करता है ताकि शिक्षा को बढ़ावा देने और भोजन और राशन जैसे आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों के प्रति अपना सहयोग बढ़ाया जा सके।	लागू नहीं	सकारात्मकः हम वंचित और कमजोर लोगों के जीवन में बदलाव लाने के लिए समर्पित हैं, और सीएसआर पहल का समर्थन इस प्रयास का एक प्रमुख पहलू है। ऐसी गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेकर, हमारा उद्देश्य सकारात्मक प्रभाव पैदा करना और समाज की बेहतरी में योगदान देना है।
4	मानव पूंजी	अवसर और जोखिम	अवसर: बैंक उत्थान की दिशा में लगातार कार्य कर रही और बैंक की विकास रणनीति में कर्मचारियों की भूमिका पर बल देती है। मानव पूंजी को प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर रखा गया है क्योंकि यह बैंक के समग्र विकास का सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। जोखिम: बैंक को अपने कर्मचारियों पर ध्यान देना होगा और उन्हें बाजार में उपलब्ध सर्वोत्तम विकल्प बनाना होगा, क्योंकि उद्योग में तेजी से वद्धि और विकास हो रहा है। बाजार में अन्य सभी संस्थाओं के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए, बैंक को अपने कार्यबल को बढ़ाने के लिए निवेश करना होगा।	हमारे बैंक की संस्कृति उत्कृष्टता, पारदर्शिता और सभी के लिए समान अवसर पर आधारित है। हम उन कर्मचारियों को वद्धि और विकास के अवसर प्रदान करने में विश्वास करते हैं जो लगातार उच्च स्तर पर प्रदर्शन करते हैं, जिससे उन्हें अपने करियर में समय से पहले आगे बढ़ने की अनुमति मिलती है। बैंक मानव संसाधन विकास के लिए कई प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है जैसे- ई लर्निंग (स्व-अर्जन मंच ई-पाठशाला), शारीरिक प्रशिक्षण, कक्षा प्रशिक्षण, कैप्सूल कार्यक्रम और वेबिनार आदि।	सकारात्मकः विभिन्न मानव संसाधन प्रस्तावों के माध्यम से प्रमुख प्रतिभाओं को बनाए रखने से उत्पादकता बढ़ती है। नकारात्मक: उच्च संघर्षण की संभावना वेतन मुद्रास्फीति और निरंतरता में नुकसान की ओर ले जाती है।
5	वित्तीय साक्षरता	अवसर	भारत उस स्थान पर है जहां लोगों को यह जानना अनिवार्य हो गया है कि पुराने तरीके या उपकरण भविष्य में आने वाली मुद्रास्फीति और कर देनदारियों के लिए जोखिम हो सकते हैं। वित्तीय साक्षरता दीर्घकाल तक बैंकों और उनके ग्राहकों के लिए बहुत महत्वपूर्ण पहलू है और रहेगा।	बैंक वित्तीय साक्षरता की आवश्यकता को अत्यधिक महत्व देता है, और इसके लिए नीतियां बनायी गई है: - बैंक ने अपनी सीएसआर नीति के तहत वित्तीय साक्षरता और व्यावसायिक कौशल बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है। -बैंक ने सामाजिक सरोकारों और अवसरों के लिए वित्तीय सेवाओं को शामिल किया है, जिसके तहत उसने वित्तीय साक्षरता केंद्र (एफएलसी) खोले हैं, जिसके माध्यम से बैंक वित्तीय साक्षरता और परामर्श सत्र प्रदान करता है। -बैंक के 42 केंद्रों पर एफएलसी हैं और पूरे भारत में 59 सीएफएल हैं, जिनमें वित्तीय समावेशन के तहत बैंक की पहल के हिस्से के रूप में प्रवासी श्रमिकों और झुग्गीवासियों के लाभ के लिए चेन्नै, दिल्ली क्षेत्र और मुंबई में शहरी वित्तीय साक्षरता केंद्र शामिल हैं।	सकारात्मक - बैंक सामाजिक हितों के लिए काम करता है और जमीनी हकीकत के बारे में सीखता है क्योंकि यह बड़ी जनसंख्या से जुड़ी हुई है। -वित्तीय साक्षरता प्रदान करके वंचित वर्गों की मदद करना। -हर एक के लिए बेहतर संपत्ति निर्माण में मदद करना।

6	फिनटेक वैल्यू पार्टनरशिप	अवसर	फिनटेक नए जमाने के तकनीकी जानकार ग्राहक तक पहुंचने और लागत प्रभावी और कुशल तरीके से प्रत्येक नागरिक तक वित्तीय सेवाओं को पहुंचाने के लिए आसान तरीका प्रदान करता है।	हालांकि गतिविधि में अंतर्निहित जोखिम है, बैंक ने इसे प्रबंधित करने के लिए पर्याप्त और उचित जोखिम कम करने वाले (परिचालन और कानूनी) उपाय किए हैं।	यह देश भर के ग्राहकों के अलग-अलग वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए बैंक को लागत प्रभावी, सुरक्षित और कुशल तरीके से मदद करेगा।
7	हरित एवं सतत वित्त पोषण	अवसर	जलवायु जोखिम को कम करने के तरीकों पर दुनिया भर में हरित ऊर्जा के स्रोतों को खोजने पर ध्यान केंद्रित किया है। इसने बदले में हरित ऑटोमोबाइल, हरित विनिर्माण आदि के क्षेत्रों में कई आविष्कार किए हैं। हरित ऊर्जा स्रोत के क्षेत्र ने बैंकों को वित्तपोषण का अवसर प्रदान किया है।	हरित ऊर्जा और संबद्ध क्षेत्रों के लिए वित्तपोषण में इसके विकास के वर्तमान चरण, बाजार द्वारा अपनाए जाने, वैधानिक नियमों आदि के कारण अंतर्निहित जोखिम है। बैंक ने पर्याप्त और उपयुक्त जोखिम कम करने वाले उपाय किए हैं। इसके अलावा बैंक इस क्षेत्र में विकास की लगातार निगरानी कर रहा है और किसी भी विकसित स्थिति को अपनाने के लिए तैयार है।	ऊर्जा के हरित और दीर्घकालिक स्रोतों और संबद्ध गतिविधियों के लिए वित्तपोषण एक दीर्घकालिक व्यावसायिक अवसर प्रदान करता है और यह नए क्षेत्रों की ओर हमें अग्रसर होने का अवसर प्रदान करता है। हम मानते हैं कि एक बैंक के रूप इस क्षेत्र में स्थायी रूप में योगदान कर सकते हैं।

खंड बी : प्रबंधन और प्रक्रिया प्रकटीकरण

प्रकटीकरण प्रश्न	पी1	पी2	पी3	पी4	पी5	पी6	पी7	पी8	पी9
नीति और प्रबंधन प्रक्रियाएं									
1. ए. क्या आपकी संस्था की नीति/नीतियां एनजीआरबीसी के प्रत्येक सिद्धांत और उसके मूल तत्वों को कवर करती हैं। (हां/नहीं)	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
बी. क्या नीति को बोर्ड द्वारा अनुमोदित किया गया है? (हां नहीं)	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
सी. नीतियों का वेब लिंक, यदि उपलब्ध हो	उन्हें इंट्रानेट में उपलब्ध कराया जाता है क्योंकि वे आंतरिक दस्तावेज होते हैं, इसलिए बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित नहीं किया गया।								
2. क्या संस्था ने नीति को प्रक्रियाओं में क्रियान्वित किया है। (हां/नहीं)	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां
3. क्या सूचीबद्ध नीतियां में आपके मूल्य श्रृंखला भागीदारों को शामिल किया गया है? (हां/नहीं)	----लागू नहीं ----								
4. क्या आपकी संस्था द्वारा राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कोड/ प्रमाणीकरण/ लेबल/मानक (जैसे फॉरेस्ट स्टीवर्डशिप काउंसिल, फेयरट्रेड, रेनफ़ॉरेस्ट एलायंस, ट्रस्टिया) मानकों (जैसे एसए 8000, ओएचएसएएस, आईएसओ, बीआईएस) के नाम अपनाए गए हैं और प्रत्येक सिद्धांत के साथ जोड़ा गया है?	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं
5. संस्था द्वारा परिभाषित समयसीमा के साथ विशिष्ट प्रतिबद्धताएं, उद्देश्य और लक्ष्य, यदि कोई हो।	वित्तीय वर्ष के दौरान उपरोक्त सिद्धांतों के संबंध में इकाई द्वारा कोई विशिष्ट प्रतिबद्धता, उद्देश्य और लक्ष्य निर्धारित नहीं किया गया।								
6. विशिष्ट प्रतिबद्धताओं, उद्देश्यों और लक्ष्यों के सापेक्ष संस्था का निष्पादन, साथ ही साथ यदि उन्हें पूरा नहीं किया जाता है तो कारण	----लागू नहीं ----								

सिद्धांत	नीति
सिद्धांत 1: व्यवसाय को ईमानदारी के साथ-साथ नैतिक, पारदर्शी और जवाबदेह तरीके से संचालित और खुद को अभिशासित करना चाहिए	अनुपालन नीति, व्हिसल ब्लोअर नीति, नैतिकता से संबंधित नीति, उद्यम धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन समाधान, ग्राहकों के लिए बैंक प्रतिबद्धता कोड, संबंधित पक्षकार लेनदेन नीति, आरटीआई, सामग्री सहायक कंपनियों के निर्धारण के लिए नीति, महत्वपूर्ण घटना या सूचना के निर्धारण के लिए नीति, फेयर लेंडिंग प्रैक्टिस कोड, लाभांश वितरण नीति, बैंक की सर्वात्तम प्रविधि कोड, बैंकिंग लोकपाल योजना
सिद्धांत 2: व्यवसाय के तहत वस्तु और सेवाएं इस तरह प्रदान करनी चाहिए जो दीर्घकालिक और सुरक्षित हो	ऋण जोखिम प्रबंधन नीति, लाभांश वितरण नीति, एकीकृत जोखिम प्रबंधन नीति, बाजार जोखिम प्रबंधन नीति, परिचालन जोखिम प्रबंधन नीति, दबाव जांच नीति, समूह ग्रेच्युटी नीति, डेरिवेटिव्स नीति, एएलएम नीति

सिद्धांत 3: व्यवसाय के तहत अपने कर्मचारियों सहित उनसे जुड़े सभी कर्मचारियों के कल्याण का सम्मान करना चाहिए और उनकी भलाई को बढ़ावा देना चाहिए	कर्मचारी अनुकूल मानव संसाधन पहल, वद्धि और विकास जैसे क्षेत्रों को कवर करने वाली नीतियां, समान अवसर नीति, अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी उपाय, सुरक्षा और कौशल उन्नयन प्रशिक्षण से संबंधित नीतियां, कर्मचारी लाभ, शिकायत निवारण नीति, स्वास्थ्य और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की सुरक्षा और रोकथाम, व्हिसल ब्लोअर नीति
सिद्धांत 4: व्यवसायों को अपने सभी हितधारकों के हितों का सम्मान करना चाहिए और उनके प्रति उत्तरदायी होना चाहिए	लाभांश वितरण नीति, सीएसआर पहल, ग्राहक शिकायत निवारण नीति और सेवाओं में कमी के लिए ग्राहकों को मुआवजा, उद्यम धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन समाधान, एएलएम नीति, जमा/दावारहित जमा नीति
सिद्धांत 5: व्यवसाय के तहत मानवाधिकारों का सम्मान करना चाहिए और उन्हें बढ़ावा देना चाहिए।	सीएसआर पहल, बैंक की सभी मानव संसाधन नीतियां, कर्मचारी लाभ, शिकायत निवारण तंत्र, स्वास्थ्य और सुरक्षा और कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम, व्हिसल ब्लोअर नीति
सिद्धांत 6: व्यवसाय के तहत पर्यावरण का सम्मान करना चाहिए और पर्यावरण की रक्षा और सुधार के लिए प्रयास करना चाहिए	सीएसआर पहल, हरित पहल
सिद्धांत 7: सार्वजनिक और नियामक नीति को प्रभावित करने में लगे व्यवसायों द्वारा ऐसे तरीके अपनाए जाने चाहिए जो जिम्मेदार और पारदर्शी हो	ऋण जोखिम प्रबंधन नीति, लाभांश वितरण नीति, एकीकृत जोखिम प्रबंधन नीति, बाजार जोखिम प्रबंधन नीति, परिचालन जोखिम प्रबंधन नीति, दबाव जांच नीति, समूह ग्रेच्युटी नीति, डेरिवेटिव्स नीति, फेयर लेंडिंग प्रैक्टिस कोड, लाभांश वितरण नीति,एसएमई के लिए ऋण पुनर्रचना प्रविधि, एसबीए एवं एससीए की नियुक्ति नीति
सिद्धांत 8: व्यवसाय के तहत समावेशी विकास और समान विकास को बढ़ावा देना चाहिए	सीएसआर पहल, एमएसएमई से संबंधित योजनाएं, उपेक्षित और कमजोर लोगों के लिए ऋण सुविधाएं, वद्धि और विकास जैसे क्षेत्रों को कवर करने वाली नीतियां, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के कर्मचारियों के प्रशिक्षण से संबंधित नीतियां, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों के लिए कल्याणकारी उपाय, सुरक्षा और कौशल उन्नयन प्रशिक्षण संबंधित नीतियां, कर्मचारी लाभ, शिकायत निवारण, स्वास्थ्य और सुरक्षा, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम, व्हिसलब्लोअर नीति, समान अवसर नीति, अनुकंपा नियुक्ति संबंधी नीति, स्वयं सहायता समूह (एसएचजी), वित्तीय साक्षरता केंद्र (एफएलसी), इंडियन बैंक स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (इंडसेटी)
सिद्धांत 9: व्यवसाय के तहत अपने उपभोक्ताओं के साथ एक जिम्मेदार तरीके से जुड़ना चाहिए और उन्हें सम्मान देना चाहिए	डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण नीति, सोशल मीडिया के लिए नीति, बैंक के ग्राहकों के अधिकार, बीसीएसबीआई, बैंक का सर्वोत्तम अभ्यास कोड, जमा नीति, चेक अनादर निपटान, बैंक की आचार संहिता, साइबर सुरक्षा नीति, बैंकिंग लोकपाल योजना

7. ईएसजी से संबंधित चुनौतियों, लक्ष्यों और उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए व्यावसायिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट के लिए उत्तरदायी निदेशक द्वारा कथन

100 से अधिक वर्षों की सेवा ने हमें सिखाया है कि एक सतत तरीके से वृद्धि और विकास से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ भी नहीं है। बैंक वित्तीय साक्षरता, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों का पालन करने के लिए समर्पित है, जो इसके मूल सिद्धांतों में एकीकृत हैं। कर्मचारी हित, समावेशी विकास, नैतिकता और पारदर्शिता हमारे मूल मूल्य में समाविष्ट है और प्रभावी शासन के मानक, स्थायी आचरण को बढ़ावा देने और दीर्घकालिक मूल्य के निर्माण को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हम समझते हैं कि धारणीयता दीर्घकालिक सफलता का एक प्रमुख चालक है। अतः हम उन प्रक्रियाओं को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो हमारे पर्यावरणीय प्रभाव को कम करते हैं, सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देते हैं और शासन के उच्च मानकों को बनाए रखते हैं। हम विभिन्न रणनीतियों की पहल को कार्यान्वित कर रहे हैं जैसे कार्बन उत्सर्जन को कम करना, वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना, और हमारी श्रमशक्ति की विविधता और समावेशन को बढ़ाना। हम अपने शेयरधारकों के साथ उनकी सोच को समझने और हमारे सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए सहयोगात्मक रूप से काम कर रहे हैं।

8. व्यवसाय उत्तरदायित्व नीति (यों) के कार्यान्वयन और निरीक्षण के लिए उतरदायी सर्वोच्च प्राधिकारी का विवरण।	**श्री अश्वनी कुमार, कार्यपालक निदेशक** **श्री सुजीत कुमार डे** **मुख्य महाप्रबंधक - आरएमडी/सीआरओ** **टेलीफोन नंबर: 044-28134566** **ई-मेल आईडी: cro@indianbank.co.in**
9. क्या संस्था के पास धारणीयता से संबंधित मुद्दों पर निर्णय लेने के लिए उतरदायी बोर्ड/निदेशक की एक निर्दिष्ट समिति है? (हां नहीं)। यदि हाँ, तो विवरण दें।	संगठन के भीतर प्रत्येक समिति अपने लक्ष्यों, उद्देश्यों और विशिष्ट परिचालन आवश्यकताओं के विशिष्ट लक्ष्यों के सेट पर विचार करके धारणीयता से संबंधित मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करती है। वे इन मुद्दों को सावधानी से इस तरह से निपटाते हैं जो संगठन में धारणीयता के लिए एक व्यापक और प्रभावी दृष्टिकोण सुनिश्चित करते हुए उनके जनादेश और अनुरूप दृष्टिकोण के साथ संरेखित होते हैं।

10. बैंक द्वारा एनजीआरबीसी की समीक्षा का विवरण

समीक्षा के लिए विषय	इंगित करें कि क्या निदेशक/बोर्ड की समिति/किसी अन्य समिति द्वारा समीक्षा की गई थी									आवत्ति (वार्षिक/अर्धवार्षिक/त्रैमासिक/कोई अन्य – कृपया निर्दिष्ट करें)								
	पी1	पी2	पी3	पी4	पी5	पी6	पी7	पी8	पी9	पी1	पी2	पी3	पी4	पी5	पी6	पी7	पी8	पी9
उपरोक्त नीतियों क निष्पादन और अनुवर्ती कार्रवाई	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं
सिद्धांतों की प्रासंगिकता की सांविधिक आवश्यकताओं का अनुपालन, और किसी भी गैर-अनुपालन में सुधार	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हां	हमारा बैंक त्रैमासिक अनुपालन प्रमाणन और परीक्षण कर रहा है, गैर-अनुपालन जोखिम सूचकांक का उपयोग करके अनुपालन जोखिम का आकलन करता है और एसीबी को त्रैमासिक अनुपालन जोखिम मूल्यांकन रिपोर्ट करता है जबकि अनुपालन की वार्षिक समीक्षा बोर्ड को प्रस्तुत की जा रही है।								

11. **क्या संस्था ने किसी बाहरी एजेंसी द्वारा अपनी नीतियों की कार्यप्रणाली का स्वतंत्र आकलन /मूल्यांकन किया है? (हां / नहीं)। यदि हां, तो एजेंसी का नाम बताएं।**

सलाहकार/परामर्शदाता नीतियों और अनुपालन का आकलन करते हैं। मैसर्स डेलोइट ने वित्तीय वर्ष 23 में यह कार्य पूरा किया है।

12. **यदि उपरोक्त प्रश्न (1) का उत्तर 'नहीं' है, अर्थात सभी सिद्धांत किसी नीति के अंतर्गत नहीं आते हैं, तो कारण बताएं:**

प्रश्न	पी1	पी2	पी3	पी4	पी5	पी6	पी7	पी8	पी9
संस्था सिद्धांतों को अपने कारोबार के लिए महत्वपूर्ण नहीं मानती है (हां/नहीं)	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं
संस्था उस चरण में नहीं है जहां वह निर्दिष्ट सिद्धांतों पर नीतियां बनाने और लागू करने की स्थिति में है (हां/नहीं)	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं
संस्था के पास कार्य के लिए वित्तीय या/मानवीय और तकनीकी संसाधन उपलब्ध नहीं हैं (हां/नहीं)	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं
इसे अगले वित्तीय वर्ष में करने की योजना है (हां/नहीं)	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं
कोई अन्य कारण (कृपया निर्दिष्ट करें)	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं	नहीं

खंड सी: सिद्धांतवार निष्पादन प्रकटीकरण

सिद्धांत 1: व्यवसाय को आचार नीति, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व के साथ अपना व्यवहार एवं संचालन करना चाहिए।

अनिवार्य संकेतक

1. वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी सिद्धांत पर प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों द्वारा प्रतिशत कवरेज:

खंड	आयोजित प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यक्रमों की कुल संख्या	प्रशिक्षण के अंतर्गत आने वाले विषय/ सिद्धांत और उसका प्रभाव	व्यक्तियों की कुल संख्या (ए)	प्रशिक्षण में शामिल व्यक्तियों की संख्या (बी)	जागरूकता कार्यक्रमों द्वारा कवर किए गए संबंधित श्रेणी में व्यक्तियों का:
निदेशक मंडल	3	एगॉन जेहेंडर द्वारा आयोजित निदेशक विकास कार्यक्रम, आईआईबीएफ द्वारा आयोजित जलवायु जोखिम और धारणीयता वित्त पर बैंकिंग कॉन्क्लेव और आईडीआरबीटी द्वारा आयोजित बोर्ड के सदस्यों के लिए आईटी और साइबर सुरक्षा ने उपरोक्त विषयों को कवर किया	10	10	100%
मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक*	3	एगॉन जेहेंडर द्वारा आयोजित निदेशक विकास कार्यक्रम, आईआईबीएफ द्वारा आयोजित जलवायु जोखिम और धारणीयता वित्त पर बैंकिंग कॉन्क्लेव और आईडीआरबीटी द्वारा आयोजित बोर्ड के सदस्यों के लिए आईटी और साइबर सुरक्षा ने उपरोक्त विषयों को कवर किया	4	4	100%
बीओडी और केएमपी के अलावा अन्य कर्मचारी	264	नोट देखें	25073	24694	98.49%
श्रमिक	लागू नहीं				

* प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी और कार्यपालक निदेशक (कों) को मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक माना गया है।

नोट :

i) नेतृत्व विकास कार्यक्रम, निवारक सतर्कता का कार्यक्रम, सोशल मीडिया पर प्रशिक्षण, सीआरओ पर पुनश्चर्या कार्यक्रम, मुख्य अनुपालन अधिकारी के लिए अनुपालन पूरे होने के लाभों पर संगोष्ठी, जलवायु परिवर्तन पर कार्यक्रम, परिवर्तन जोखिम और उपयुक्त वित्त, आईटी और साइबर सुरक्षा पर कार्यक्रम, डिजिटल बैंकिंग शीर्ष पर सम्मेलन।

ii) धारणीय कारोबार के लिए आचार नीति और ईमानदारी से संबंधित मिड-करियर प्रशिक्षण कार्यक्रम, आचार नीति चुनौतियों का समाधान,कारोबार भागीदार के रूप में ग्राहक, निवारक सतर्कता पर कार्यक्रम। अनुपालन रिवाज, अनुशासन और सतर्कता प्रबंधन, आईटी और साइबर सुरक्षा, साइबर कानून और वित्तीय अपराध आदि पर भी विशिष्ट कार्यक्रम।

2. **वित्तीय वर्ष में नियामकों/कानून प्रवर्तन एजेंसियों/न्यायिक संस्थानों के साथ कार्यवाहियों (संस्था द्वारा या निदेशकों/केएमपी द्वारा) में भुगतान किए गए जुर्माने/दंड/सजा/पुरस्कार/चक्रवद्धि शुल्क/निपटान राशि का विवरण निम्नलिखित प्रारूप में (नोटः संस्था भौतिकता के आधार पर प्रकटीकरण करेगी जैसा कि सेबी के विनियमन 30 में (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण दायित्व) विनियमन, 2015 में निर्दिष्ट है और जैसा कि संस्था की वेबसाइट पर प्रकट किया गया है):**

मौद्रिक					
	एनजीआरबीसी सिद्धांत	विनियामक/प्रवर्तन एजेंसियों / न्यायिक संस्थान के नाम	राशि (भारतीय रु. में)	मामले का संक्षिप्त विवरण	क्या अपील को प्राथमिकता दी गई है? (हां/नहीं)
दंड /जुर्माना	महत्वपूर्ण घटनाओं या सूचनाओं के निर्धारण और प्रकटीकरण पर बैंक की नीति के अनुसार बैंक पर लगाया गया दंड/जुर्माना/निपटान/कंपाउंडिंग शुल्क भौतिक नहीं है। हालांकि बैंक गुणात्मक आधार पर ऐसी घटनाओं का स्टॉक एक्सचेंज एनएसई और बीएसई को प्रकटीकरण करता है।				
निपटान	शून्य				
कंपाउंडिंग शुल्क	शून्य				
गैर-मौद्रिक					
गैर-मौद्रिक	शून्य				
कैद /सज़ा					

3. **ऊपर दिए गए प्रश्न 2 में बताए गए उदाहरणों में से, उन मामलों में अपील/संशोधन का विवरण जहां मौद्रिक या गैर-मौद्रिक कार्रवाई की अपील की गई है।**

मामले का विवरण	विनियामक/प्रवर्तन एजेंसियों/न्यायिक संस्थानों का नाम
शून्य	

4. **क्या संस्था के पास भ्रष्टाचार विरोधी या रिश्वतखोरी विरोधी नीति है? यदि हां, तो संक्षेप में विवरण प्रदान करें और यदि उपलब्ध हो, तो नीति के लिए एक वेब-लिंक प्रदान करें।**

बैंक की व्हिसल ब्लोअर नीति है जिसके माध्यम से कर्मचारियों को अपने विचारों के समर्थन में कारणों के साथ उचित प्राधिकारी को खाते में धोखाधड़ी गतिविधि की रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, जो बैंक की व्हिसल ब्लोअर नीति के तहत, आंतरिक जांच के माध्यम से संवीक्षा कर सकता है। व्हिसल ब्लोअर के तहत ऐसे कर्मचारियों को सुरक्षा उपलब्ध कराई जाती है। नीति के उद्देश्य इस प्रकार हैः 1.पारदर्शिता की रिवाज को बढ़ावा देना, 2.सार्वजनिक सेवाओं के मानक निर्धारित करना, 3.नियमों और विनियमों का अनुपालन। पॉलिसी को इंडियन बैंक की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन एक्सेस किया जा सकता है और इसके लिए लिंक इस प्रकार है - **https://indianBank.in/wp-content/uploads/2020/08/Whistle-Blower-Policy-1.pdf.**

भारत सरकार के पास अधिकांश शेयर वाला सार्वजनिक क्षेत्रक बैंक होने के नाते, बैंक भारत के केंद्रीय सतर्कता आयोग के दायरे में आता है। बैंक ने निम्नलिखित को भी लागू किया है :

- 'इंडियन बैंक का सिटिजन्स चार्टर' बैंक की शाखाओ में ग्राहकों हेतु उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं/सेवाओं पर महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान करता हैं।
- सिटिजन्स चार्टर के साथ (आचार) संहिता, बैंक में ग्राहकों के साथ किए जाने वाले लेन-देनों में उत्तरदायित्व, जिम्मेदारी और पारदर्शिता के उच्च मानकों को सुनिश्चित करती है
- ग्राहकों को बैंक के साथ किए जाने वाले अपने लेनदेनों में संतोषजनक सेवा की प्राप्ति को सुनिश्चित करने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने फरवरी 2006 में भारतीय बैंकिंग संहिता और मानक बोर्ड (बीसीएसबीआई) को एक स्वतंत्र स्वायिक पर्यवेक्षक के रूप में स्थापना की।
- बीसीएसबीआई ने 'ग्राहकों के प्रति बैंक प्रतिबद्धता संहिता - जनवरी 2018' में तथा 'सूक्ष्म और लघु उद्यमों के प्रति प्रतिबद्धता संहिता-अगस्त 2015' में प्रकाशित किया है, जो बैंकों के लिए ग्राहक सेवा में अनुपालन हेतु बैंकिंग कार्य-प्रणाली और बेंचमार्क के न्यूनतम मानकों को निर्दिष्ट करता है।
- बैंक बीसीएसबीआई का सदस्य है और इसलिए इसने उपर्युक्त संहिताओं को अपने ग्राहकों के साथ लेनदेन करने में न्यायोचित व्यवहार कोड के रूप में स्वेच्छा से अपनाया है।
- बोर्ड की ग्राहक सेवा समिति के समक्ष ग्राहकों के प्रति प्रतिबद्धता संहिता को अभिग्रहीत करने हेतु रखा गया है। संहिता की पूर्ण **www.indianbank.in** पर उपलब्ध है।

5. **निदेशकों/केएमपी/कर्मचारियों/श्रमिकों की संख्या जिनके विरुद्ध रिश्वतखोरी/भ्रष्टाचार के आरोप में किसी विधि प्रवर्तन एजेंसी द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई:**

विवरण	वित्तीय वर्ष 23	वित्तीय वर्ष 22
निदेशक	शून्य	शून्य
केएमपी	शून्य	शून्य
कर्मचारी	शून्य	शून्य

6. **हितों के टकराव के संबंध में शिकायतों का विवरण:**

विवरण	वित्तीय वर्ष 23	वित्तीय वर्ष 22
निदेशकों के हितों के टकराव के मुद्दों के संबंध में प्राप्त शिकायतों की संख्या	शून्य	
केएमपीए के हितों के टकराव के मुद्दों के संबंध में प्राप्त शिकायतों की संख्या		

7. **भ्रष्टाचार और हितों के टकराव के मामलों पर नियामकों/कानून प्रवर्तन एजेंसियों/न्यायिक संस्थानों द्वारा की गई कार्रवाई/जुर्माने/दंड से संबंधित मुद्दों पर की गई या चल रही किसी भी सुधारात्मक कार्रवाई का विवरण प्रदान करें।**

----लागू नहीं ---

नेतृत्व संकेतक

1. **वित्तीय वर्ष के दौरान किसी भी सिद्धांत पर वैल्यू चेन पार्टनर के लिए आयोजित जागरूकता कार्यक्रम:**

कवर किए गए पार्टनर के अंतर्गत आने वाले जागरूकता विषयों/सिद्धांतों की कुल संख्या	जागरूकता कार्यक्रमों के तहत वैल्यू चेन कार्यक्रमों का प्रतिशत (ऐसे पार्टनर के साथ किए गए कारोबार के मूल्य द्वारा)
शून्य	

2. **क्या संस्था के पास बोर्ड के सदस्यों से जुड़े हित संबंधी विवाद से बचने / प्रबंध करने के लिए प्रक्रियाएँ हैं? (हां/नहीं)। यदि हां, तो उसका विवरण प्रदान करें ।**

बैंक ने निदेशक मंडल और वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों के लिए लागू 'आचार संहिता' तैयार की है और इसे बोर्ड द्वारा अपनाया गया है और यह बैंक की वेबसाइट **www.indianBank.in** पर उपलब्ध है। बोर्ड के सदस्य और बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिक (अर्थात महाप्रबंधक) ने सेबी के विनियम 26 (3) (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के अनुसार 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्त वर्ष हेतु आचार संहिता के अनुपालन की पुष्टि की है।

सामान्यतः बैंकिंग व्यवसाय के अलावा, बैंक ने अपने प्रवर्तक/निदेशकों, वरिष्ठ प्रबंधन कार्मिकों, उनके रिश्तेदारों आदि के साथ कोई भौतिक रूप से महत्वपूर्ण लेन-देन नहीं किया है, जिसमें किसी भी तरह का हित संबंधी विवाद की संभावना हो ।

सिद्धांत 2: व्यवसाय इस तरह से सामान व सेवाएं प्रदान करे जो सुदृढ़ व सुरक्षित हो।

आवश्यक संकेतक

1 **संस्था द्वारा किए गए कुल आरएंडडी और कैपेक्स निवेशों के लिए उत्पाद और प्रक्रियाओं के पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों में सुधार के लिए विशिष्ट प्रौद्योगिकियों में क्रमशः आरएंडडी और पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) निवेश का प्रतिशत ।**

	वित्तीय वर्ष 23	वित्तीय वर्ष 22	पर्यावरण और सामाजिक प्रभावों में सुधार का विवरण
आर एंड डी	----लागू नहीं ---		
कैपेक्स	26.96 करोड़	26.44 करोड़	बेहतर एटीएम इंफ्रास्ट्रक्चर, मोबाइल ऐप इंडओएसिस के सुधार के माध्यम से ग्राहक अनुभव में वद्धि हुई है। डिजिटल लेंडिंग की दिशा में भी बैंक विविध जेर्नियों को कार्यान्वित कर रहा है।

बैंक की व्यावसायिक प्रकृति उपर्युक्त विवरण की प्रासंगिकता को मुख्य रूप से आईटी पूंजीगत व्यय तक सीमित करती है। चूंकि डिजिटल प्लेटफॉर्म अधिक व्यापक रूप से अपनाए गए हैं, परिचालन दक्षता में वद्धि हुई है, और कागज-आधारित प्रक्रियाओं पर निर्भरता काफी कम हो गई है।

2. **ए. क्या संस्था के पास सुदृढ़ सोर्सिंग के लिए प्रक्रियाएँ हैं ? (हां नहीं)**

बी. यदि हां, तो कितने प्रतिशत निविष्टियों को स्थायी रूप से प्राप्त किया गया ?

नहीं, वित्तीय सेवा क्षेत्र में अपनी उपस्थिति के कारण परिचालन सामग्री की खरीद की बात आती है तो बैंक का ध्यान मुख्य रूप से कागज पर होता है । हालाँकि, कंप्यूटर, लैपटॉप, लाइटिंग डिवाइस और एयर कंडीशनिंग सिस्टम जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण खरीदते समय, बैंक ऊर्जा दक्षता मानकों को ध्यान में रखना सुनिश्चित करता है । बैंक के लिए उत्पादों को भारत सरकार जेम पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किया जाता है ।

3. **(ए) प्लास्टिक (पैकेजिंग सहित) (बी) ई-कचरा (सी) खतरनाक अपशिष्ट और (डी) अन्य कचरे के लिए, जीवनकाल के अंत में पुन: उपयोग, पुनर्चक्रण और निपटान के लिए अपने उत्पादों को सुरक्षित रूप से पुनः प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाओं का वर्णन करें ।**

आईटी से संबंधित वस्तुओं और सेवाओं के लिए बैंक की खरीद नीति -2022-25 में - आईटी संपत्तियों के निपटान की प्रक्रिया शामिल है, जिसका सक्षिप्त विवरण नीचे दिया जा रहा है-

'सभी हार्डवेयर घटक जो उपयोग से बाहर हो गए हैं या उपयोग से बाहर किए जा रहे हैं, उन्हें अधिमानतः बाय-बैक व्यवस्था के माध्यम से निपटाया जाएगा। यदि बाय-बैक व्यवस्था संभव या व्यवहार्य नहीं है, तो ऐसी वस्तुओं को सरकार द्वारा अधिकृत ई-कचरा पुनर्चक्रणकर्ताओं को स्क्रैप के रूप में बेचा जाएगा।'

'कॉर्पोरेट कार्यालय या संबंधित अंचल कार्यालयों में आईटी विभाग संबंधित राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा अनुमोदित ई-अपशिष्ट रिसाइकलरों से उचित बोलियाँ आमंत्रित कर इन वस्तुओं का निपटान कर सकता है और बैंक की मौजूदा पॉलिसी के अनुसार उच्चतम बोलीदाता (एच-1) को निपटान करेगा।'

बैंक ने रॉयपेट्टा में स्थित अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में उत्पादों और कचरे के लिए एक रीसाइक्लिंग व्यवस्था शुरू की है। इसके अलावा, रॉयपेट्टा में कॉर्पोरेट कार्यालय में एक सीवेज उपचार संयंत्र स्थापित किया गया है, जिसमें प्रति दिन 17000 लीटर सीवेज संसाधित करने की क्षमता है। बैंक में कागज का कचरा सरकार के अधिकृत विक्रेताओं को दिया जाता है जिसे बाद में पुनर्चक्रण के लिए भेजा जाता है।

4. **क्या विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) संस्था की गतिविधियों पर लागू होता है (हां / नहीं)। यदि हां, तो क्या अपशिष्ट संग्रह योजना, प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों को प्रस्तुत विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) योजना के अनुरूप है? यदि नहीं, तो इसके समाधान के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी दें ।**

----लागू नहीं----

नेतृत्व संकेतक

1. क्या संस्था ने अपने किसी उत्पाद (विनिर्माण उद्योग के लिए) या अपनी सेवाओं (सेवा उद्योग के लिए) के लिए जीवन चक्र परिप्रेक्ष्य / मूल्यांकन (एलसीए) आयोजित किया है ? यदि हाँ, तो निम्नलिखित प्रारूप में विवरण दें?

एनआईसी कोड	उत्पाद/सेवा का नाम	योगदान किए गए कुल टर्नओवर का :	सीमा जिसके लिए जीवन चक्र परिप्रेक्ष्य / मूल्यांकन किया गया था	क्या स्वतंत्र बाहरी एजेंसी द्वारा संचालित किया जाता है (हां / नहीं)	सार्वजनिक डोमेन में सूचित किए गए परिणाम (हां/नहीं) यदि हां, तो वेब-लिंक प्रदान करें ।
----लागू नहीं----					

नई पेंशन योजना (एनपीएस) उन कर्मचारियों पर लागू होती है, जिनकी बैंक में भर्ती 01.04.2010 के बाद हुई है और यह एक परिभाषित अंशदान योजना है। एनपीएस के अंतर्गत बैंक पूर्व-निर्धारित दर पर एक निश्चित अंशदान अदा करता है और बैंक का दायित्व ऐसे निश्चित अंशदान तक सीमित है। इस अंशदान को लाभ एवं हानि लेखा में प्रभारित किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, बैंक ने ₹288.87 करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 255.18 करोड़) का अंशदान दिया है।

ii. परिभाषित लाभ योजनाएं:

लेखा मानक-15 (संशोधित) के अनुसरण में अपेक्षित लाभ एवं हानि लेखा और तुलन पत्र में मान्यता दिए गए नियोजनोत्तर लाभ और दीर्घकालीन कर्मचारी लाभों की संक्षेप में स्थिति निम्नानुसार है:

निम्न तालिका बैंक द्वारा नियुक्त स्वतंत्र बीमांकक द्वारा बीमांकिक मूल्यांकन के अनुसार परिभाषित लाभ पेंशन योजना और उपदान योजना का आधार निर्धारित करता है:

मूल बीमांकक अनुमान (भारित औसतों के रूप में व्यक्त)	**31/03/2023**	**31/03/2022**
बट्टे की दर -जी -सेक रेट	पेंशन एवं उपदान के लिए 7.48% -15 वर्ष जी-सेक पेपर	पेंशन एवं उपदान के लिए 7.27 - 15 वर्ष जी-सेक पेपर
वेतन बढोत्तरी की दर	6.00% (वेतन संशोधन हेतु 0.50% सहित)	6.00% (वेतन संशोधन हेतु 0.50% सहित)
पदत्याग की दर	पेंशन के लिए 1.00% और सेवारत कर्मचारियों के लिए 2.00%	पेंशन के लिए 1.00% और सेवारत कर्मचारियों के लिए 2.00%
योजना आस्तियों पर अपेक्षित प्रतिफल की दर*	7.69% पेंशन के लिए और 7.83% उपदान के लिए	7.62% पेंशन के लिए और 7.67% उपदान के लिए
प्रयुक्त तरीका	परियोजना इकाई जमा (पीयूसी) बीमांकिक तरीका	परियोजना इकाई जमा (पीयूसी) बीमांकिक तरीका
मृत्यु दर	इंडियन एश्योर्ड लाइव्स मॉर्टेलिटी (2012-14) अल्टीमेट	

* योजना आस्तियों पर अपेक्षित प्रतिफल की दर, छुट्टी भुनाई पर लागू नहीं होगी।

भविष्य में होनेवाली वेतन बढ़ोत्तरी का आकलन, मुद्रास्फीति, वरिष्ठता, पदोन्नति और नियोजन बाज़ार में आपूर्ति और मांग जैसे संगत तत्वों को हिसाब में लेते हुए और आईबीए द्वारा संसूचित अधिवर्षिता योजनाओं के निधीयन के दिशानिर्देश के अनुरूप किया जाता है। इस तरह के अनुमान बहुत दीर्घकालिक हैं और सीमित अतीत के अनुभव / तत्काल भविष्य पर आधारित नहीं हैं। अनुभवजन्य साक्ष्य यह भी बताते हैं कि बहुत लंबे समय में, लगातार उच्च वेतन वृद्धि दर संभव नहीं है।

छुट्टी भुनाई की देयताएँ गैर-निधिक होती हैं।

(₹ करोड़ में)

II. बाध्यता के वर्तमान मूल्य (पीवीओ) में परिवर्तन – प्रारंभिक शेष एवं अंतशेष का लेखा समाधान	पेंशन निधि		उपदान निधि		छुट्टी की भुनाई	
	2022-23	**2021-22**	**2022-23**	**2021-22**	**2022-23**	**2021-22**
वर्ष के आरंभ में पीवीओ	16546.73	15319.48	1783.68	1848.22	1004.75	977.42
ब्याज लागत	1139.92	1047.85	120.55	110.19	63.08	59.12
वर्तमान सेवा लागत	270.86	250.19	80.38	69.21	208.02	175.72
विगत सेवा लागत – पहचानी गई / निहित लाभ	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
विगत सेवा लागत – न पहचानी गई /अनिहित लाभ	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
प्रदत्त लाभ	-1733.82	-1812.10	-250.89	-274.20	-274.21	-284.86
बाध्यता पर बीमांकिक हानि / (लाभ)	1689.97	1741.31	63.18	30.26	187.82	77.35
वर्ष की समाप्ति पर पीवीओ	**17913.66**	**16546.73**	**1796.90**	**1783.68**	**1189.46**	**1004.75**

(₹ करोड़ में)

III. योजना आस्तियों के उचित मूल्य में परिवर्तन – प्रारंभिक शेष एवं अंतशेष का लेखा समाधान	पेंशन निधि		उपदान निधि		छुट्टी की भुनाई	
	2022-23	**2021-22**	**2022-23**	**2021-22**	**2022-23**	**2021-22**
वर्ष के आरंभ में योजना आस्तियों का उचित मूल्य	15893.63	14961.61	1802.75	1897.26	0.00	0.00
योजना आस्तियों पर अपेक्षित प्रतिफल	1227.56	1132.00	134.35	136.42	0.00	0.00
अंशदान	1872.61	1599.55	77.19	36.86	274.21	284.86
प्रदत्त लाभ	-1733.82	-1812.10	-250.89	-274.20	-274.21	-284.86
योजना आस्तियों पर बीमांकिक लाभ / (हानि)	13.28	12.57	0.89	6.41	0.00	0.00
वर्ष की समाप्ति पर योजना आस्तियों का उचित मूल्य	**17273.26**	**15893.63**	**1764.29**	**1802.75**	**0.00**	**0.00**

(₹ करोड़ में)

IV. योजना आस्तियों पर वास्तविक प्रतिफल	पेंशन निधि		उपदान निधि		छुट्टी की भुनाई	
	2022-23	**2021-22**	**2022-23**	**2021-22**	**2022-23**	**2021-22**
योजना आस्तियों पर अपेक्षित प्रतिफल	1227.56	1132.00	134.35	136.42	0.00	0.00
योजना आस्तियों पर बीमांकिक लाभ/(हानि)	13.28	12.57	0.89	6.41	0.00	0.00
योजना आस्तियों पर वास्तविक प्रतिफल	1240.84	1144.57	135.24	142.83	0.00	0.00

(₹ करोड़ में)

V. पहचाना गया बीमांकिक लाभ/हानि	पेंशन निधि		उपदान निधि		छुट्टी की भुनाई	
	2022-23	**2021-22**	**2022-23**	**2021-22**	**2022-23**	**2021-22**
वर्ष के लिए बीमांकिक लाभ/(हानि) – बाध्यता	-1689.97	-1741.31	-63.18	-30.26	-187.82	-77.35
वर्ष के लिए बीमांकिक लाभ/(हानि) – डीबीओ में वित्तीय धारणा में बदलाव के कारण	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
वर्ष के लिए बीमांकिक लाभ/(हानि)-योजना आस्तियां	13.28	12.57	0.89	6.41	0.00	0.00
वर्ष के लिए कुल लाभ/(हानि)	-1676.69	-1728.74	-62.29	-23.85	-187.82	-77.35
वर्ष के दौरान पहचाने गए बीमांकिक लाभ/(हानि)	-1676.69	-1728.74	-62.29	-23.85	-187.82	-77.35
वर्ष के अंत में न पहचाने गए बीमांकिक लाभ/(हानि)	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
बाध्यता पर बीमांकिक हानि / (लाभ)	**-1676.69**	**-1728.74**	**-62.29**	**-23.85**	**-187.82**	**-77.35**

(₹ करोड़ में)

VI. तुलन पत्र में पहचानी गयी राशियां और संबंधित विश्लेषण	पेंशन निधि		उपदान निधि		छुट्टी की भुनाई	
	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22
बाध्यता का वर्तमान मूल्य	17913.66	16546.73	1796.90	1783.68	1189.46	1004.75
योजना आस्तियों का उचित मूल्य	17273.26	15893.63	1764.29	1802.75	0.00	0.00
अन्तर. निवल (देयता) / तुलन पत्र में पहचानी गई आस्ति	-640.40	-653.10*	-32.61	19.07	1189.46	1004.75
पहचान न की गयी संक्रमणकालीन देयता	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
पहचान न की गयी विगत सेवा लागत	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
तुलन पत्र में पहचानी गयी देयता	**-640.40**	**-653.10***	**-32.61**	**19.07**	**1189.46**	**1004.75**

*पारिवारिक पेंशन नियमों में परिवर्तन के कारण प्रावधान शामिल है

(₹ करोड़ में)

VII. लाभ एवं हानि लेखे में पहचाने गये व्यय	पेंशन निधि		उपदान निधि		छुट्टी की भुनाई	
	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22
वर्तमान सेवा लागत	270.86	250.19	80.38	69.21	208.02	175.72
ब्याज लागत	1139.92	1047.85	120.55	110.19	63.08	59.12
योजना आस्तियों पर अपेक्षित प्रतिफल	-1227.56	-1132.00	-134.35	-136.42	0.00	0.00
निवल बीमांकिक (लाभ)/ हानि जो इस वर्ष में पहचानी गई है	1676.69	1728.74	62.29	23.85	187.82	77.35
इस वर्ष में पहचानी गई संक्रमणकालीन देयता	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
विगत सेवा लागत - पहचानी गई	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
लाभ एवं हानि लेखे में पहचाने गये व्यय	**1859.91**	**1894.78**	**128.87**	**66.83**	**458.92**	**312.19**

(₹ करोड़ में)

VIII. तुलन पत्र में पहचानी गयी देयताओं में परिवर्तन	पेंशन निधि		उपदान निधि		छुट्टी की भुनाई	
	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22
निवल देयता का आरंभिक शेष	-653.10	-357.87	19.07	49.04	-1004.75	-977.42
उपर्युक्तानुसार व्यय	-1859.91	-1894.78	-128.87	-66.83	-458.92	-312.19
प्रदत्त अंशदान	1872.61	1599.55	77.19	36.86	274.21	284.86
अंतिम निवल देयता	**-640.40**	**-653.10**	**-32.61**	**19.07**	**-1189.46**	**-1004.75**

(₹ करोड़ में)

IX. योजना आस्तियों/देयताओं पर अनुभव समायोजन (I) पिछले वर्ष 2018-23 - पेंशन	...को समाप्त वर्ष					
	31.03.2018	31.03.2019	31.03.2020	31.03.2021	31.03.2022	31.03.2023
बाध्यता का वर्तमान मूल्य	6245.89	6520.32	6801.96	15319.48	16546.73	17913.66
योजना आस्तियां	6146.80	6418.93	6697.41	14961.61	15893.63	17273.26
अधिशेष (घाटा)	-99.09	-101.39	-104.55	-357.87	-653.10	-640.40
योजना देयताओं पर अनुभव समायोजन (हानि)/लाभ	-704.39	-335.65	-449.25	-1542.88	-1741.31	-1689.97
योजना आस्तियों पर अनुभव समायोजन (हानि)/लाभ	**10.93**	**-8.58**	**13.32**	**-193.89**	**12.57**	**13.28**

(₹ करोड़ में)

IX. योजना आस्तियों/देयताओं पर अनुभव समायोजन (II) पिछले वर्ष 2018-23 - उपदान	...को समाप्त वर्ष					
	31.03.2018	**31.03.2019**	**31.03.2020**	**31.03.2021**	**31.03.2022**	**31.03.2023**
बाध्यता का वर्तमान मूल्य	964.99	923.85	928.98	1848.22	1783.68	1796.90
योजना आस्तियां	932.55	910.66	896.40	1897.26	1802.75	1764.29
अधिशेष (घाटा)	-32.44	-13.19	-32.58	49.04	19.07	-32.61
योजना देयताओं पर अनुभव समायोजन (हानि)/लाभ	-36.20	-2.11	-61.22	23.06	-30.26	-63.18
योजना आस्तियों पर अनुभव समायोजन (हानि)/लाभ	22.12	-0.38	2.71	14.15	6.41	0.89

(₹ करोड़ में)

IX. योजना आस्तियों/देयताओं पर अनुभव समायोजन (III) पिछले वर्ष 2018-23 - छुट्टी भुनाई	...को समाप्त वर्ष					
	31.03.2018	**31.03.2019**	**31.03.2020**	**31.03.2021**	**31.03.2022**	**31.03.2023**
बाध्यता का वर्तमान मूल्य	179.51	188.21	210.29	977.42	1004.75	1189.46
योजना आस्तियां	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
अधिशेष (घाटा)	-179.51	-188.21	-210.29	-977.42	-1004.75	-1189.46
योजना देयताओं पर अनुभव समायोजन (हानि)/लाभ	10.18	7.58	17.71	7.62	-77.35	-187.82
योजना आस्तियों पर अनुभव समायोजन (हानि)/लाभ	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00

(₹ करोड़ में)

X. योजना आस्तियों के मुख्य संवर्ग (कुल योजना आस्तियों के प्रतिशत में)	2022-23		2021-22	
	पेंशन निधि	उपदान निधि	पेंशन निधि	उपदान निधि
भारत सरकार प्रतिभूतियाँ और राज्य सरकार प्रतिभूतियाँ	29.29%	23.35%	32.38%	23.42%
उच्च गुणवत्तावाले कार्पोरेट बांड/पीएसयू बांड	15.64%	12.88%	13.42%	12.21%
विशेष जमा योजना	0.06%	0.04%	0.06%	0.04%
बीमाकर्ता द्वारा प्रबंधित निधियाँ	54.48%	63.53%	53.98%	64.11%
इक्विटी और म्युचुअल फंड	0.53%	0.20%	0.16%	0.22%
मनी मार्केट	-	-	-	-
कुल	**100.00%**	**100.00%**	**100.00%**	**100.00%**

iii) अन्य दीर्घकालीन कर्मचारी लाभ

बैंक द्वारा नियुक्त स्वतंत्र बीमांकक द्वारा बीमांकिक मूल्यांकन के अनुसार दीर्घकालीन कर्मचारी लाभों के लिए ₹ 73.65 करोड़ की राशि (गत वर्ष ₹ 48.43 करोड़) का प्रावधान किया गया है तथा इसे लाभ एवं हानि लेखे में 'कर्मचारियों को भुगतान और उनके लिए प्रावधान' शीर्ष के तहत शामिल किया गया है।

वर्ष के दौरान विभिन्न दीर्घकालीन कर्मचारी लाभों हेतु बनाए गए प्रावधान/(अवलिखित) अतिरिक्त प्रावधानों का विवरणः (₹ करोड़ में)

सं.	दीर्घकालीन कर्मचारी लाभ	31/03/2023	31/03/2022
1.	चिकित्सा अवकाश	2.54	1.84
2.	आकस्मिक छुट्टी	-0.03	0.09
3.	छुट्टी यात्रा रियायत	71.14	46.50
कुल		**73.65**	**48.43**

नोटः शामिल प्रकटीकरण, बीमांकक द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना की सीमा तक सीमित है।

15. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (एएस-10)

15.1 बैंक के परिसर में भूमि और भवन शामिल हैं, जो पुनर्मूल्यांकित राशि पर बताए गए हैं। वित्तीय वर्ष 2021-22 में, बैंक ने बाहरी स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ता से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर अचल संपत्तियों का पुनर्मूल्यांकन किया है। 31.03.2023 को पुनर्मूल्यांकन रिजर्व का समापन शेष (राजस्व रिजर्व में हस्तांतरित राशि का निवल) 6106.90 करोड़ रुपये (पिछले वर्ष 6211.02 करोड़ रुपये) है।

एएस-10 के अनुसार आस्ति, जिसका पुनर्मूल्यांकन किया गया है, मूल्यह्रास पुनर्मूल्यांकित राशि पर प्रदान किया जाता है और पुनर्मूल्यांकित राशि के कारण वृद्धिशील मूल्यह्रास को 'पुनर्मूल्यांकन रिज़र्व' में समायोजित किया जाता है।

वर्ष 2022-23 के लिए व्यय के तहत ₹110.87 करोड़ की राशि (पिछले वर्ष ₹147.27 करोड़) मूल्यह्रास हेतु प्रभारित किया गया तथा और ₹104.12 करोड़ की राशि (पिछले वर्ष ₹143.42 करोड़) की पुनर्मूल्यांकित अंश पर मूल्यहास को पूनर्मूल्यांकन आरक्षित खाते में समायोजित किया गया।

15.2 परिसर में 8.38 करोड़ मूल्य की 9 (7+2*) संपत्तियाँ हैं जिनकी मूल / पुनर्मूल्यांकन बुक वैल्यू ₹ 65.98 करोड़ (विगत वर्ष -₹66.74 करोड़), निवल मूल्यहास 0.76 करोड़ रुपये (विगत वर्ष ₹1.46 करोड़) है, जिसके लिए पंजीकरण प्रक्रिया लंबित है।

* ₹1.61 करोड़ की लागत की हैदराबाद में संपत्ति, जहां यूएलसी प्राधिकरण के समक्ष मंजूरी लंबित है और चेन्नै में ₹2.32 करोड़ की लागत की सम्पत्ति है, जहां डीआरएटी ने अंतरिम रोक लगायी है।

16. पट्टे (एएस 19)

ए. पट्टे/किराए आधार पर ली गई परिसंपत्तियों के संबंध में, बैंक के विकल्प के अनुसार उन्हें नवीकृत/रद्द किया जा सकता है।

बी. बैंक द्वारा किए गए पट्टे करार, आपस में सहमत अवधि के लिए हैं जिसमें लिखित रूप से सहमत कैलेण्डर महीनों की नोटिस देने के जरिए पट्टे की अवधि के दौरान भी उसे समाप्त किया जा सकता है।

सी. परिचालनगत पट्टों के लिए प्रदत्त पट्टा किराए को, जिस वर्ष से संबन्धित है, उसी वर्ष में लाभ एवं हानि लेखे में व्यय के रूप में पहचाना जाता है। वर्तमान वर्ष के दौरान पहचाना गया पट्टा किराया रुपए 399.08 करोड़ हैं। (विगत वर्ष - रुपए 417.00 करोड़)।

डी. वित्त पट्टा

वित्त पट्टे पर प्राप्त आस्ति में संयंत्र एवं उपस्कर और भूमि शामिल हैं। पट्टों की एक प्राथमिक अवधि होती है, जो निश्चित और गैर-रद्द होती है। बैंक के पास द्वितीयक अवधि के लिए पट्टे को नवीनीकृत करने का विकल्प है।

वित्त पट्टा के तहत आवश्यक आस्तियों के संबंध में न्यूनतम पट्टे के किराये और न्यूनतम पट्टे के भुगतान का वर्तमान मूल्य निम्नानुसार हैं:

विवरण	न्यूनतम पट्टे का भुगतान		न्यूनतम पट्टा भुगतान का वर्तमान मूल्य	
	31 मार्च 2023 को	31 मार्च 2022 को	31 मार्च 2023 को	31 मार्च 2022 को
1 वर्ष के पूर्व देय	0	0	0	0
1 वर्ष के बाद एवं 5 वर्षों के पूर्व देय	0	0	0	0
5 वर्षों के बाद देय	0	0	0	0
कुल	**0**	**0**	**0**	**0**
कम: भविष्य के वित्तीय प्रभार				
न्यूनतम पट्टा भुगतान का वर्तमान मूल्य	0	0	0	0

17. ग्रामीण विकास हेतु इंडियन बैंक ट्रस्ट

आईबीटीआरडी को ग्रामीण विकास पहलों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बैंक द्वारा 22.09.2008 में स्थापित किया गया है। भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार, पूर्ववर्ती इलाहाबाद बैंक को 01.04.2020 से इंडियन बैंक के साथ समामेलित कर दिया गया है और आईबीटीआरडी और इलाहाबाद बैंक ग्रामीण विकास ट्रस्ट (एबीआरडीटी) के समामेलन की प्रक्रिया प्रगति पर है और एबीआरडीटी की सभी संपत्तियां और देयताएं आईबीटीआरडी को हस्तांतरित की जाएंगी। ट्रस्ट का फोकस क्षेत्र जिला और ब्लॉक दोनों स्तरों पर स्वरोजगार प्रशिक्षण और वित्तीय साक्षरता प्रदान करना रहा है।

ग्रामीण विकास मंत्रालय (एमओआरडी), भारत सरकार के निर्देशानुसार, हमारे बैंक ने ग्रामीण युवाओं को स्वरोजगार प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ट्रस्ट के माध्यम से इंडियन बैंक स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थानों (इंडसेटी) के नाम से ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) की स्थापना की है।

ट्रस्ट पैन-इंडिया द्वारा प्रायोजित इंडसेटी, वित्तीय साक्षरता केंद्रों (एफ़एलसी) और वित्तीय साक्षरता केंद्रों (सीएफएल) की वर्तमान संख्या निम्नानुसार है:

विवरण	अग्रणी जिलों में	गैर-अग्रणी जिलों में	कुल
इंडसेटी	30	5	35
एफएलसी	36	6	42
सीएफएल	76	15	91

आईबीटीआरडी के न्यासी बोर्ड द्वारा नियुक्त लेखापरीक्षकगण द्वारा स्वतंत्र रूप से ट्रस्ट के खाते की लेखाओं का लेखापरीक्षण किया जा रहा है।

31.03.2023 को समाप्त वर्ष के लिए आईबीटीआरडी का अनंतिम आय और व्यय खाता*

(रु करोड़ में)

व्यय		आय	
इंडसेटी के लिए परिचालन व्यय	14.94	सीएसआर के लिए बैंक द्वारा व्यय की प्रतिपूर्ति	12.00
एफएलसी के लिए खर्च	0.73	विभिन्न एजेंसियों द्वारा प्रशिक्षण लागत प्रतिपूर्ति	5.51
सीएफएल के लिए खर्च	0.60	खाता बंद होने के कारण एफएलसी शेष राशि का क्रेडिट वापस	0.01
एएमसी	0.02		
लेखा परीक्षक शुल्क / विविध भुगतान	0.06		
व्यय से अधिक आय	1.17		
कुल	**17.52**		**17.52**

31.03.2023 को समाप्त वर्ष के लिए आईबीटीआरडी का अनंतिम प्राप्ति और भुगतान खाता*

प्राप्ति		भुगतान	
प्रारंभिक जमाशेष	0.71	इंडसेटी के लिए पूंजीगत व्यय	1.36
बैंक से सीएसआर अंशदान	12.00	इंडसेटी, एफएलसी और सीएफ़एल को प्रतिपूर्ति	16.27
प्रत्यक्ष आय	5.51	एएमसी	0.02
प्राप्त ब्याज	0.08	लेखा परीक्षक शुल्क / विविध भुगतान	0.06
		अंतिम जमा शेष	0.59
कुल	**18.30**		**18.30**

* ट्रस्ट के फ़ाइनल ऑडिट पर आंकड़े परिवर्तन के अधीन हैं

नोट: 31.03.2023 तक, इलाहाबाद बैंक ग्रामीण विकास ट्रस्ट (एबीआरडीटी) खाते में 2.45 करोड़ रुपये की क्रेडिट शेष राशि है।

18. विधि

आकस्मिक देनदारियों में एक खाता मैसर्स निंबस कम्युनिकेशन लिमिटेड शामिल है, कंसोर्टियम बैंकों द्वारा बीसीसीआई के पक्ष में कुल 1602.44 करोड़ रुपये की गारंटी जारी की गई थी। बीसीसीआई ने कंसोर्टियम बैंकों के खिलाफ गारंटी देयता का दावा करते हुए मुकदमा दायर किया, जिसमें बैंक के विरुद्ध कुल 406.47 करोड़ रुपये का दावा किया गया। मुकदमा में, बचाव के लिए सशर्त छुट्टी 400 करोड़ रुपये का भुगतान करने पर दी गई थी, जिसमें हमारे बैंक का हिस्सा 100 करोड़ रुपये है। हमारे बैंक के 100 करोड़ रुपये के हिस्से का प्रेषण बॉम्बे के माननीय उच्च न्यायालय के प्रोथोनोटरी और वरिष्ठ मास्टर के पास किया गया था। सारांश मुकदमा बॉम्बे के माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष निर्णय के लिए लंबित है।

बीसीसीआई द्वारा बैंक के विरुद्ध इस दावे के लिए, 31.03.2023 को सुरक्षा-मार्जिन धन के रूप में रखे गए 84.06 करोड़ रुपये की राशि को ध्यान में रखते हुए बैंक के पास 'अन्य आकस्मिकताओं के लिए प्रावधान' के तहत प्रावधान के रूप में 15.94 करोड़ रुपये की राशि है और 'आकस्मिक निधि-बैंक' के खिलाफ किए गए दावे' के तहत प्रावधान के रूप में 15.32 करोड़ रुपये की राशि है। कुल प्रावधान 31.26 करोड़ रुपये है।

19. लेखा मानक - 17 'खंड परिणाम'

1. खंड निर्धारण

I. प्राथमिक (कारोबार खंड)

बैंक के प्राथमिक खंड निम्नलिखित हैं :-

- राजकोष
- कॉर्पोरेट /थोक बैंकिंग
- खुदरा बैंकिंग*

– अन्य बैंकिंग व्यवसाय

* इसके अलावा, 7 अप्रैल 2022 के आरबीआई सर्कुलर डीओआर.एयूटी.आरईसी.12/22.01.001/2022–23 के अनुसार रिटेल बैंकिंग खंड को डिजिटल बैंकिंग और अन्य खुदरा बैंकिंग खंड में उप–विभाजित किया गया है।

बैंक की वर्तमान लेखा और सूचना प्रणाली उपरोक्त खंडों के संबंध में अलग–अलग से डेटा प्राप्त करने और निकालने का समर्थन नहीं करती है। हालाँकि, वर्तमान आंतरिक, संगठनात्मक और प्रबंधन रिपोर्टिंग संरचना और उनके जोखिम और विवरणियों की प्रकृति के आधार पर, प्राथमिक खंडों के डेटा की गणना निम्नानुसार की गई है:

i. राजकोष–

राजकोष खंड में संपूर्ण संविभाग निवेश और विदेशी मुद्रा संविदाओं और व्युत्पन्न संविदाओं में व्यापार शामिल है। राजकोष खंड के राजस्व में मुख्यतः संविभाग निवेश पर व्यापार संचालन और ब्याज आय से शुल्क और लाभ या हानि शामिल होती है।

ii. कॉर्पोरेट / थोक बैंकिंग–

कॉर्पोरेट/थोक बैंकिंग खंड में कॉर्पोरेट खाता समूह, वाणिज्यिक ग्राहक समूह और दबावग्रस्त आस्तियां संकल्प समूह की उधार गतिविधियां शामिल हैं। इनमें कॉर्पोरेट और संस्थागत ग्राहकों को ऋण और लेनदेन सेवाएं प्रदान करना शामिल है और इसके अलावा विदेशी कार्यालयों के गैर–कोषागार संचालन शामिल हैं।

iii. खुदरा बैंकिंग–

(i) डिजिटल बैंकिंग – 7 अप्रैल, 2022 के आरबीआई सर्कुलर के अनुपालन में, बैंक ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के दौरान तीन डीबीयू में परिचालन शुरू कर दिया है। खंड की जानकारी उक्त डीबीयू के संचालन से संबंधित है।

(ii) अन्य खुदरा बैंकिंग खुदरा बैंकिंग खंड में खुदरा शाखाएँ, जिसमें मुख्य रूप से बैंकिंग संबंध रखने वाले कॉर्पोरेट ग्राहकों के साथ उधार गतिविधियों सहित व्यक्तिगत बैंकिंग गतिविधियाँ की जाती हैं, शामिल हैं। इस खंड में एजेंसी व्यवसाय और एटीएम भी शामिल हैं।

iv. अन्य बैंकिंग व्यवसाय–

उपरोक्त (i) से (iii) के अंतर्गत वर्गीकृत नहीं किए गए खंडों को इस प्राथमिक खंड के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है।

II. द्वितीयक (भौगोलिक खण्ड)

i. देशी परिचालन – भारत में संचालन करने वाली शाखाएँ / कार्यालय

ii. विदेशी परिचालन – भारत के बाहर संचालन करने वाली शाखाएं/कार्यालय और भारत में संचालन करने वाली ऑफ शोर बैंकिंग इकाइयां

III. व्यय, आस्ति और देयताओं का आबंटन

कॉर्पोरेट केंद्र के प्रतिष्ठानों पर किए गए व्यय सीधे कॉर्पोरेट /थोक और खुदरा बैंकिंग संचालन या राजकोष संचालन खंड के लिए स्त्रोतजन्य हैं, तदनुसार आबंटित किए जाते हैं। व्यय, सीधे तौर पर स्त्रोतजन्य नहीं है, उन्हें प्रत्येक खंड में खंड आस्ति के अनुपात के आधार पर या सीधे तौर पर स्त्रोतजन्य व्यय में आबंटित किया जाता है। बैंक के पास कुछ सामान्य आस्तियां और देयताएं हैं, जिन्हें किसी भी खंड के लिए स्त्रोतजनक नहीं ठहराया जा सकता है, और उन्हें असंबद्ध माना जाता है।

भाग ए कारोबार खंड	ट्रेशरी		कॉर्पोरेट/थोक बैंकिंग		खुदरा बैंकिंग		डिजिटल बैंकिंग		अन्य खुदरा बैंकिंग		अन्य बैंकिंग परिचालन		कुल	
	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22
राजस्व	13781.49	13767.26	18 223.54	16082.40	19474.98	15415.12	0.00	लागू नहीं		लागू नहीं	19474.98	15415.12	52 085.27	506.89
परिणाम	5673.24	6355.67	4468.80	3079.29	4702.20	2938.78	(0.25)				4702.45	2938.78	15270.62	343.16
अनाबंटित व्यय													9356.21	9512.67
परिचालनगत लाभ													5914.41	3204.23
अन्य गैर आबंटनीय आय													0.00	0.00
आयकर													632.71	(740.59)
अपवाद स्वरूप मदें													0.00	0.00
निवल लाभ													5281.70	3944.82
अन्य जानकारी													0.00	0.00
खण्डीय आस्तियां	218813.92	240001.83	232908.23	215377.81	249089.62	206008.16	0.93	लागू नहीं	249088.69	206008.16	0.00	0.00	700811.77	618347.78
अनाबंटित आस्तियां													9688.96	10280.25
कुल आस्तियां													710500.73	671668.05
खण्डीय देयताएं	204039.68	224383.64	217182.35	201362.03	232271.18	192602.11	1.18	लागू नहीं	232270.00	192602.11	0.00	0.00	653493.21	618347.78
अनाबंटित देयताएं													9034.77	9611.47
पूंजी, आरक्षितियाँ और अधिशेष													47972.75	43708.80
कुल देयताएं													**710500.73**	**671 668.05**

भाग बी - भौगोलिक खण्ड	देशी		अंतर्राष्ट्रीय		कुल	
	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22
राजस्व	51 043.58	45 463.98	1 041.69	307.69	52 085.27	45 771.67
आस्तियां	6 78 879.76	6 49 993.31	31 620.97	21 674.74	7 10 500.73	6 71 668.05

खंड राजस्व और व्यय को खंड संपत्ति के आधार पर विभाजित किया गया है, जहां प्रत्यक्ष आबंटन संभव नहीं है। जहाँ आवश्यक हुआ, पिछले वर्ष के आँकड़ों को पुनर्समूहित किया गया।

20. संबंधित पार्टी प्रकटीकरण (ए एस 18):

संबद्ध पक्षों के नाम तथा बैंक के साथ उनके संबंध

1. अनुषंगियां:

क्र सं	अनुषंगी कंपनी का नाम	संस्थापन का देश	संस्थापन की तिथि	स्वामित्व का अनुपात	सांविधिक लेखापरीक्षक का नाम	सांविधिक लेखापरीक्षक की नियुक्ति की तिथि
ए)	इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लमिटेड	भारत	11/08/1989	64.84%	ब्रह्मय्या एंड कंपनी, चार्टर्ड एकाउंटेंट्स	26/08/2022
बी)	इंडबैंक हाउसिंग लिमिटेड	भारत	28/01/1991	51.00%	एन सी राजगोपाल एंड कंपनी	30/08/2022

2. सहयोगी:

क्र सं	सहयोगी का नाम	शेयरधारिता पैटर्न
ए	तमिलनाडु ग्राम बैंक	35%
बी	सप्तगिरि ग्रामीण बैंक	35%
सी	पुडुवई भारतियार ग्राम बैंक	35%

3. संयुक्त उद्यमों में निवेश के लिए लेखांकन (एएस 27)

(₹ करोड़ में)

इकाई का नाम	देश/निवास	सम्बन्ध	स्वामित्व हित	शेयरधारिता की राशि
यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	भारत	संयुक्त उद्यम	28.52%	105.00
एसरेक (इंडिया) लिमिटेड	भारत	संयुक्त उद्यम	38.26%	37.50

4. प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक:

नाम	पदनाम	नियक्ति की तिथि	समाप्ति की तिथि
श्री एस एल जैन	प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी	01.09.2021	
श्री इमरान अमीन सिद्दीकी	कार्यपालक निदेशक	10.03.2021	
श्री अश्वनी कुमार	कार्यपालक निदेशक	21.10.2021	
श्री महेश कुमार बजाज	कार्यपालक निदेशक	21.11.2022	

5. गैर कार्यपालक निदेशकों की शेयर धारिता:

क्र	नाम	पदनाम	धारित शेयरों की संख्या
1	श्री भरत कृष्ण शंकर	शेयरधारक निदेशक	300
2	सुश्री पापिया सेनगुप्ता	शेयरधारक निदेशक	200

संबंधित पार्टी लेनदेन निम्नलिखित है:

प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों को वर्ष के दौरान रुपये 135.84 लाख पारिश्रमिक के रूप में भुगतान किए गए हैं (गत वर्ष रुपए 172.37 लाख)

विवरण	2022-23	2021-22
सुश्री पद्मजा चुन्डूरू, एमडी एवं सीईओ प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (01.04.2021 से 31.08.2021)	--	₹ 40.30 लाख
श्री एस एल जैन, एमडी एवं सीईओ प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (01.09.2021 से 31.03.2023)	₹ 40.74 लाख	₹ 20.27 लाख
श्री शेणॉय विश्वनाथ वी, कार्यपालक निदेशक प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (01.04.2021 से 31.03.2022)	--	₹ 32.76 लाख
श्री के रामचन्द्रन, कार्यपालक निदेशक प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (01.04.2021 से 30.06.2021)	--	₹ 30.19 लाख
श्री इमरान अमीन सिद्दीकी, कार्यपालक निदेशक प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (01.04.2021 से 31.03.2023)	₹ 36.53 लाख	₹ 30.00 लाख
श्री अश्वनी कुमार, कार्यपालक निदेशक प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (01.10.2021 से 31.03.2023)	₹ 47.23 लाख*	₹18.85 लाख
श्री महेश कुमार बजाज, कार्यपालक निदेशक प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (21.11.2022 से 31.03.2023)	₹ 11.34 लाख	--

*मकान किराया भत्ता रुपये 12.32 लाख सहित

संबंधित पक्षकारों से संबंधित अन्य प्रकटीकरण निम्नानुसार है:

(₹ करोड़ में)

मद / संबंधित पक्षकार	स्वामी (स्वामित्व या नियंत्रण के अनुसार)	संयुक्त उद्यम	कुल
सेवाएं प्रदान किया जाना	15.28	2.17	15.28
सेवाएं प्राप्त किया जाना	2.17	15.28	2.17

लेखा मानक (एएस) 18 के पैराग्राफ 9 के अनुसार 'राज्य-नियत्रित उद्यम' से संबंधित पक्षों के संबंध में किसी प्रकटीकरण की आवश्यकता नहीं है। आगे, एएस 18 के पैराग्राफ 5 के अनुसार, लेनदेन बैंकर-ग्राहक संबंध का प्रकटीकरण नहीं किया गया है, जिसमें प्रमुख प्रबंधन कर्मचारी और प्रमुख प्रबंधन कर्मचारी के रिश्तेदार शामिल हैं।

21. प्रति शेयर अर्जन (एएस 20)

विवरण	2022-23	2021-22
ईक्विटी शेयर धारकों हेतु उपलब्ध कर के पश्चात निवल लाभ (रुपए करोड़ में)	5281.70	3944.82
ईक्विटी शेयरों की संख्या	1245441139	1245441139
ईक्विटी शेयरों की भारित संख्या	1245441139	1218410075
प्रति शेयर मूल अर्जन	42.41	32.38
कम की गई आय प्रति शेयर आय	42.41	32.38
प्रति ईक्विटी शेयर अंकित मूल्य	10.00	10.00

22. आय पर करों के लिए लेखांकन (एएस 22):

ए) **वर्तमान कर:** चालू वर्ष के दौरान किए गए घरेलू परिचालनों के लिए आयकर का प्रावधान 1178.64 करोड़ रुपये है, जिसमें चालू वर्ष में किए गए पूर्व वर्षों से संबंधित विदेशी शाखाओं पर कर का प्रावधान 8.34 करोड़ रुपये है। चालू वर्ष के दौरान विदेशी शाखाओं में रुपये 15.74 करोड़ के आयकर का प्रावधान किया गया है। देशी परिचालन के लिए वर्तमान कर की गणना आयकर अधिनियम 1961 के प्रावधानों के अनुसार की गई है।

बी) आस्थगित कर: बैंक का निवल डीटीए 4434.56 करोड़ रुपये (पिछले वर्ष का निवल डीटीए 3872.91 करोड़ रुपये) है, जो 'अन्य आस्ति' के तहत शामिल है। डीटीए और डीटीएल के मुख्य संघटक निम्न प्रकार करोड़ रुपये) है, जो 'अन्य आस्ति' के तहत शामिल है। डीटीए और डीटीएल के मुख्य संघटक निम्न प्रकार हैं:

(₹ करोड़ में)

क्रम सं	विवरण	31.03.2023	31.03.2022
	आस्थगित कर आस्तियां		
1	भुगतान/क्रिस्टलाइजेशन पर अनुमेय देयताओं का प्रावधान	275.43	219.35
2	एफ़सीटीआर (विदेशी मुद्रा लेनदेन रिजर्व)	122.57	99.08
3	उपदान के लिए प्रावधान	0.04	0.06
4	अशोध्य ऋणों के लिए प्रावधान	3864.41	3856.25
5	पुनर्संरचित आस्तियों, एक्युआर, एस4ए, दबावग्रस्त आस्तियों के लिए प्रावधान	1094.72	588.06
6	**स्थिर आस्तियों पर मूल्यह्रास**	**102.79**	**87.26**
	कुल-डीटीए	5459.96	4850.06
	आस्थगित कर देयताएँ		
1	स्थिर आस्तियों पर मूल्यह्रास	44.40	44.40
2	बट्टे खाते लिखे गये खातों हेतु प्रावधान	363.15	363.15
3	स्टाफ्फ कल्याण प्रतिपूर्ति	4.11	4.11
4	**आयकर अधिनियम 1961 की धारा 36(i)(viii) के अंतर्गत विशेष आरक्षण**	**613.74**	**565.49**
	कुल - डीटीएल	**1025.40**	**977.15**
	निवल डीटीए/(डीटीएल)	**4434.56**	**3872.91**

सी) वर्ष के लिए आयकर का प्रावधान:

(₹ करोड़ में)

विवरण	2022-23	2021-22
कराधान के लिए प्रावधान (आस्थगित कर सहित आयकर)	632.71	-740.59

दिनांक 31.03.2023 को भुगतान की गई विवादित आयकर मांग 3953.36 करोड़ (विगत वर्ष 3953.36 करोड़) थी। इसे दिनांक 31.03.2023 तक विवादित कर मामलों से संबंधित 8846.59 करोड़ रुपये (विगत वर्ष 9187.03 करोड़) के आयकर से संबंधित आकस्मिक देनदारियों के तहत भी शामिल किया गया है। न्यायिक घोषणाओं और बैंक के अपने मामले में अनुकूल निर्णयों के कारण उक्त विवादित मांगों के लिए कोई प्रावधान आवश्यक नहीं माना जाता है सिवाय विदेशी शाखाओं से संबंधित आय के मामले में पहले की अवधि के लिए 8.34 करोड़ रुपये की राशि जिसके लिए बैंक ने चालू वर्ष के दौरान प्रदान किया है।

23. संयुक्त उद्यमों में हितों की वित्तीय रिपोर्टिंग (एएस-27):

निवेश में शामिल ₹142.50 करोड़ निम्नलिखित संयुक्त नियत्रित संस्थाओं में बैंक के हित को दर्शाता है:

संस्था का नाम	देश/निवास	संबंध	स्वामित्व हित	शेयरधारिता की राशि (₹ करोड़ में)
युनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कं.लि.	भारत	संयुक्त उद्यम	28.52 %	105.00
एएसआरईसी (इंडिया)लि.	भारत		38.26%	37.50

एएस 27 के अनुसार, संयुक्त रूप से नियन्त्रित संस्थाओं में बैंक के हितों से संबंधित आस्तियों, देयताओं, आय, व्यय, आकस्मिक देयताओं और प्रतिबद्धताओं की कुल राशि निम्नानुसार प्रकट की गई है:

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023	31.03.2022
देयताएं		
पूंजी एवं आरक्षित निधियाँ	437.90	391.69
जमा	0.00	0.00
उधार	19.38	8.54
अन्य देयताएँ और प्रावधान	1271.32	1174.50
कुल	**1728.60**	**1574.73**
आस्तियां		
आरबीआई के पास नकद और शेष राशि	0.10	0.05
बैंकों में शेष राशि और मांग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि	54.81	30.40
निवेश	1337.92	1146.12
अग्रिम	0.00	0.00
अचल आस्तियां	18.07	11.37
अन्य आस्तियां	317.70	386.79
कुल	**1728.60**	**1574.73**
पूंजी प्रतिबद्धताएं		
अन्य आकस्मिक देयताएं	46.76	48.05
आय		
अर्जित ब्याज	5.99	6.04
अन्य आय	695.48	478.41
कुल	**701.47**	**484.45**
व्यय		
व्यय किया गया ब्याज	1.81	2.36
परिचालन व्यय	620.43	420.65
प्रावधान और आकस्मिकताएं	25.46	17.63
कुल	**645.90**	**440.64**
लाभ	**53.77**	**43.81**

24. आस्तियों की हानि (एएस-28):

बैंक प्रबंधन के विचारानुसार वर्ष के दौरान आस्तियों में हानि का कोई संकेत नहीं है, जिस पर लेखा मानक 28 'संपत्ति की हानि' लागू होता है।

25. प्रावधान, आकस्मिक देयताएं और आकस्मिक आस्तियां (एएस-29) :

(₹ करोड़ में)

विवरण	दिनांक 01.04.2021 को अथ शेष	वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान	प्रावधान वापसी / समायोजित	दिनांक 31.03.2022 को अंतिम शेष
अस्वीकृत ऋण के लिए बैंक के विरूद्ध दावे के लिए प्रावधानों का संचलन	215.91	4.22	2.45	217.68

26. अन्य प्रकटीकरण

ए) कारोबार अनुपात

(₹ करोड़ में)

विवरण	वर्तमान वर्ष	विगत वर्ष
i) कार्यशील निधियों के प्रतिशत के रूप में ब्याज आय[1]	6.52	6.21
ii) गैर-ब्याज आय वर्किंग फंड्स के प्रतिशत के रूप में[2]	1.04	1.11
iii) जमा की लागत	4.09	3.97
iv) शुद्ध ब्याज मार्जिन	3.37	2.93
v) कार्यशील निधियों के प्रतिशत के रूप में परिचालन लाभ	2.22	2.03
vi) संपत्ति पर वापसी[3]	0.77	0.63
vii) व्यापार (जमा और अग्रिम) प्रति कर्मचारी[4] (₹ करोड़ में)	26.61	25.20
viii) प्रति कर्मचारी लाभ (₹ करोड़ में)	0.13	0.10

[1]वित्तीय वर्ष के 12 महीनों के दौरान वाणिज्यिक बैंकों के लिए फॉर्म X और शहरी सहकारी बैंकों के लिए फॉर्म IX में भारतीय रिजर्व बैंक को रिपोर्ट की गई कुल संपत्ति (संचित हानियों को छोड़कर, यदि कोई हो) के औसत के रूप में गणना की जाने वाली कार्यशील निधि।

[2]निवल ब्याज आय/औसत कमाई वाली संपत्ति। निवल ब्याज आय ब्याज आय ब्याज व्यय

[3]आस्तियों पर प्रतिलाभ औसत कार्यशील निधियों (अर्थात संचित हानियों को छोड़कर कुल संपत्ति, यदि कोई हो) के संदर्भ में होगा।

[4]प्रति कर्मचारी व्यवसाय (जमा और अग्रिम) की गणना के प्रयोजन के लिए अंतर-बैंक जमा को शामिल नहीं किया जाएगा।व

बी) बैंक एश्यूरेन्स कारोबार

वर्ष के दौरान, बैंक ने विभिन्न बैंक एश्योरेंस उत्पादों/म्यूचुअल फंडों की बिक्री/विपणन पर रु.136.35 करोड़ तक का कमीशन आदि अर्जित किया है (पिछले वर्ष रु.85.01 करोड़)

(₹ करोड़ में)

क्रम सं	आय की प्रकृति	2022-23	2021-22
1	जीवन बीमा पॉलिसी बेचने के लिए	100.37	56.22
2	गैर-जीवन बीमा पॉलिसियों को बेचने के लिए	29.42	26.42
3	अन्य - म्यूचुअल फंड उत्पाद बेचने के लिए	6.56	2.37
	कुल	**136.35**	**85.01**

सी) विपणन और वितरण

बैंक अन्य संस्थाओं (बैंक एश्यूरेंस कारोबार के तहत उत्पादों के अलावा) के किसी भी उत्पाद का विपणन और/या वितरण नहीं करता है। इसलिए, बैंक ने उक्त गतिविधियों से कोई शुल्क/पारिश्रमिक अर्जित नहीं किया है।

डी) प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र उधार प्रमाणपत्र (पीएसएलसी) के संबंध में प्रकटीकरण

वर्ष के दौरान बेची और खरीदी गई पीएसएलसी (श्रेणी-वार) की राशि का प्रकटीकरण किया जाएगा।

(₹ करोड़ में)

क्रम सं	पीएसएलसीश्रेणी	खरीद की स्थिति		बिक्री की स्थिति	
		इकाइयों की संख्या	राशि	इकाइयों की संख्या	राशि
1	पीएसएलसी कृषि	0	0.00	28404	7101.00
2	पीएसएलसी लघु और सीमांत किसान	0	0.00	111612	27903.00
3	पीएसएलसी सामान्य	0	0.00	14684	3671.00
4	पीएसएलसी सूक्ष्म	0	0.00	0	0.00
	कुल	**0**	**0**	**154700**	**38675.00**

ई) प्रावधान और आकस्मिकताएं

(₹ करोड़ में)

लाभ और हानि खाते में डेबिट किया गया प्रावधान	2022-23	2021-22
i) एनपीआई के लिए प्रावधान	405.16	110.51
ii) एनपीए के लिए प्रावधान	6516.22	8446.60
iii) आयकर के लिए किया गया प्रावधान	632.71	-740.59
iv) अन्य प्रावधान और आकस्मिकताएं (विवरण के साथ)		
1. मानक अग्रिम	2294.78	961.57
2. पुनर्रचित अग्रिम	90.75	3.78
3. अन्य	49.30	-9.79
कुल	**9988.92**	**8772.08**

एफ़) वेतन संशोधन (01 नवंबर, 2022 से देय) पर द्विदलीय समझौते का लंबित निपटान, वेतन संशोधन के लिए 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के दौरान 251.80 करोड़ रुपये की तदर्थ राशि प्रदान की गई है।

जी) आईएफआरएस अभिसरण भारतीय लेखा मानकों का कार्यान्वयन (इंड एएस)

I. भारतीय रिजर्व बैंक के अपने पत्र डीबीआर.बीपी.बीसी.सं.76/21.07.001/2015-16 दिनांक 11.02.2016 के निदेशों के अनुसार, बैंक, 1 अप्रैल 2018 से प्रारंभ होने वाली वाली लेखा अवधि के लिए 31 मार्च 2018 को समाप्त पूर्ववर्ती अवधि के तुलनात्मक आंकड़ों के साथ स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय विवरणों के लिए इंड-एएस का अनुपालन करेंगे।

II. आरबीआई ने बैंकों को 30.09.2016 को समाप्त छमाही के लिए इंड-एएस के अनुसार 01.04.2016 के रूप में संक्रमण तिथि के साथ प्रोफार्मा वित्तीय विवरण तैयार करने की सलाह दी और इसे तैयार किया गया और आरबीआई को प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार 30.06.2017 को समाप्त तिमाही के लिए इंड-एएस वित्तीय प्रोफार्मा भी आरबीआई को प्रस्तुत किया गया था।

III. तत्पश्चातब आरबीआई ने सलाह दी कि बैंक 30 जून 2018 को समाप्त तिमाही से शुरू होने वाली प्रत्येक तिमाही के लिए इंड-एएस प्रोफार्मा वित्तीय विवरण प्रस्तुत करें। इसका विधिवत पालन किया गया है।

IV. वित्तीय वर्ष से 2021-22 के बाद, आरबीआई ने सलाह दी कि इंड-एएस प्रोफार्मा वित्तीय विवरण प्रस्तुत करने की आवृत्ति तिमाही से घटाकर अर्धवार्षिक कर दी जाए। उसी का अनुपालन किया गया है। बोर्ड की लेखा परीक्षा समिति और निदेशक मंडल को समय-समय पर इस संबंध में प्रगति से अवगत कराया गया है।

V. आरबीआई की अधिसूचना डीबीआर.बीपी.बीसी.सं.29/21.07.001/2018-19 दिनांक 22 मार्च 2019 के अनुसार, बैंकों में इंड एएस के कार्यान्वयन को अगली सूचना तक के लिए टाल दिया गया है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक को इंड एएस वित्तीय प्रोफार्मा प्रस्तुत करना जारी रखा गया है और बैंक इसका अनुपालन कर रहा है।

एच) डीआईसीजीसी बीमा प्रीमियम का भुगतान

(₹ करोड़ में)

क्रम सं	विवरण	2022-23	2021-22
i)	डीआईसीजीसी बीमा प्रीमियम का भुगतान	732.47	683.68
ii)	डीआईसीजीसी प्रीमियम के भुगतान में बकाया	0.00	0.00

आई) विविध आय में शामिल मद जो कुल आय के 1% से अधिक है

विवरण	वित्तीय वर्ष 2022-23	वित्तीय वर्ष 2021-22
प्रसंस्करण शुल्क	693.04	574.42
अशोध्य ऋणों से वसूली	2177.18	1611.69
पीएसएलसी आय	@@	570.63

@@ वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान पीएसएलसी आय कुल आय का 1% से अधिक हो गई।

टिप्पणी:

i) अनुसूची 16-परिचालन व्यय शीर्ष के अंतर्गत 'अन्य व्यय' उपशीर्ष के अंतर्गत कोई भी मद कुल आय के एक प्रतिशत से अधिक नहीं है।

ii) अनुसूची 5(IV)-अन्य देयताएं और प्रावधान-अन्य (प्रावधानों सहित) या अनुसूची 11(IV)-अन्य संपत्ति-'अन्य' के तहत कोई भी मद कुल संपत्ति के एक प्रतिशत से अधिक नहीं है।

जे) लेखा समाधान एवं समायोजन

I. कुछ पुरानी प्रविष्टियों को छोड़कर अंतर शाखा लेखों का लेखा समाधान 31.03.2023 तक पूरा किया जा चुका है। तत्पश्चात शेष बकाया प्रविष्टियों के समायोजन का कार्य प्रगति पर है।

II. दिनांक 31.03.2022 को अंतर शाखा खाता बकाया में 6 महीने से अधिक अवधि के लिए लेखा समाधान नहीं की गई प्रविष्टियों के संबंध में निवल जमा स्थिति को देखते हुए किसी प्रावधान की जरूरत नहीं है। हालांकि, बैंक अंतर शाखा खाते में 228.01 करोड़ रुपये की सकल डेबिट शेष राशि पर 100% प्रावधान बनाए हुए है, जिसमें वर्ष 2022-23 के दौरान किए गए 5.35 करोड़ रुपये के नए प्रावधान शामिल हैं)

III. देय ड्राफ्टों, समाशोधन समायोजन, विविध प्राप्य राशियों, विविध जमा खातों आदि में तथा भारतीय रिज़र्व बैंक एवं अन्य बैंकों से संबंधित बैंक लेखा समाधानों में पुरानी बकाया प्रविष्टियों के समुचित समायोजन के लिए नियमित समीक्षा की जा रही है।

IV. कुछ शाखाओं में अनुषंगी बहियों/रजिस्टरों का तुलन और सामान्य बहियों के साथ लेखा समाधान का कार्य जारी है। प्रबंधन के मतानुसार, खातों पर उपर्युक्त विषयों का परिणामी प्रभाव बहुत ज्यादा नहीं होगा।

V. वित्त वर्ष 2022-23 के लिए बैंक द्वारा 8.60 रुपये प्रति इक्विटी शेयर यानी प्रदत्त पूंजी का 86% का लाभांश प्रस्तावित है।

VI. बैंक के पास उपलब्ध सूचना के अनुसार, बैंक द्वारा पहचानी गई एमएसएमई इकाइयों को बैंक द्वारा कोई बकाया देय नहीं है, जो एमएसएमईडी अधिनियम, 2006 के तहत निर्धारित समय सीमा से अधिक लंबित है तथा वर्ष के दौरान ऐसी पार्टियों के लिए मूल राशि या उस पर ब्याज के विलंबित भुगतान के संबंध में स्वीकृत देयता का कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।

जहां भी आवश्यक हो, चालू वर्ष के आंकड़ों के अनुरूप बनाने के लिए पिछले वर्ष के आंकड़ों को पुनः वर्गीकृत किया गया है।

स्वतंत्र लेखापरीक्षक की रिपोर्ट

सेवा में,

इंडियन बैंक के सदस्यगण

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा संबंधी रिपोर्ट।

अभिमत

1. हमने इंडियन बैंक के संलग्न स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों का लेखा-जोखा किया है, जिसमें 31 मार्च, 2023 का तुलन-पत्र, इसी वर्ष की समाप्ति पर लाभ और हानि लेखे के विवरण व नकदी प्रवाह विवरण एवं मुख्य लेखांकन नीतियों के सार व निम्नलिखित की तारीख पर समाप्त वर्ष के विवरणियां को समाहित की हुई अन्य व्याख्यात्मक सूचना सहित स्टैंण्डअलोन वित्तीय विवरणों की टिप्पणियों को शामिल किया गया है :

   i) हमारे द्वारा केंद्रीय कार्यालय और उसके विभाग, राजकोष शाखा और 20 भारतीय शाखाओं की लेखा परीक्षा की गई :

   ii) संबंधित सांविधिक शाखा लेखापरीक्षकों द्वारा 1772 भारतीय शाखाओं (जीआईएफ़टी सिटि शाखा सहित) की लेखापरीक्षा की गई और

   iii) संबंधित स्थानीय लेखा परीक्षकों द्वारा 3 विदेशी शाखाओं की लेखापरीक्षा की गई।

   हमारे द्वारा और अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा जिन शाखाओं की लेखापरीक्षा की गई, उनका चयन बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया है। साथ ही, तुलनपत्र, लाभ व हानि लेखों, नकदी प्रवाह में ऐसी 4,362 शाखाओं की विवरणियाँ भी शामिल की गई हैं जो लेखापरीक्षा के अधीन नहीं थीं। वे शाखाएँ जिनका लेखा-परीक्षण नहीं हुआ उनके पास बैंक का 21.99 प्रतिशत अग्रिम, 52.03 प्रतिशत जमाएँ, 15.40 प्रतिशत ब्याज आय एवं 44.79 प्रतिशत ब्याज व्यय है।

2. हमारी राय में, हमारी श्रेष्ठतम जानकारी तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार उपरोक्त स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम, बैंक के लिए आवश्यक तरीके से एवं भारत में आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों की पुष्टि करते हुए, बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 द्वारा अपेक्षित सूचना को प्रदान करते हैं एवं :

   क) तुलन पत्र, टिप्पणियों सहित, 31 मार्च, 2023 को बैंक के मामलों का वास्तविक और निष्पक्ष दृष्टिकोण प्रदान करने की दृष्टि से तैयार किया गया है।

   ख) उस तिथि को समाप्त वर्ष के लाभ और हानि विवरण के मामले में लाभ का वास्तविक शेष और

   ग) समेकित नकदी प्रवाह विवरण उस तिथि को समाप्त वर्ष के नकदी प्रवाह विवरण के मामले में नकदी प्रवाह का वास्तविक और निष्पक्ष दृष्टिकोण दर्शाते है।

अभिमत का आधार

3. हमने अपनी लेखा परीक्षा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी ऑडिटिंग पर मानकों (एसए) के अनुसार संचालित की है। उन मानकों के तहत हमारी जिम्मेदारियों को हमारी रिपोर्ट के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा हेतु लेखापरीक्षक की जिम्मेदारियों अनुभाग में आगे वर्णित किया गया है। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी नैतिक आचार संहिता व साथ ही नैतिक अपेक्षाओं जो हमारे द्वारा वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा के लिए प्रासंगिक हैं, के अनुसार हम बैंक से स्वतंत्र हैं और हमने अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों को इन आवश्यकताओं और आचार संहिता के अनुसार पूरा किया है। हम मानते हैं कि हमने जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किए हैं, वे हमारी राय के लिए आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त हैं।

प्रमुख लेखापरीक्षा तथ्य

4. प्रमुख लेखापरीक्षा तथ्य, वे तथ्य हैं, जो हमारे पेशेवर निर्णय में, 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे। इन तथ्यों पर स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के संदर्भ में और उस पर अपनी राय बनाने में समग्र रूप से चर्चा की गई थी, इसलिए इन तथ्यों पर हम अलग से राय प्रदान नहीं करते हैं। हमने नीचे वर्णित तथ्यों को अपनी रिपोर्ट में संप्रेषित किए जानेवाले प्रमुख लेखापरीक्षा तथ्य के रूप में निर्धारित किया है:

क्र. सं.	प्रमुख लेखापरीक्षा तथ्य	लेखापरीक्षा में मुख्य लेखापरीक्षा तथ्य को किस रूप में स्वीकार किया गया था
1.	**अग्रिमों का वर्गीकरण, आय की पहचान, अनर्जक अग्रिमों की पहचान और प्रावधान (नोट नं. 4 देखें)** बैंक का निवल अग्रिम कुल संपत्ति का 63.24% है, जो स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। आय की पहचान और आस्ति वर्गीकरण (आईआरएसी) संबंधी भारतीय रिजर्व बैंक के ('आरबीआई') दिशानिर्देशों में अनर्जक आस्तियों (एनपीए) की पहचान और वर्गीकरण के लिए विवेकपूर्ण मानदंड और ऐसी आस्तियों के लिए आवश्यक न्यूनतम प्रावधान निर्धारित किए जाते हैं। अर्जक और अनर्जक अग्रिमों की पहचान में उचित पद्धतियां शामिल है। बैंक के अग्रिमों से संबंधित सभी लेनदेन का ब्यौरा उसकी सूचना प्रौद्योगिकी प्रणालियों (आईटी सिस्टम) में है जो अग्रिम के अर्जक या अनर्जक होने की स्थिति को चिन्हित, उसके एनपीए वर्गीकरण और प्रावधान की गणना भी करता है। इन अग्रिमों का वहन मूल्य (प्रावधानों का निवल) भौतिक रूप से गलत बताया जा सकता है, यदि व्यक्तिगत रूप से या कुल मिलाकर, आईआरएसी मानदंडों का ठीक से पालन नहीं किया जाता है। लेन-देन की प्रकृति, विनियामक अपेक्षाएँ, मौजूदा कारोबारी माहौल, प्रतिभूतियों के मूल्यांकन में शामिल अनुमान/निर्णय को ध्यान में रखते हुए, यह स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के इच्छित उपयोगकर्ताओं के लिए उच्च महत्व का मामला है इसलिए हमने एनपीए की पहचान और प्रावधान को एक प्रमुख लेखापरीक्षा तथ्य के रूप में सुनिश्चित किया है।	**नियंत्रण के परीक्षण** ऋणों की स्वीकृति, अभिलेख और निगरानी, अतिदेय ऋणों की निगरानी प्रक्रिया, प्रावधानों की गणना, एनपीए खातों की पहचान और प्रत्यावर्तन आय से संबंधित प्रमुख आंतरिक नियंत्रणों के डिजाइन, कार्यान्वयन और संचालन प्रभावशीलता का आकलन, तथा प्रबंधन सूचना (अतिदेय रिपोर्ट सहित) की विश्वसनीयता का आकलन। **वस्तुपरक परीक्षण** ऋण खातों का नमूना जिसमें बड़े/दबावग्रस्त अग्रिम शामिल थे और हमें आवंटित शीर्ष शाखाओं में नमूना आधार पर कुछ अन्य अग्रिम लिए गए थे, तथा ऐसे नमूनों में हमने निम्नलिखित जांच की: • आय की पहचान के लिए सिस्टम में डेटा इनपुट की सटीकता और अर्जक या अनर्जक अग्रिम के रूप में पहचान। • चयनित अर्जक अग्रिमों का वर्गीकरण सही ढंग से किया गया था या नहीं यह जानने के लिए स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन किया गया। • इन पार्टियों के बारे में उपलब्ध स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों, संपार्श्विक मूल्यांकन और अन्य गुणात्मक जानकारी की समीक्षा की गई। • आईआरएसी मानदंडों के अनुरूप एनपीए प्रावधानों और आय के प्रत्यावर्तन की गणना के विवरण का परीक्षण। • आरबीआई के दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए बैंक द्वारा निर्धारित उधारकर्तावार एनपीए पहचान की जाँच की गई। • आरबीआई के मानदंडों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न श्रेणियों के ऋणों के लिए मानक अग्रिमों के प्रावधानों की जाँच की गई। • एनपीए की निगरानी और समय पर रिपोर्टिंग में आंतरिक लेखापरीक्षा, समवर्ती लेखापरीक्षा, सिस्टम लेखापरीक्षा आदि जैसे निगरानी तंत्र की मौजूदगी और प्रभावशीलता। • अन्य सांविधिक शाखा लेखापरीक्षकों की लेखापरीक्षा रिपोर्टों पर भी भरोसा किया जाता है, जिनकी हमने जांच की है और प्रासंगिक टिप्पणियों पर विचार किया है।

2.	**निवेशों का वर्गीकरण और मूल्यांकन, अनर्जक निवेशों की पहचान और प्रावधान** • निवेश में बैंक द्वारा विभिन्न सरकारी प्रतिभूतियों, बांडों, डिबेंचर, शेयरों, प्रतिभूति रसीदों तथा परिपक्वता तक धारित, बिक्री के लिए उपलब्ध और व्यापार के लिए धारित श्रेणियों के तहत वर्गीकृत अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां शामिल हैं। • निवेश बैंक की कुल संपत्ति का 26.18 प्रतिशत है। ये भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के परिपत्रों और निर्देशों द्वारा शासित होते हैं। आरबीआई के इन निर्देशों में अन्य बातों के साथ-साथ निवेश का मूल्यांकन, निवेश का वर्गीकरण, अनर्जक निवेश की पहचान, आय की संबंधित गैर-मान्यता और उसके सापेक्ष प्रावधान शामिल हैं। • पूर्वोक्त प्रतिभूतियों की प्रत्येक श्रेणी (प्रकार) का मूल्यांकन आरबीआई द्वारा जारी परिपत्रों और निर्देशों में निर्धारित पद्धति के अनुसार किया जाना है जिसमें विभिन्न स्रोतों से डेटा/सूचना का संग्रह शामिल है जैसे कि एफआईएमएमडीए दरें, बीएसई/एनएसई पर उद्धृत दरें, गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के वित्तीय विवरण आदि। मूल्यांकन, लेन-देन की मात्रा, निवेश और नियामक फोकस की मात्रा में शामिल निर्णय की जटिलताओं और सीमा को ध्यान में रखते हुए, इसे एक प्रमुख लेखापरीक्षा तथ्य के रूप में निर्धारित किया गया है। तदनुसार, हमारी लेखापरीक्षा निवेशों के मूल्यांकन, वर्गीकरण, अनर्जक निवेशों की पहचान और निवेश से संबंधित प्रावधानीकरण पर केंद्रित थी।	आरबीआई के परिपत्रों/निर्देशों के संदर्भ में निवेश के प्रति हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में आंतरिक नियंत्रणों के डिजाइन, परिचालन प्रभावशीलता तथा अनर्जक निवेशों के मूल्यांकन, वर्गीकरण, पहचान और निवेशों से संबंधित प्रावधान/मूल्यह्रास के संबंध में स्वतंत्र लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं की समीक्षा और परीक्षण शामिल थे। विशेष रूप से, 1) हमने अनर्जक निवेशों के मूल्यांकन, वर्गीकरण और पहचान, निवेश से संबंधित प्रावधान/मूल्यह्रास के संबंध में आरबीआई दिशानिर्देशों का पालन करने के लिए बैंक की आंतरिक नियंत्रण प्रणाली का मूल्यांकन किया और उसे समझा। 2) हमने इन निवेशों के उचित मूल्य के निर्धारण हेतू विभिन्न स्रोतों से जानकारी एकत्र करने के लिए अपनाई गई प्रक्रिया का आकलन और मूल्यांकन किया। 3) निवेश के चयनित नमूने के लिए, हमने प्रतिभूति की प्रत्येक श्रेणी का पुनर्मूल्यांकन कर आरबीआई मास्टर परिपत्रों और निर्देशों की सटीकता एवं अनुपालन का परीक्षण किया। नमूनों का चयन यह सुनिश्चित करने के बाद किया गया था कि निवेश की सभी श्रेणियों (प्रतिभूति की प्रकृति के आधार पर) के नमूने शामिल हैं। 4) हमने एनपीआई की पहचान की प्रक्रिया व आय के संबंधित प्रत्यावर्तन एवं और प्रावधान के निर्माणों का निर्धारण और मूल्यांकन किया; 5) हमने भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्रों और निदेशों के अनुसार अनुरक्षित प्रावधान और प्रदान किए जाने वाले मूल्यह्रास को स्वतंत्र रूप से पुनर्गणना करने के लिए वास्तविक लेखा परीक्षा प्रक्रियाएं कीं। तदनुसार, हमने प्रत्येक श्रेणी के निवेश से नमूनों का चयन किया और आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार एनपीआई के लिए परीक्षण किया और एनपीआई के उन चयनित नमूनों के लिए भारतीय रिजर्व बैंक परिपत्र के अनुसार अनुरक्षित प्रावधान की पुनर्गणना की; 6) उक्त भारतीय रिजर्व बैंक के परिपत्र/निदेशों के अनुसार प्रस्तुतिकरण और प्रकटीकरण आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, हमने निवेश एप्लिकेशन सॉफ़्टवेयर और वित्तीय विवरण तैयार करने वाले सॉफ़्टवेयर के बीच निवेश की मैपिंग का परीक्षण किया।

5. स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों एवं लेखापरीक्षक की रिपोर्ट से इतर अन्य सूचना

अन्य सूचना के लिए बैंक का निदेशक मंडल जिम्मेदार है। अन्य सूचना में कॉर्पोरेट अभिशासन रिपोर्ट शामिल होती है जिसे हमने इस रिपोर्ट के साथ जारी किया है (किंतु इसमें स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण एवं हमारी लेखापरीक्षा रिपोर्ट शामिल नहीं होते)। वार्षिक रिपोर्ट में संलग्न अनुबंधों सहित, यदि कोई हो, निदेशकों की रिपोर्ट को हमें इस लेखापरीक्षक रिपोर्ट की दिनांक के पश्चात उपलब्ध करवाया जाना अपेक्षित है।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर हमारी राय अन्य सूचना एवं बेसल III के तहत पिल्लर 3 के प्रकटीकरणों को कवर नहीं करती है तथा उस पर हमारे द्वारा किसी भी प्रकार का आश्वासन/परिणाम व्यक्त नहीं किया जाता और ना ही ऐसा किया जाएगा।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर हमारी लेखापरीक्षा के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी अन्य सूचना को पढ़ना एवं ऐसा करते हुए यह विचार करना है कि क्या अन्य सूचना स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों या लेखापरीक्षा के दौरान निर्मित हुई हमारी समझ से भौतिक तौर पर असंगत है या अन्यथा भौतिक रूप से गलत प्रतीत होती है।

जब हम बैंक के निदेशकों की रिपोर्ट को वार्षिक रिपोर्ट में संलग्न अनुबंधों के साथ, यदि कोई हो, पढ़ते हैं, यदि हम यह निर्णय देते हैं कि उक्त में भौतिक असंगतता है, तो हमारे द्वारा यह तथ्य अभिशासन प्रभारी को बताया जाना अपेक्षित है

6. स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण के लिए प्रबंधन व अभिशासन प्रभारी का उत्तरदायित्व :

बैंक के निदेशक मंडल, भारत के सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखा मानक में निर्धारित मान्यता और माप सिद्धांतों, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के प्रावधान सहित भारत में आमतौर पर स्वीकृत अन्य लेखा सिद्धांतों और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी किए गए परिपत्र व दिशानिर्देशों के अनुसार इन स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों को तैयार करने के लिए जिम्मेदार हैं जो वित्तीय स्थिति, वित्तीय कार्य-निष्पादन और बैंक में नकदी प्रवाह को सटीक और निष्पक्ष रूप से दर्शाते हैं। इस उत्तरदायित्व में, अधिनियम के प्रावधान के अनुपालन में बैंक की आस्तियों को सुरक्षित रखने तथा धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं का पता लगाने एवं रोकने; उचित लेखांकन नीतियों का चयन एवं उन्हें लागू करने; उचित और विवेकपूर्ण निर्णय एवं आंकलन के लिए पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड को बनाए रखने और लेखांकन रेकॉर्ड की सटीकता व संपूर्णता को सुनिश्चित करने हेतु प्रभावी तौर पर परिचालित पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों को निर्मित करना, लागू करना एवं बनाए रखना शामिल है जोकि स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों के निर्माण, प्रस्तुतीकरण हेतु प्रासंगिक है जो सत्य और निष्पक्षता दर्शाते हैं और किसी प्रकार के महत्वपूर्ण मिथ्याकथन, चाहे वह कपट अथवा त्रुटिवश हो, से मुक्त हैं, शामिल हैं।

स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण को तैयार करने में प्रबंधन का यह दायित्व होता है कि वह बैंक के कार्यशील संस्था के रूप में कार्य जारी करने की योग्यता का मूल्यांकन करें, कार्यशील संस्था से संबन्धित मामलों में यथाप्रयोज्य प्रकटन करें, लेखांकन का कार्यशील संस्था आधार पर प्रयोग करें जब तक कि प्रबंधन का इरादा बैंक के परिसमापन अथवा परिचालनों को बंद करने का न हो या ऐसा करने का कोई व्यावहारिक विकल्प न हो।

निदेशक मंडल बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की निगरानी के लिए भी उत्तरदायी है।

7. **स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण की लेखापरीक्षा के लिए लेखापरीक्षक का उत्तरदायित्व**

हमारा लक्ष्य, वार्षिक स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों भौतिक त्रुटियों, चाहे वे धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण ही हो, से पूर्णतः मुक्त है पर उचित आश्वासन प्राप्त करना है तथा हमारी राय सहित लेखापरीक्षक की रिपोर्ट प्रदान करना है। उचित आश्वासन उच्चकोटि का आश्वासन है लेकिन यह गारंटी नहीं है कि एसए के अनुपालन में की गई लेखापरीक्षा त्रुटि उत्पन्न होने पर हमेशा ही इन्हें पहचान सकेगी। धोखाधड़ी या गलतियों से मिथ्याकथन आ सकते हैं तथा एकल या सकल रूप में उपयोगकर्ताओं द्वारा इन वार्षिक स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों के आधार पर लिए गए आर्थिक निर्णयों को प्रभावित कर सकते हैं।

एसए के अनुपालन में हम पेशेगत निर्णय देते हैं तथा लेखापरीक्षा करते समय पेशेगत संशयात्मकता बनाए रखते हैं। हम यह भी :

- स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण की भौतिक त्रुटियों, चाहे वह धोखाधड़ी के कारण हो या किसी भूलवश, के जोखिम का आंकलन तथा पहचान करना और संरचना एवं इन जोखिमों के उत्तरदायित्व के लिए लेखापरीक्षण करना तथा हमारी राय प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित लेखासाक्ष्य प्राप्त करना। भौतिक त्रुटियों में धोखाधड़ी के कारण हुई गलती की पहचान न हो पाना, भूलवश हुई त्रुटि से बड़ा जोखिम है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जालसाजी, साभिप्राय चूक, मिथ्या निरूपण या आंतरिक नियंत्रण की अवहेलना शामिल हो सकता है।
- परिस्थिति के अनुसार उपयुक्त लेखापरीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन करने के लिए लेखापरीक्षा से संबंधित आंतरिक नियंत्रण की समझ प्राप्त करें।
- प्रयुक्त लेखांकन नीतियों के औचित्य एवं लेखांकन अनुमानों व प्रबंधन द्वारा किए गए संबंधित प्रकटीकरण की तर्कसंगतता का मूल्यांकन करना।
- लेखा एवं प्राप्त लेखा साक्ष्यों के आधार पर प्रबंधन, कार्यशील संस्था के उपयोग के औचित्य पर निष्कर्ष निकालना कि क्या घटनाओं या स्थितियों में भौतिक अनिश्चितता है जो समूह तथा इसके सहयोगियों को कार्यशील संस्था बने रहने में संदेह उत्पन्न करती हैं। यदि हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि अनिश्चितता है, तो यह हमारे लिए आवश्यक है कि स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों में प्रकटीकरण के संबंध में अपनी लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में ध्यान आकर्षित करें अथवा यदि प्रकटीकरण अपर्याप्त हो तो अपनी राय में परिवर्तन करें। हमारे निष्कर्ष हमारी लेखापरीक्षा की रिपोर्ट की तिथि तक प्राप्त लेखा साक्ष्यों के आधार पर होते हैं। हालांकि, भविष्य की घटनाएँ एवं स्थितियाँ बैंक को कार्यशील संस्था बने रहने से रोक सकती हैं।
- प्रकटीकरण सहित स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों की संरचना, सामग्री तथा सम्पूर्ण प्रस्तुतीकरण का मूल्यांकन करना और इसका भी जायजा लेना कि क्या स्टैण्डअलोन वित्तीय विवरणों में अंतर्निहित लेन-देन एवं घटनाएँ उचित प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत करती है।

भौतिकता स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में गलत बयानों का परिमाण है, जो व्यक्तिगत रूप से या समग्र रूप से, जो वित्तीय विवरणों के उचित जानकार उपयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय को समांकित रूप से प्रभावित कर सकता है। हम (i) अपने लेखा परीक्षा कार्य के दायरे की योजना बनाने और अपने काम के परिणामों का मूल्यांकन करने के लिए; और (ii) स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों में किसी भी पहचाने गए गलत विवरण के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए मात्रात्मक भौतिकता और गुणात्मक कारकों पर विचार करते हैं।

हमने अभिशासकों को, अन्य मामलों के मध्य, लेखापरीक्षा का योजनाबद्ध ढांचा व समय एवं लेखापरीक्षा के दौरान आंतरिक नियंत्रण में हमारे द्वारा पाई गई किसी महत्वपूर्ण कमी सहित लेखापरीक्षा के महत्वपूर्ण परिणामों का विवरण प्रदान किया है।

हमने अभिशासकों को ऐसा विवरण भी प्रदान किया है कि हमने स्वतंत्रता संबंधी प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन किया है तथा हम उन्हें ऐसे संबंध एवं अन्य मामले भी सूचित करते हैं, जो हमारी स्वतंत्रता से संबन्धित होते हैं और सुरक्षा के संबंध में लागू होते हैं।

अभिशासकों को संप्रेषित किए गए मामलों में से हम उन मामलों का निर्धारण करते हैं जो वर्तमान अवधि के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा में सबसे महत्वपूर्ण थे और इसलिए वे प्रमुख लेखापरीक्षा मामले हैं। हम अपनी लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में इन मामलों का वर्णन करते हैं जब तक कि कानून या विनियमन मामले के बारे में सार्वजनिक प्रकटीकरण को रोकता नहीं है या जब, अत्यंत दुर्लभ परिस्थितियों में, हम यह निर्धारित करते हैं कि मामले को हमारी रिपोर्ट में संप्रेषित नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने से होने वाले प्रतिकूल परिणामों से इस तरह के संचार के सार्वजनिक हित के लाभों से अधिक होने की उम्मीद की जाएगी।

अन्य मामले

8. हमने बैंक के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों/सूचना में शामिल उन 1775 शाखाएं (जिनमें से 178 प्रसंस्करण केंद्र हैं) के वित्तीय विवरणों की लेखापरीक्षा नहीं की है, जिनके वित्तीय विवरण/वित्तीय जानकारी 31 मार्च, 2023 को ₹2,45,986.51 करोड़ की कुल संपत्ति एवं 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए ₹14,994.16 करोड़ का कुल राजस्व, जोकि स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण में माना गया है, दर्शाते हैं। ये शाखाएं और प्रसंस्करण केंद्र 31 मार्च 2023 को 41.46% अग्रिम, 46.57% जमा और 57.25% अनर्जक आस्ति और 31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए राजस्व का 28.79% कवर करते हैं। इन शाखाओं के वित्तीय विवरणों/सूचना की लेखा परीक्षा शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा की गई है, जिनकी रिपोर्ट हमें प्रस्तुत की गई है, और जहां तक इन शाखाओं से संबंधित राशि और प्रकटीकरण की बात है तो हमारी राय पूरी तरह से ऐसी शाखाओं की लेखापरीक्षा करने वाले लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।

   उपरोक्त मामलों के संबंध में हमारी राय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

9. 31 मार्च, 2022 को समाप्त पिछले वर्ष के लिए बैंक के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा संयुक्त लेखा परीक्षकों द्वारा की गई, जिनमें से दो पूर्ववर्ती लेखापरीक्षा फर्म हैं और उन्होंने दिनांक 11.05.2022 की रिपोर्ट में ऐसे वित्तीय परिणामों पर अपरिवर्तित राय व्यक्त की थी।

अन्य विधिक और विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट

10. बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 29 के अनुसार तुलन-पत्र और लाभ एवं हानि लेखा बनाए गए हैं।

11. उपरोक्त 7 से 9 तक पैराग्राफों में संकेतित लेखापरीक्षा सीमाओं के अध्यधीन और बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम 1970/1980 की अपेक्षानुसार और उसमें अपेक्षित प्रकटीकरण की सीमाओं के अध्यधीन, हम रिपोर्ट करते हैं कि

(ए) हमने सभी जानकारी व स्पष्टीकरण प्राप्त किए हैं, जोकि हमारी श्रेष्ठतम जानकारी व विश्वास के अनुसार हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजनार्थ आवश्यक थे और हमने उन्हें संतोषजनक पायाः

(बी) बैंक के लेन-देन जोकि हमारे समक्ष आए हैं बैंक के अधिकारों के भीतर ही हैं और

(सी) कार्यालयों एवं शाखाओं तथा बैंक के कार्यालयों से प्राप्त विवरणियाँ हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजनार्थ पर्याप्त पाए गए हैं।

12. आरबीआई के पत्र सं. डीओएस.एआरजी. सं. 6270/08.91.001/2019-20 दिनांक 17 मार्च, 2020 (यथा संशोधित), की अपेक्षानुसार हम रिपोर्ट करते हैं कि

(ए) हमारी राय में, उपरोक्त स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण आईसीएआई द्वारा जारी किए गए लागू लेखा मानकों का अनुपालन करते हैं, जहां तक कि वे आरबीआई द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के साथ असंगत नहीं हैं।

(बी) वित्तीय लेनदेन या मामलों पर कोई अवलोकन या टिप्पणी नहीं है जिसका बैंक के कामकाज पर कोई प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

(सी) निदेशकों की अयोग्यता से संबंधित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164(2), बैंक पर लागू नहीं है।

(डी) खातों के रखरखाव और उससे जुड़े अन्य मामलों से संबंधित कोई प्रतिबन्ध, छिपाव या प्रतिकूल टिप्पणी नहीं है।

(ई) वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता और परिचालन प्रभावशीलता पर हमारी लेखा परीक्षा रिपोर्ट इस रिपोर्ट के अनुबंध ए में दी गई है। हमारी रिपोर्ट 31 मार्च, 2023 को वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर एक अपरिवर्तित अभिमत व्यक्त करती है।

13. हम आगे रिपोर्ट करना चाहते है कि,

(ए) हमारी राय में, विधि द्वारा अपेक्षित खाते की उचित बही बैंक द्वारा रखी गई हैं जहां तक यह उन बाहियों की हमारी जांच से प्रकट होता है और हमारे लेखा परीक्षा के उद्देश्यों के लिए पर्याप्त रिटर्नस को हमारे द्वारा दौरा न कि गई शाखाओं से प्राप्त कर लिया गया है।

(बी) इस रिपोर्ट में प्रदर्शित स्टैंडअलोन तुलन पत्र, स्टैंडअलोन लाभ एवं हानि लेखे और स्टैंडअलोन नकदी प्रवाह के विवरण बही खातों और शाखाओं द्वारा प्राप्त रिटर्नस जहां हमने दौरा नहीं किया है, के अनुसार हैं।

(सी) बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 29 के अधीन शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा 1,772 शाखा कार्यालयों के खातों की रिपोर्ट जो लेखा परीक्षित किये हैं, हमें भेजी गई हैं और हमने इस रिपोर्ट को तैयार करते समय इनकी उचित रूप से जाँच की है; और

(डी) हमारी राय में तुलन पत्र, लाभ व हानि लेखा तथा नकदी प्रवाह विवरण प्रयोज्य लेखाकरण मानकों का अनुपालन इस हद तक करते हैं कि वे भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित लेखांकन नीतियों के साथ असंगत नहीं हैं।

कृते पी के एफ श्रीधर एण्ड संथानम एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या: 003990S/S200018
पी देवी
पार्टनर
(सदस्यता संख्या 223137)
यूडीआईएन सं.: 23223137BGYLQA7492

कृते जी नटेसन एण्ड को.
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या: 002424S
वी मार्गसहायम
पार्टनर
(सदस्यता संख्या 020555)
यूडीआईएन सं.: 23020555BGWSZP9058

कृते एसएआरसी एण्ड एसोसियट्स
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या: 006085N
चेतन ठक्कर
पार्टनर
(सदस्यता संख्या 114196)
यूडीआईएन सं.: 23114196BGUMBA4340

कृते कैलाश चंद जैन एण्ड को.
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 112318W
संदीप के जैन
पार्टनर
(सदस्यता संख्या 110713)
यूडीआईएन सं.: 23110713BGYQGS4467

कृते एस सिंघल एण्ड को.
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 001526C
मुकेश कुमार खंडेलवाल
पार्टनर
(सदस्यता संख्या 074661)
यूडीआईएन सं.: 23074661BGXKJF3602

हस्ताक्षर का स्थानः चेन्नै
रिपोर्ट की तिथिः 8 मई, 2023

अनुलग्नक ''ए'' स्वतंत्र लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के लिए

(समति की हमारी रिपोर्ट के 'अन्य विधिक एवं विनियामक आवश्यकताओं पर रिपोर्ट' अनुभाग के तहत पैराग्राफ12(e) में संदर्भित)

भारतीय रिजर्व बैंक ('आरबीआई') के पत्र डीओएस.एआरजी.सं.6270/08.91.001/2019-20 दिनांक 17 मार्च, 2020(संशोधित) द्वारा अपेक्षित वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट ('आरबीआई द्वारा सूचित')

हमने, 31 मार्च, 2023 तक इंडियन बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा की है जो उस तारीख को समाप्त वर्ष के लिए बैंक के स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों की हमारी लेखापरीक्षा के साथ है, जिसमें बैंक की शाखाओं की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण शामिल हैं।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लिए प्रबंधन का उत्तरदायित्व

बैंक का प्रबंधन संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा पर भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षाके मार्गदर्शन नोट में बताए गए आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए बैंक द्वारा निर्धारित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंडों पर आंतरिक नियंत्रण के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है। इन जिम्मेदारियों में बैंक की नीतियों के अनुपालन में अपनी संपत्ति की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की रोकथाम और पता लगाने सहित अपने व्यवसाय के व्यवस्थित और कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम कर रहे पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव, बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी परिपत्रों और दिशानिर्देशों के अनुसार अपेक्षित, व लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता एवं विश्वसनीय वित्तीय जानकारी की समय पर तैयारी भी शामिल है।

लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारी

हमारी जिम्मेदारी हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर एक राय व्यक्त करना है। हमने भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान ('आईसीएआई') द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शन नोट ('मार्गदर्शन नोट') तथा आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की लेखापरीक्षा के लिए लागू ''आईसीएआई'' द्वारा जारी ऑडिटिंग (एसएएस) पर मानकों के अनुपालन में लेखा परीक्षा की है। उन मानकों और मार्गदर्शन नोट की अपेक्षा होती है कि हम नैतिक आवश्यकताओं का अनुपालन करें और इस बारे में उचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए योजना बनाएं और लेखा परीक्षा करें कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित किया और बनाए रखा गया था और क्या ऐसे नियंत्रण सभी भौतिक मामलों में प्रभावी ढंग से संचालित होते हैं।

हमारी लेखा परीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की पर्याप्तता और उनके परिचालन की प्रभावशीलता के बारे में लेखा परीक्षा संबंधी साक्ष्य प्राप्त करने के लिए कार्य-निष्पादन प्रक्रियाएं शामिल हैं। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करना, जोखिम का आकलन करना कि क्या भौतिक कमी मौजूद है, और मूल्यांकन किए गए जोखिम के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के डिजाइन और परिचालन की प्रभावशीलता का परीक्षण और मूल्यांकन करना शामिल है। चयनित प्रक्रियाएं लेखापरीक्षक के निर्णय पर निर्भर करती हैं, जिसमें मानक वित्तीय विवरणों के महत्वपूर्ण गलत विवरण, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, के जोखिमों का आकलन शामिल है।

हम मानते हैं कि हमने जो लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त किया है और शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य, नीचे दिए गए अन्य मामलों के पैराग्राफ में संदर्भित उनकी रिपोर्ट के अनुसार, बैंक की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर हमारी लेखा परीक्षा राय के लिए एक आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ

वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसे वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता और आम तौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार बाहरी उद्देश्यों के लिए स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण तैयार करने के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर बैंक के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल हैं जो (1) उन अभिलेखों के रखरखाव से संबंधित है, जो उचित विवरण में, बैंक की परिसंपत्तियों के लेन-देन और स्वभाव को सटीक और निष्पक्ष रूप से दर्शाते हैं; (2) उचित आश्वासन प्रदान करें कि लेन-देन को आम तौर पर स्वीकृत लेखा सिद्धांतों के अनुसार स्टैंडअलोन वित्तीय विवरण तैयार करने की अनुमति देने के लिए आवश्यक रूप से दर्ज किया गया है, और बैंक की प्राप्तियां और व्यय केवल बैंक के प्रबंधन और निदेशकों के प्राधिकरणों के अनुसार किए जा रहे हैं; तथा (3) बैंक की परिसंपत्तियों के अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग या निपटान की रोकथाम या समय पर पता लगाने के संबंध में उचित आश्वासन प्रदान करना, जिसका स्टैंडअलोन वित्तीय विवरणों पर महत्वपूर्ण प्रभाव हो सकता है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की अंतर्निहित सीमाएं

मिलीभगत की संभावना या प्रबंधन द्वारा नियंत्रणों का अनुचित ढंग से अधिरोहण शामिल है, त्रुटि या धोखाधड़ी सहित वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं के कारण विवरण गलत हो सकते हैं और उनका पता नहीं लगाया जा सकता है। इसके अलावा, भविष्य की किसी भी अवधि के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के किसी भी मूल्यांकन का अनुमान जोखिम के अधीन हैं जोकि वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण शर्तों में बदलाव के कारण अपर्याप्त हो सकता है, या यह कि नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन की स्थिति बिगड़ सकती है।

अभिमत

हमारी राय में, और हमारी सर्वात्तम जानकारी के अनुसार और हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुसार और नीचे दिए गए अन्य मामलों के पैराग्राफ्फ में संदर्भित शाखा लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों पर विचार के आधार पर, सभी प्रत्यक्ष मामलों में बैंक के पास वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण उपलब्ध हैं तथा वित्तीय रिपोर्टिंग पर ऐसे आंतरिक वित्तीय नियंत्रण 31 मार्च, 2022 तक प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे, जिन्हें बैंक द्वारा आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों को शामिल करते हुए भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखापरीक्षा पर मार्गदर्शन नोट के अनुसार वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण के मानदंडों के आधार पर स्थापित किया गया था।

अन्य मामले

हमारी पूर्वोक्त रिपोर्ट जोकि 1772 शाखाओं की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के परिचालन की प्रभावशीलता से संबंधित है, उन शाखाओं के संबंधित शाखा लेखा परीक्षकों की संबंधित रिपोर्टों पर आधारित है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के हमारे परीक्षण के दौरान और शाखा लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर, हमारे द्वारा कुछ मामलों पर ध्यान दिया गया। बैंक को मौजूदा जोखिम नियंत्रण मैट्रिक्स (आरसीएम) में बदलाव और कुछ और आरसीएम डिजाइन करने सहित प्रक्रिया को और मजबूत करने की जरूरत है।

इस मामले में हमारी राय में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

कृते पी के एफ श्रीधर एण्ड संथानम एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या: 003990S/S200018
पी देवी
पार्टनर
(सदस्यता संख्या 223137)
यूडीआईएन सं.: 23223137BGYLQA7492

कृते जी नटेसन एण्ड को.
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या: 002424S
वी मार्गसहायम
पार्टनर
(सदस्यता संख्या 020555)
यूडीआईएन सं.: 23020555BGWSZP9058

कृते एसएआरसी एण्ड एसोसियट्स
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या: 006085N
चेतन ठक्कर
पार्टनर
(सदस्यता संख्या 114196)
यूडीआईएन सं.: 23114196BGUMBA4340

कृते कैलाश चंद जैन एण्ड को.
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 112318W
संदीप के जैन
पार्टनर
(सदस्यता संख्या 110713)
यूडीआईएन सं.: 23110713BGYQGS4467

कृते एस सिंघल एण्ड को.
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 001526C
मुकेश कुमार खंडेलवाल
पार्टनर
(सदस्यता संख्या 074661)
यूडीआईएन सं.: 23074661BGXKJF3602

हस्ताक्षर का स्थानः चेन्नै
रिपोर्ट की तिथिः 8 मई, 2023

समेकित तुलन पत्र लाभ एवं हानि लेखा और अनुसूचियां

31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित तुलन पत्र

(₹ करोड़ में)

विवरण	अनु. सं.	31.03.2023 तक (लेखापरीक्षित)	31.03.2022 तक (लेखापरीक्षित)
पूंजी और देयताएं			
पूंजी	1	1245.44	1245.44
आरक्षितियां और अधिशेष	2	48261.38	43706.49
अल्पांश ब्याज	2 ए	26.19	24.98
जमाएं	3	621123.23	593570.88
उधार	4	22092.42	17217.52
अन्य देयताएं एवं प्रावधान	5	20585.34	18331.12
कुल		**713334.00**	**674096.43**
आस्तियां			
भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ नकदी और शेष	6	32692.73	58554.66
बैंकों के साथ शेष और मांग तथा अल्प सूचना पर प्राप्य धनराशियाँ	7	17524.10	21413.56
निवेश	8	188366.28	176501.61
अग्रिम	9	449293.95	389186.07
अचल आस्तियां	10	7480.67	7698.91
अन्य आस्तियां	11	17976.27	20741.62
कुल		**713334.00**	**674096.43**
आकस्मिक देयताएं	12	381370.21	356020.02
वसूली के लिए बिल	-	16082.16	14144.89

एस.एल. जैन
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

आशुतोष चौधरी
कार्यपालक निदेशक

महेश कुमार बजाज
कार्यपालक निदेशक

अश्वनी कुमार
कार्यपालक निदेशक

इमरान अमीन सिद्दीकी
कार्यपालक निदेशक

निदेशक

मारुति प्रसाद तंगिराला
सरकार द्वारा नामित निदेशक

आदित्य गेहा
आरबीआई द्वारा नामित निदेशक

डॉ. भरत कृष्ण शंकर
शेयरधारक निदेशक

पापिया सेनगुप्ता
शेयरधारक निदेशक

बालमुकुंद सहाय
अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक

विश्वेश कुमार गोयल
अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक

सांविधिक केंद्रीय लेखापरीक्षक

कृते पी के एफ श्रीधर एण्ड संथानम एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 003990एस/एस200018
पी. देवी
पार्टनर
(सदस्यता संख्या 223137)
यूडीआईएन सं.: 23223137BGYLPZ9651

कृते जी नटेसन एण्ड को.
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 002424एस
वी मार्गसहायम
पार्टनर
(सदस्यता संख्या 020555)
यूडीआईएन सं.: 23020555BGWSZO2165

कृते एसएआरसी एण्ड एसोसियट्स
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 006085एन
चेतन ठक्कर
पार्टनर
(सदस्यता संख्या 114196)
यूडीआईएन सं.: 23114196BGUMAZ2710

कृते कैलाश चंद जैन एण्ड को.
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 112318डब्ल्यु
संदीप के जैन
पार्टनर
(सदस्यता संख्या 110713)
यूडीआईएन सं.: 23110713BGYQGR5630

कृते एस सिंघल एण्ड को.
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 001526सी
मुकेश कुमार खंडेलवाल
पार्टनर
(सदस्यता संख्या 074661)
यूडीआईएन सं.: 23074661BGXKJE6824

स्थान : चेन्नै
दिनांक : 08.05.2023

31 मार्च 2023 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित लाभ व हानि लेखा

(₹ करोड़ में)

विवरण	अनु. सं.	31.03.2023 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित)	31.03.2022 को समाप्त वर्ष (लेखापरीक्षित)
I. आय:			
अर्जित ब्याज	13	44985.16	38888.44
अन्य आय	14	7804.50	7379.71
कुल		**52789.66**	**46268.15**
II. व्यय			
व्यय किया गया ब्याज	15	24717.29	22129.25
परिचालनगत व्यय	16	12724.76	11353.54
प्रावधान एवं आकस्मिकतायें	-	10017.13	8791.47
कुल		**47459.18**	**42274.26**
III. समूह से संबद्ध अवधि हेतु समेकित लाभ/(हानि)		**5330.48**	**3993.89**
सहयोगियों में आय का अंश		243.04	150.30
अवधि के लिए अल्पांश ब्याज सहित समेकित लाभ/(हानि)		**5573.52**	**4144.19**
घटाएं: अल्पांश संख्यक ब्याज		1.21	2.38
अवधि हेतु समूह से संबद्ध समेकित लाभ/(हानि)		5572.31	4141.81
अग्रानीत लाभ/(हानि)		1071.77	845.15
घटाएं: अन्य समायोजन		0.00	-23.19
कुल		**6644.08**	**4963.77**
IV. पूँजी			
निम्न को अंतरित			
सांविधिक आरक्षित		1320.43	986.21
पूँजी रिज़र्व		0.00	147.90
आईटी एक्ट की धारा 36(1)(viii) के तहत विशेष रिज़र्व		191.73	108.35
राजस्व रिज़र्व		2655.00	1800.00
स्टाफ़ कल्याण निधि		40.00	40.00
प्रस्तावित ईक्विटी लाभांश		1071.08	809.54
समेकित तुलनपत्र में अग्रानीत शेष		1365.84	1071.77
कुल		**6644.08**	**4963.77**
प्रति शेयर आय रुपये में (आधारभूत एवं मिश्रित)		44.74	33.99

एस.एल. जैन
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

आशुतोष चौधरी
कार्यपालक निदेशक

महेश कुमार बजाज
कार्यपालक निदेशक

अश्वनी कुमार
कार्यपालक निदेशक

इमरान अमीन सिद्दीकी
कार्यपालक निदेशक

निदेशक

मारुति प्रसाद तंगिराला
सरकार द्वारा नामित निदेशक

आदित्य गेहा
आरबीआई द्वारा नामित निदेशक

डॉ. भरत कृष्ण शंकर
शेयरधारक निदेशक

पापिया सेनगुप्ता
शेयरधारक निदेशक

बालमुकुंद सहाय
अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक

विश्वेश कुमार गोयल
अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक

सांविधिक केंद्रीय लेखापरीक्षक

कृते पी के एफ श्रीधर एण्ड संथानम एलएलपी
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 003990एस/एस200018

पी. देवी
पार्टनर
(सदस्यता संख्या 223137)
यूडीआईएन सं.: 23223137BGYLPZ9651

कृते जी नटेसन एण्ड को.
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 002424एस

वी मार्गसहायम
पार्टनर
(सदस्यता संख्या 020555)
यूडीआईएन सं.: 23020555BGWSZO2165

कृते एसएआरसी एण्ड एसोसियट्स
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 006085एन

चेतन ठक्कर
पार्टनर
(सदस्यता संख्या 114196)
यूडीआईएन सं.: 23114196BGUMAZ2710

कृते कैलाश चंद जैन एण्ड को.
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 112318डब्ल्यु

संदीप के जैन
पार्टनर
(सदस्यता संख्या 110713)
यूडीआईएन सं.: 23110713BGYQGR5630

कृते एस सिंघल एण्ड को.
सनदी लेखाकार
एफआर संख्या 001526सी

मुकेश कुमार खंडेलवाल
पार्टनर
(सदस्यता संख्या 074661)
यूडीआईएन सं.: 23074661BGXKJE6824

स्थान : चेन्नै
दिनांक : 08.05.2023

अनुसूची 1 – पूँजी

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022
(i) **प्राधिकृत पूँजी**		
प्रत्येक 10/- रुपए के 300,00,00,000 ईक्विटी शेयर	3000.00	3000.00
(ii) **जारी, अभिदत्त और अदा की गई पूँजी**		
ए. भारत सरकार द्वारा रखे गए प्रत्येक रुपए 10/- के 99,45,49,600 ईक्विटी शेयर (पिछले वर्ष - रुपए 10/- प्रत्येक के 99,45,49,600 ईक्विटी शेयर शामिल हैं)	994.55	994.55
बी. जनता द्वारा रखे गए प्रत्येक रुपए 10/- के 25,08,91,539 ईक्विटी शेयर (पिछले वर्ष - रुपए 10/- प्रत्येक के 25,08,91,539 ईक्विटी शेयर शामिल हैं)	250.89	250.89
कुल	**1245.44**	**1245.44**

अनुसूची 2 – आरक्षित निधियां व अधिशेष

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
I. **सांविधिक आरक्षित**		
ए) अथशेष	9635.96	8649.75
बी) अवधि के दौरान जोड़	1320.43	986.21
सी) अवधि के दौरान कटौतियाँ	0.00	0.00
कुल I	**10956.39**	**9635.96**
II. **आरक्षित पूँजी**		
ए) पुनर्मूल्यन आरक्षित		
ए) अथशेष	6211.02	5754.97
बी) अवधि के दौरान जोड़	0.00	599.47
सी) अवधि के दौरान कटौतियाँ	104.12	143.42
कुल (ए)	**6106.90**	**6211.02**
बी) अन्य		
ए) अथशेष	1110.69	962.79
बी) अवधि के दौरान जोड़	0.33	147.90
सी) अवधि के दौरान कटौतियाँ	0.00	0.00
कुल (बी)	**1111.02**	**1110.69**
कुल II (ए+बी)	**7217.92**	**7321.71**
III. **शेयर प्रीमियम**		
ए) अथशेष	2391.55	857.62
बी) अवधि के दौरान जोड़	0.00	1533.93
सी) अवधि के दौरान कटौतियाँ	0.00	0.00
कुल III	**2391.55**	**2391.55**
IV. **राजस्व और अन्य आरक्षितियां**		
ए) राजस्व आरक्षितियां		
ए) अथशेष	15313.26	13369.84
बी) अवधि के दौरान जोड़	2655.00	1800.00
सी) पुनर्मूल्यांकन आरक्षितियों से अंतरित	104.12	143.42
डी) अवधि के दौरान कटौतियाँ	0.00	0.00
कुल (ए)	**18072.38**	**15313.26**

बी) आयकर अधिनियम 36(1) (Viii) के अंतर्गत विशेष रिजर्व		
ए) अथशेष	2289.70	2181.35
बी) अवधि के दौरान जोड़	191.73	108.35
सी) अवधि के दौरान कटौतियाँ	0.00	0.00
कुल (बी)	**2481.43**	**2289.70**
सी) आयकर अधिनियम 36(1) (अपपप ए) के अंतर्गत विशेष रिजर्व		
ए) अथशेष	58.20	58.20
बी) अवधि के दौरान जोड़	0.00	0.00
सी) अवधि के दौरान कटौतियाँ	0.00	0.00
कुल (सी)	**58.20**	**58.20**
डी) निवेश में उतार-चढ़ाव रिजर्व		
ए) अथशेष	1031.90	1031.90
बी) अवधि के दौरान जोड़	0.00	0.00
सी) अवधि के दौरान कटौतियाँ	0.00	0.00
कुल (डी)	**1031.90**	**1031.90**
ई) निवेश रिजर्व		
ए) अथशेष	186.38	186.38
बी) अवधि के दौरान जोड़	0.00	0.00
सी) अवधि के दौरान कटौतियाँ	0.00	0.00
कुल (ई)	**186.38**	**186.38**
एफ) विदेशी मुद्रा विनिमय रिजर्व		
ए) अथशेष	397.24	421.93
बी) अवधि के दौरान जोड़	93.33	0.00
सी) अवधि के दौरान कटौतियाँ	0.00	24.69
कुल (एफ)	**490.57**	**397.24**
जी) आईआरएस रिजर्व		
ए) अथशेष	1.91	1.91
बी) अवधि के दौरान जोड़	0.00	0.00
सी) अवधि के दौरान कटौतियाँ	0.00	0.00
कुल (जी)	**1.91**	**1.91**
कुल IV (ए+बी+सी+डी+ई+एफ+जी)	**22322.77**	**19278.59**
V. समामेलन रिजर्व		
ए) अथशेष	4006.91	4006.91
बी) अवधि के दौरान जोड़	0.00	0.00
सी) अवधि के दौरान कटौतियाँ	0.00	0.00
कुल V	**4006.91**	**4006.91**
VI. लाभ एवं हानि खाता		
ए) अथशेष	1071.77	845.15
बी) अवधि के दौरान जोड़	5572.31	4141.81
सी) अवधि के दौरान कटौतियाँ	5278.24	3915.19
कुल VI	**1365.84**	**1071.77**
कुल (I+II+III+IV+V+VI)	**48261.38**	**43706.49**

अनुसूची 2ए – अल्पांश ब्याज

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 तक (लेखापरीक्षित)	31.03.2022 तक (लेखापरीक्षित)
मूल उद्यम – अनुषंगी का संबंध उद्भव होने की तारीख पर अल्पांश ब्याज	3.27	3.27
परवर्ती वृद्धि / घटाव	22.92	21.71
तुलन पत्र की तारीख पर अल्पांश ब्याज	**26.19**	**24.98**

अनुसूची 3 – जमाएँ

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 तक (लेखापरीक्षित)	31.03.2022 तक (लेखापरीक्षित)
(ए) I. **मांग जमाराशियां**		
i. बैंकों से	138.93	125.60
ii. अन्य से	35713.22	36587.17
कुल	**35852.15**	**36712.77**
II. **बचत बैंक जमाराशियाँ**	224952.41	211207.62
III. **सावधि जमाराशियाँ**		
i. बैंकों से	9478.44	6067.87
ii. अन्य से	350840.23	339582.62
कुल	**360318.67**	**345650.49**
कुल (I+II+III)	**621123.23**	**593570.88**
(बी) (i) भारत में शाखाओं की जमाएं	607984.90	584613.72
(ii) भारत के बाहर की शाखाओं की जमाएं	13138.33	8957.16
कुल बी (I+II)	**621123.23**	**593570.88**

अनुसूची 4 – उधार

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
I. **भारत में उधार**		
(i) भारतीय रिज़र्व बैंक	0.00	0.00
(ii) अन्य बैंक	3.83	7.07
(iii)अन्य संस्थाएं और एजेंसियों*	20155.81	15351.20
कुल	**20159.64**	**15358.27**
II. **भारत के बाहर उधार*** **	1932.78	1859.25
कुल (I+II)	**22092.42**	**17217.52**
ऊपरोक्त में प्रतिभूत उधार को शामिल किया गया है।	0.00	0.00

*एटी-1 पूँजी – स्थायी ऋण लिखत रु. 2000 करोड़ (पिछले वर्ष रु. 2000 करोड़) और टियर II पूँजी में गौण ऋण रु. 7000 करोड़ (पिछले वर्ष रु. 7000 करोड़) को शामिल करते हुए।

**नोस्ट्रो मिरर शेषों की असमायोजित मदें एवं मार्गस्थ मदों को शामिल करते हुए।

अनुसूची 5 – अन्य देयताएँ और प्रावधान

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
I. देय बिल	1841.95	1585.17
II. अंतर कार्यालय समायोजन (निवल)	0.00	0.00
III. उपचित ब्याज	1479.71	994.22
IV. अन्य (प्रावधान सहित)*	17263.68	15751.73
कुल (I+II)	**20585.34**	**18331.12**

*रु.6089.48 करोड़ (पिछले वर्ष रु.3788.83 करोड़) की मानक आस्तियों के सापेक्ष आकस्मिक प्रावधान सहित

अनुसूची 6 – भारतीय रिजर्व बैंक के साथ नकदी व शेष

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
I. उपलब्ध नकदी (विदेशी मुद्रा नोटों सहित)	1242.58	1962.45
II. भारतीय रिज़र्व बैंक में शेष:	**31450.15**	**56592.21**
(i) चालू खातों में	26670.15	22092.01
(ii) अन्य जमा खातों में	4780.00	34500.20
कुल (I+II)	**32692.73**	**58554.66**

अनुसूची 7 – बैंकों में अधिशेष और माँग एवं अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
I. भारत में		
(i) बैंकों में शेष		
(ए) चालू खातों में	70.37	30.64
(बी)अन्य जमा खातों में	1605.55	1413.81
कुल (i)	**1675.92**	**1444.45**
(ii) माँग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि (बैंकों में)	5007.04	0.00
कुल (ii)	**5007.04**	**0.00**
कुल I (i+ii)	**6682.96**	**1444.45**
II. भारत के बाहर		
(i) चालू खाते में	693.49	503.98
(ii) अन्य जमा खातों में	10144.91	19453.09
(iii) माँग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि	2.74	12.04
कुल II (i+ii+iii)	**10841.14**	**19969.11**
कुल योग (I+II)	**17524.10**	**21413.56**

अनुसूची 8 – निवेश

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
I. भारत में निवेश		
सकल निवेश	190251.41	180407.76
घटाएँ: मूल्यह्रास एवं एनपीआई हेतु प्रावधान	3796.41	5608.72
निवल निवेश	**186455.00**	**174799.04**
i. सरकारी प्रतिभूतियां	166948.40	158781.58
ii. अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां	99.62	7.25
iii. शेयर	896.72	1214.57
iv. डिबेंचर और बॉंड	14839.78	12812.72
v सहयोगी संस्थाओं में निवेश	1259.73	1011.85
vi अन्य (जमा प्रमाणपत्र, कमर्शियल पेपर, म्युच्युअल फंड इत्यादि)	2410.75	971.07
कुल	**186455.00**	**174799.04**
I. भारत के बाहर निवेश		
सकल निवेश	2041.97	1800.52
घटाएँ: मूल्यह्रास एवं एनपीआई हेतु प्रावधान	130.69	97.95
निवल निवेश	**1911.28**	**1702.57**
i. सरकारी प्रतिभूतियां (स्थानीय प्राधिकारियों सहित)	1911.06	1702.01
ii. सहयोगी संस्थाओं में निवेश	0.00	0.00
iii. अन्य निवेश		
ए) शेयर	0.22	0.56
बी) ऋण प्रतिभूतियाँ	0.00	0.00
कुल	**1911.28**	**1702.57**
कुल योग (I+II)	**188366.28**	**176501.61**

अनुसूची–9 अग्रिम

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
ए. (i) क्रय किए गए एवं बट्टाकृत बिल	2434.93	3430.06
(ii) नकद उधार, ओवरड्राफ्ट और मांग पर प्रतिदेय उधार	210189.03	207613.08
(iii) सावधि ऋण	236669.99	178142.93
कुल (ए)	**449293.95**	**389186.07**
बी. (i) मूर्त आस्तियों द्वारा प्रतिभूत (ऋण बही के सापेक्ष अग्रिम शामिल है)	373959.11	322961.60
(ii) बैंक/सरकार गारंटियों द्वारा संरक्षित	39004.97	39614.40
(iii) गैर-जमानती	36329.87	26610.07
कुल (बी)	**449293.95**	**389186.07**
सी. I. भारत में अग्रिम		
(i) प्राथमिकता क्षेत्र#	170017.92	163407.16
(ii) सार्वजनिक क्षेत्र	68741.14	67147.92
(iii) बैंक	0.00	0.00
(iv) अन्य	181255.51	139011.85
कुल (सी. I)	**420014.57**	**369566.93**

सी. II. भारत के बाहर अग्रिम		
(i) बैंकों से देय	19922.99	11105.63
(ii) अन्य से देय		
(ए) क्रय किए गए और भुनाये गए बिल	1046.80	2541.53
(बी)सामूहिक ऋण	5113.59	4650.75
(सी)अन्य	3196.00	1321.23
कुल (सी. I)	**29279.38**	**19619.14**
कुल योग (सी. I +सी. II)	**449293.95**	**389186.07**

#आरआईडीएफ को शामिल नहीं किया गया है।

अनुसूची 10 – अचल आस्तियाँ

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
I. परिसर (पुनर्मूल्यांकित परिसर सहित)		
पूर्ववर्ती वर्ष के तुलन-पत्रानुसार लागत /पुनर्मूल्यांकन पर	7463.14	6866.57
अवधि के दौरान जोड़/समायोजन	7.55	601.26
अवधि के दौरान घटाव	0.00	4.69
उक्त तारीख तक मूल्यह्रास	1493.33	1415.80
कुल	**5977.36**	**6047.34**
II. निर्माणाधीन परिसर	**1.21**	**0.97**
III. अन्य अचल आस्तियां (फ़र्निचर/फ़िक्सचर सहित)		
पूर्ववर्ती वर्ष के तुलन-पत्रानुसार लागत/पुनर्मूल्यांकन पर	4894.59	4666.96
अवधि के दौरान जोड़/समायोजन	322.82	316.70
अवधि के दौरान घटाव	96.91	89.07
उक्त तारीख तक मूल्यह्रास	4097.15	3757.47
कुल	**1023.35**	**1137.12**
IV. पट्टाकृत आस्तियाँ		
पूर्ववर्ती वर्ष के तुलन-पत्रानुसार लागत/पुनर्मूल्यांकन पर	549.38	552.10
अवधि के दौरान जोड़/समायोजन	0.00	0.00
अवधि के दौरान घटाव	0.00	2.53
उक्त तारीख तक मूल्यह्रास	79.70	41.22
कुल	**469.68**	**508.35**
V. पूंजी निर्माणाधीन कार्य	**9.07**	**5.13**
कुल: (I, II, III, IV व V)	**7480.67**	**7698.91**

अनुसूची 11 – अन्य आस्तियाँ

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
I. अंतर कार्यालय समायोजन (निवल)	112.20	270.53
II. उपचित ब्याज	3443.72	2999.69
III. अग्रिम रूप से प्रदत्त कर/स्रोत पर काटा गया कर (निवल)	5280.66	6440.81
IV. लेखन सामग्री एवं स्टांप	10.93	27.14
V. दावों की पूर्ति से प्राप्त की गई ग़ैर बैंककारी आस्तियाँ	51.38	51.38
VI. स्थगित कर आस्तियाँ (निवल)	4445.41	3885.69
VII. अन्य*	4631.97	7066.38
कुल	**17976.27**	**20741.62**
*जिसमें एचटीएम वर्गीकरण के तहत रखे गए आरआईडीएफ/एसआईडीबीआई/आरएचडीएफ/एनएचबी जमाएं शामिल है।	**848.25**	**1062.15**

अनुसूची 12 – आकस्मिक देयताएँ

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
I. बैंक के विरुद्ध दावे जिन्हें ऋण के रूप में स्वीकार नहीं किया गया है	2091.81	2159.16
II. अंशतः प्रदत्त निवेशों के लिए दायित्व	388.96	462.77
III. बकाया वायदा विनिमय संविदाओं के बाबत दायित्व	328152.70	306197.71
IV. संघटकों की ओर से दी गई गारंटियां		
ए) भारत में	28971.51	24385.93
बी) भारत के बाहर	193.49	317.79
V. स्वीकृतियां, पृष्ठांकन और अन्य दायित्व*	9758.18	10837.92
VI. अन्य मदें जिनके लिए बैंक आकस्मिक रूप से उत्तरदायी है	11813.56	11658.74
कुल	**381370.21**	**356020.02**

*आकस्मिक देयताओं को मार्जिन घटाने के बाद समान माना गया है

अनुसूची 13 - अर्जित ब्याज़

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 को समाप्त वर्ष	31.03.2022 को समाप्त वर्ष
I. अग्रिमों / बिलों पर ब्याज /बट्टा	31941.15	26927.55
II. निवेशों पर आय	11690.08	10997.62
III. भारतीय रिज़र्व बैंक और अन्य अंतर बैंक निधियों के पास अतिशेष पर ब्याज	877.74	851.52
IV. अन्य	476.19	111.75
कुल	**44985.16**	**38888.44**

अनुसूची 14 - अन्य आय

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 को समाप्त वर्ष	31.03.2022 को समाप्त वर्ष
I. कमीशन, विनिमय और दलाली	1564.27	1181.89
II. भूमि, भवन और अन्य आस्तियों के विक्रय पर लाभ*	1.99	7.40
घटाव: भूमि, भवन और अन्य संपत्तियों की बिक्री पर हानि*	1.82	4.35
निवल	0.17	3.05
III. विनिमय संव्यवहारों पर लाभ (निवल)	1008.61	689.99
IV. निवेशों के विक्रय पर लाभ (निवल)	554.32	1757.16
घटाव: निवेश की बिक्री पर हानि	171.24	122.36
निवल	383.08	1634.80
V. निवेशों के पुनर्मूल्यांकन पर लाभ	0.00	0.01
घटाव: निवेश के पुनर्मूल्यांकन पर हानि	86.99	343.25
निवल	-86.99	-343.24
VI. पट्टा-वित्त/किराया खरीद से आय	0.02	0.02
VII. विविध आय	4935.34	4213.20
कुल	**7804.50**	**7379.71**

*यह राशि सेफ, फर्नीचर, वाहन और मशीनरी से संबंधित है।

अनुसूची 15 – व्यय किया गया ब्याज

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 को समाप्त वर्ष	31.03.2022 को समाप्त वर्ष
I. जमाओं पर ब्याज	23182.27	20933.43
II. भारतीय रिज़र्व बैंक/अंतर बैंक उधारों पर ब्याज	616.17	248.46
III. अन्य	918.85	947.36
कुल	**24717.29**	**22129.25**

अनुसूची 16 – परिचालनगत व्यय

(₹ करोड़ में)

विवरण	31.03.2023 को समाप्त वर्ष	31.03.2022 को समाप्त वर्ष
I. कर्मचारियों को भुगतान और उनके लिए प्रावधान	7578.88	6738.44
II. किराया, कर और बिजली व्यवस्था	625.93	615.43
III. मुद्रण और लेखन सामग्री	100.61	85.85
IV. विज्ञापन और प्रचार	94.35	30.20
V. ए) पट्टाकृत आस्तियों के अलावा बैंक की संपत्तियों पर मूल्यह्रास	532.37	600.68
बी) पट्टाकृत आस्तियों पर मूल्यह्रास	0.02	0.18
VI. निदेशकों की फीस, भत्ते और व्यय	1.53	1.17
VII. लेखा परीक्षकों की फीस और व्यय (शाखा लेखा परीक्षकों सहित)	52.58	47.64
VIII. विधि प्रभार	22.78	20.26
IX. डाक, तार और टेलीफोन आदि	97.72	111.29
X. मरम्मत और रखरखाव	195.34	246.33
XI. बीमा	813.56	742.31
XII. अन्य व्यय	2609.09	2113.76
कुल	**12724.76**	**11353.54**

अनुसूची -17
मुख्य लेखांकन नीतियाँ (समेकित)

1. लेखांकन प्रथा

जब तक अन्यथा न कहा जाए वित्तीय विवरणों को ऐतिहासिक लागत परिपाटी पर चल रही प्रथाओं का अनुपालन करते हुए तैयार किया जाता है। यह भारत में प्रचलित सांविधिक सिद्धांतों के अनुरूप है जिसमें सांविधिक प्रावधान, विनियामक/भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देश, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी लेखा मानकों/मार्गदर्शन नोट्स और भारत के बैंकिंग उद्योग में प्रचलित प्रथाएं शामिल हैं। विदेशी शाखाओं के संबंध में संबंधित देशों में प्रचलित सांविधिक प्रावधानों एवं प्रथाओं के अनुरूप है।

2. प्राक्कलन का प्रयोग

वित्तीय विवरणों की तैयारी के लिए वित्तीय विवरणियों की तारीख पर दर्ज आस्तियों एवं देयताओं (आकस्मिक देयताओं सहित) तथा रिपोर्टिंग अवधि हेतु आय एवं व्यय पर विचार करने हेतु प्रबंधन को प्राक्कलन तैयार करने और पूर्वानुमान करने की आवश्यकता होती है। प्रबंधन, यह विश्वास रखता है कि वित्तीय विवरणियों की तैयारी में इस्तेमाल किये गये प्राक्कलन विवेकी और उचित हैं।

3. समेकन की प्रक्रिया:

ए. बैंक (मूल संस्था एवं उसकी अनुषंगियां, इसके संयुक्त उद्यम) की समेकित वित्तीय विवरणियाँ, इंडियन बैंक (मूल संस्था) और उसकी अनुषंगियों, यथा (1) इंड बैंक हाउसिंग लिमिटेड (2) इंड बैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज़ लिमिटेड, इसके संयुक्त उद्यमों यथा (1) यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इन्श्युरेंस को. लि. (2) एएसआरईसी (इंडिया) लिमिटेड की लेखापरीक्षित वित्तीय विवरणियों के आधार पर तैयार की गई जोकि अंतर समूह लेनदेनों को एवं प्राप्त न किए गए लाभ /हानियों को छोड़ने के बाद यथावश्यक समायोजन करके जहां भी अन्यथा उल्लिखित न हो आईसीएआई द्वारा जारी लेख मानक 27 'फाइनेंशियल रेपोर्टिंग ऑफ इंटरेस्ट इन जाइंट वेंचर' के अनुरूप है। अनुषंगियों एवं संयुक्त उद्यमों की वित्तीय विवरणियाँ भी मूल संस्था की रिपोर्टिंग तारीख पर बनाई गई हैं।

बी. अनुषंगियां, संयुक्त उद्यम और सहयोगी संस्थाएं, संबंधित विनियाम क प्राधिकारियों द्वारा निर्धारित एवं सांविधिक अपेक्षाओं के अनुसार लेखाकरण नीतियों का अनुपालन करती हैं। अनुपालनार्थ अपेक्षित ऐसी विभिन्न लेखाकरण नीतियों के मद्देनजर, अधिदेश/सांविधिक अपेक्षाओं के अनुरूप संबंधित लेखाकरण नीतियों को अपनाते हुए समेकित वित्तीय विवरण तैयार किए गए हैं।

सी. मूल संस्था को आनुषंगिक संस्था में निवेश के लिए हुई लागत और अर्जन की तारीख को अनुषंगी संस्था में मूल संस्था की ईक्विटी के हिस्से को वित्तीय विवरण में पूंजी रिज़र्व/गुडविल के रूप में लिया जाता है। अर्जन के बाद के लाभ/हानियों में मूल संस्था के शेयर का समायोजन, राजस्व रिज़र्व के साथ किया जाता है।

डी. परिचालन के निवल परिणाम और अनुषंगी संस्था की संपत्ति में अल्प संख्यक के हक से लाभ एवं निवल सप्तियों का वह अंश द्योतित है जो अल्पसंख्यकों को देय है।

ई. एसोसियेटस में निवेश का हिसाब, एसोसियेट्स के लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणों के आधार पर आईसीएआई द्वारा जारी लेखाकरण मानक-23 (एएस-23) समेकित वित्तीय विवरणों में एसोसियेटस में निवेश के लिए लेखांकन के अनुसार ईक्विटी पद्धति के तहत किया जाता है।

4. विदेशी विनिमय से संबंधित लेनदेन

4.1 मूल संस्था

भारतीय परिचालनों और गैर समाकलित विदेशी परिचालन के विदेशी मुद्रा लेनदेनों का लेखांकन, भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) द्वारा जारी लेखाकरण मानक - 11 (एएस - 11) के अनुसार किया जाता है।

4.2 भारतीय परिचालनों के मामले में परिवर्तन

ए) विदेशी मुद्रा डीलर असोसिएशन ऑफ इंडिया (फेडाय) द्वारा अधिसूचित साप्ताहिक औसत दर (डबल्यूएआर) पर विदेशी विनिमय लेनदेन दर्ज किए जाते हैं।

बी) विदेशी मुद्रा में आस्तियों एवं देयताओं का परिवर्तन, वर्षांत पर फेडाय द्वारा अधिसूचित समापन दरों पर किया जाता है।

सी) विदेशी मुद्रा में स्वीकृतियां, पृष्ठांकन और अन्य बाध्यताएं और गारंटियों को वर्षांत पर फेडाय द्वारा अधिसूचित समापन दरों पर रखा जाता है।

डी) वित्तीय वर्ष के अंत में विदेशी मुद्रा में रखी गयी आस्तियों एवं देयताओं के निपटान एवं परिवर्तन से उठनेवाले विनिमय अंतर को, उस वर्ष में ही आय या व्यय के रूप में पहचाना जाता है।

ई) बकाया वायदा विनिमय दरों का प्रकटीकरण संविदागत दरों से किया जाता है तथा फेडाय की समापन दरों पर उनका पुनर्मूल्यांकन किया जाता है एवं उसके परिणाम की पहचान, लाभ व हानि लेखे के जरिए की जाती है।

4.3 गैर- समाकलित विदेशी परिचालनों के संबंध में परिवर्तन

विदेशी शाखाओं का वर्गीकरण, गैर समाकलित विदेशी परिचालन के रूप में किया गया है और वित्तीय विवरणों का परिवर्तन निम्नप्रकार किया जाता है:

1. आकस्मिक देयताओं सहित आस्तियों एवं देयताओं का परिवर्तन फेडाय द्वारा वर्षांत में अधिसूचित दरों पर किया जाता है।
2. आय एवं व्यय का परिवर्तन फेडाय द्वारा संबंधित तिमाही के अंत पर अधिसूचित तिमाही औसत समापन दर पर किया जाता है।
3. निवल निवेशों के निपटान तक उठनेवाले सभी विनिमय अंतर को ''विनिमय उतार-चढ़ाव निधि''(एफसीटीआर) नामक पृथक निधि में उपचित रखा जाता है।

5. निवेश

5.1 मूल संस्था

5.1.1 बैंक के निवेश संविभाग को भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार निम्नलिखित तीन प्रवर्गों में वर्गीकृत किया गया है:

- परिपक्वता तक रखे गए (एचटीएम)
- बिक्री हेतु उपलब्ध (एएफएस)
- व्यापार के लिए रखे गए (एचएफटी)

परिपक्वता तक रोक रखने के आशय के साथ प्राप्त की गई प्रतिभूतियों को **एचटीएम** प्रवर्ग के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है। अल्पावधि के मूल्य/ब्याज दर में उतार-चढ़ाव से लाभ उठाकर व्यापार करने के आशय के साथ प्राप्त की गई प्रतिभूतियों को **एचएफटी** प्रवर्ग में वर्गीकृत किया गया है। अन्य सभी प्रतिभूतियाँ जो उपर्युक्त दोनों प्रवर्गों में नहीं आती हैं, उन्हें, **एएफएस** प्रवर्ग में वर्गीकृत किया गया है।

एक निवेश को उसकी खरीद/अर्जन के समय पर ही, परिपक्वता तक धारित, बिक्री के लिए उपलब्ध अथवा व्यापार के लिए उपलब्ध के रूप में वर्गीकृत किया जाता है और तदनन्तर नियामक दिशानिर्देशों के अनुरूप उनका अंतरण किया जाता है। एक वर्ग से दूसरे वर्ग को शेयरों का अंतरण, यदि कोई है, अंतरण की तारीख पर अर्जन लागत/बही मूल्य/बाजार मूल्य में से न्यूनतम मूल्य पर किया जाता है, और ऐसे अंतरण के लिए मूल्यह्रास हेतु पूर्ण प्रावधान किया जाता है।

अनुषंगियों, संयुक्त उद्यमों और एसोसिएट्स में निवेश को परिपक्वता तक धारित के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

एचटीएम प्रवर्ग में रखी गयी प्रतिभूतियों की बिक्री पर प्राप्त लाभ को पहले लाभ व हानि लेखे में लिया जाता है और बाद में पूंजी प्रारक्षिती लेखे (कर चुकाने के बाद की राशि तथा सांविधिक रिजर्व को अंतरित की जानेवाली वांछित राशि) में विनियोजित किया जाता है तथा हानि, यदि हो, को लाभ व हानि लेखे में प्रभारित किया जाता है:

5.1.2. भारत में निवेशों का मूल्यांकन भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के समनुरूप निम्नानुसार किया जाता है:

ए) एचटीएम प्रवर्ग में प्रतिभूति का मूल्यांकन अर्जन की लागत पर किया जाता है सिवाय उन मामलों में जहां अंकित मूल्य से अर्जन लागत अधिक होती हो, वैसे मामलों में, अंकित मूल्य पर अर्जन लागत की ऐसी अधिकता को परिपक्वता की शेष अवधि में परिशोधित किया जाता है। अनुषंगियों/संयुक्त उद्यमों/एसोसिएट्स में, जिन्हें एचटीएम प्रवर्ग में शामिल किया गया है, निवेशों के मूल्य में, अस्थाई प्रकृति के अलावा किसी अन्य ह्रास की पहचान की गई है और प्रावधान किया गया है। ऐसे ह्रास का निर्धारण और इसके लिए प्रावधान प्रत्येक निवेश हेतु अलग से किया जाता है। दिनांक 23.08.2006 के बाद जोखिम पूँजी निधियों के यूनिटों (वीसीएफ)/वैकल्पिक निवेश निधि (एआईएफ) में किये गये निवेश, प्रारंभिक 3 वर्ष की अवधि के लिए एचटीएम वर्ग के अधीन वर्गीकृत किये जाते हैं तथा उनका मूल्यांकन, लागत पर किया जाता है।

बी) अनुषंगी संस्थाओं, संयुक्त उपक्रमों और सहयोगी संस्थाओं में निवेश का मूल्यांकन, परंपरागत लागत पर किया जाता है। प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों में निवेश का मूल्यांकन, वहन लागत (अर्थात बही मूल्य) पर किया जाता है।

सी) **एएफएस** प्रवर्ग में निवेशों का मूल्यांकन, बाजार मूल्य पर, तिमाही अंतराल पर स्क्रिपवार तथा वर्गीकरणवार किया जाता है। यदि कोई निवल मूल्यह्रास हो, तो उसे लाभ-हानि लेखे में शामिल किया जाता है, जबकि किसी निवल मूल्यवृद्धि होने पर उसकी उपेक्षा कर दी जाती है। इस प्रवर्ग में बाजार को अंकित करने के बाद वैयक्तिक प्रतिभूतियों के बही मूल्य में कोई परिवर्तन नहीं किया जाता है।

डी) **एचएफटी** प्रवर्ग में रखी गई वैयक्तिक प्रतिभूतियों को दैनिक अंतराल पर बाजार को अंकित किया जाता है। निवल मूल्यह्रास, यदि कोई हो, तो लाभ व हानि लेखे में उसका प्रावधान किया जाता है जबकि निवल मूल्यवृद्धि, यदि कोई हो, उस पर ध्यान नहीं दिया जाता है। इस प्रवर्ग में वैयक्तिक प्रतिभूतियों के बही मूल्य में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

एएफएस एवं एचएफटी प्रवर्गों में प्रतिभूतियों का मूल्यांकन निम्नवत किया गया है:

i. प्राइमेरी डीलर्स एसोसिएशन आफ़ इंडिया (पीडीएआई) और फिक्स्ड इन्कम मनी मार्केट और डिराइवेटिव्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफआईएमएमडीए)/ फाइनेंशियल बेंचमार्क इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एफबीआईएल) द्वारा संयुक्त रूप से घोषित किए गए अनुसार केन्द्र सरकार की प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, मूल्य पर / वाईटीएम दरों पर किया जाता है।

ii. राज्य सरकार और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों का मूल्यांकन, वाईटीएम पद्धति को लागू करते हुए और पीडीएआई / एफआईएमएमडीए/एफबीआईएल द्वारा रखी गई समतुल्य परिपक्वता की केन्द्र सरकार की प्रतिभूतियों के प्रतिफल से 25 बेसिस प्वाइंट बढ़ाते हुए आवधिक रूप से किया जाता है।

iii. कोट होने पर ईक्विटी शेयरों का मूल्यांकन बाजार मूल्य पर किया जाता है। कोट न होनेवाले ईक्विटी शेयरों को उनके ब्रेक-अप मूल्य पर (पूनर्मूल्यन आरक्षित निधियां, यदि हो, उस पर ध्यान दिए बिना), कंपनी के नवीनतम तुलनपत्र (मूल्यन की तारीख से एक वर्ष के पहले का न हो), के आधार पर मूल्यांकित किया जाता है। अन्यथा शेयरों का मूल्यांकन प्रति कंपनी एक रुपया के अनुसार किया जाता है।

iv. कोट होने पर अधिमान्य शेयरों का मूल्यांकन बाजार मूल्य पर किया जाता है; अन्यथा समुचित वाईटीएम दरों अथवा पुनः शोधन मूल्य के आधार पर निर्धारित मूल्य, दोनों में से जो भी कम हो, उस मूल्य पर किया जाता है।

v. अग्रिमों के रूप में रहे डिबेंचरों तथा बांडों के अलावा, सभी डिबेंचरों तथा बांडों का मूल्यांकन वाईटीएम आधार पर किया जाता है।

vi. राजकोष बिलों, जमा प्रमाण पत्रों तथा वाणिज्यिक कागजातों का मूल्यांकन उनकी रखाव लागत पर किया जाता है।

vii. कोट होने पर म्यूचुअल फंडों की यूनिटों का मूल्यांकन बाजार मूल्य पर किया जाता है; अन्यथा पुनः खरीद मूल्य अथवा निवल आस्ति मूल्य (एनएवी) दोनों में जो भी कम हो, उस मूल्य पर किया जाता है। यदि निधियां लॉक-इन अवधि में हैं, जहां पुनःखरीदी मूल्य/बाजार कोट

उपलब्ध नहीं हो तो, यूनिटों का मूल्यांकन एनएवी पर अथवा लॉक-इन अवधि की समाप्ति तक की लागत पर किया जाता है।

viii. जोखिम पूंजी निधियों (वीसीएफ)/वैकल्पिक निवेश निधि (एआईएफ) की यूनिटों में 23.08.2006 के बाद किये गये निवेश, 3 वर्षों की प्रारंभिक अवधि के लिए एचटीएम श्रेणी में वर्गीकृत होते हैं एवं इनका लागत पर मूल्यांकन किया जाता है। संवितरण की तारीख से 3 सालों के समय के बाद, यह एएफएस में परिवर्तित किया जाएगा और भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार बाजार के लिए अंकित किया जाएगा।

5.1.3. विदेशी शाखाओं के निवेश के संबंध में, भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशानिर्देश या मेजबानी देश के दिशानिर्देश, जो भी ज्यादा कठोर हैं, का पालन किया जाता है। ऐसे देशों में स्थित शाखाओं के मामले में, जहाँ कोई दिशानिर्देश विनिर्दिष्ट नहीं किए गए हैं, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों का पालन किया जाता है।

5.1.4. भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार अनर्जक निवेश (एनपीआई) की पहचान निम्नलिखित रूप में की गयी है:

ए) प्रतिभूतियाँ/असंचयी अधिमानी शेयर जिनमें ब्याज/नियत लाभांश/किस्त (परिपक्वता राशि को मिलाकर) देय है तथा 90 दिन की अवधि से अधिक समय तक उसका भुगतान नहीं किया गया है।

बी) अगर बैंक से जारीकर्ता द्वारा प्राप्त कोई ऋण सुविधा को गैर-निष्पादित अग्रिम माना गया है, तो उसी जारीकर्ता द्वारा जारी की गई किसी भी प्रतिभूति जिसमें अधिमानी शेयर शामिल है, में निवेश को एनपीआई के रूप में माना जाएगा और इसके विपरीत। हालांकि, अगर केवल अधिमानी शेयरों को एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, तो उसी जारीकर्ता द्वारा जारी की गई अन्य निष्पादित प्रतिभूतियों में निवेश को एनपीआई के रूप में वर्गीकृत नहीं किया जा सकता है और उस उधारकर्ता को दी गई किसी भी निष्पादित ऋण सुविधाओं को एनपीए के रूप में नहीं माना जाना चाहिए।

सी) अन्य इक्विटी निवेश, एनपीआई के रूप में वर्गीकृत, के मामले में शेयरों को बाजार मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता हैं। यदि उद्धृत किया गया है और यदि इसे उद्धृत नहीं किया गया है तो शेयरों का मूल्य प्रति कंपनी रु 1/- होता है।

डी) केन्द्रीय सरकार की गारंटी प्राप्त निवेशों के अतिदेय होने पर भी उन्हें तभी एनपीए माना जाएगा जब गारंटी लागू किए जाने पर सरकार उसका निराकरण करती है।

ई) यदि ब्याज/मूल किस्त (परिपक्वता संप्राप्तियों को शामिल करते हुए) अथवा बैंक को देय अन्य कोई राशि, 90 दिनों से अधिक के लिए अदत्त बनी रहती हो, तो राज्य सरकार द्वारा प्रत्याभूत प्रतिभूतियों में निवेश को, जोकि 'माने गए अग्रिमों' के रूप में हैं, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण मानदंडों के अध्यधीन रखा जाता है।

5.1.5 प्रतिभूतियों की लागत में से दलाली/कमीशन/अंशदानों पर प्राप्त प्रोत्साहन को घटा दिया जाता है। प्रतिभूतियों के अर्जन के संबंध में अदा की गयी दलाली/कमीशन/स्टांप शुल्क को राजस्व व्यय माना जाता है।

5.1.6 व्यापार के लिए ब्याज दर स्वैप लेनदेन, तिमाही आधार पर बाजार को अंकित किए जाते हैं। कुल अदला-बदलियों के उचित मूल्य का आकलन, तुलन-पत्र की तारीख पर अदला-बदली करारों को समाप्त किए जाने पर प्राप्त/प्राप्य या प्रदत्त/प्रदेय राशि के आधार पर किया जाएगा। इससे होनेवाली हानियों के लिए पूर्ण प्रावधान किया गया है जबकि लाभ, यदि हो, पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

5.1.7 एक्सचेंज कारोबार विदेशी विनिमय डेरिवेटिव यानी मुद्रा वायदे का मूल्यांकन एक्सचेंज द्वारा निर्धारित मूल्यों पर किया जाता है और परिणामी लाभ और हानि की पहचान लाभ और हानि लेखे में की जाती हैं।

5.1.8 एफसीएनआर (बी) डॉलर जमाओं के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के विनिमय स्वैप की सुविधा की शुरुआत में उत्पन्न होनेवाले प्रीमियम/ब्याज, स्वैप अनुबंध की अवधि के दौरान खर्च के रूप में परिशोधित किया जाता है।

5.1.9 निवेश की कीमत का निर्धारण प्रत्येक वर्ग में भारित औसत कीमत पद्धति के आधार पर किया जाता है। एचटीएम के अंतर्गत वर्गीकृत निवेशों को भारित औसत कीमत पद्धति के तहत प्राप्त अधिग्रहण कीमत के आधार पर ले लिया गया है तथा भारित औसत कीमत के अंकित मूल्य से अधिक होने की स्थिति में प्रीमियम को केवल शेष परिपक्वता अवधि हेतु परिशोधित कर दिया जाता है।

5.1.10 रेपो एवं रिवर्स रेपो लेनदेनों के लिए लेखाकरण:

भारिबैंक के दिशानिर्देशानुसार तरलता समायोजन सुविधाएं (एलएएफ), परिवर्तनीय दर अवधि परिचालन तथा एमएसएफ एवं मार्केट रेपो लेन-देनों को शामिल करते हुए भारिबैंक के साथ सभी प्रकार के रेपो ध्रिवर्स रेपो लेनदेनों का हिसाब रखा जाता है।

रेपो/रिवर्स रेपो के तहत बेची गई और खरीदी गई प्रतिभूतियों को त्रिपक्षीय रेपो के रूप में लिया जाता हैं जिसमें, प्रतिभूतियों को सामान्य एकमुश्त बिक्री/खरीद लेनदेनों के मामले में अंतरित किया जाता है और इस प्रकार के प्रतिभूति के उतार-चढ़ाव, रेपो/रिवर्स रेपो खातों और प्रति-प्रविष्टियों के प्रयोग से परिलक्षित होते हैं। उपरोक्त प्रविष्टियाँ परिपक्वता की तारीख पर प्रतिवर्तित हो जाती है। लागत एवं राजस्व को ब्याज व्यय/आय, जैसा मामला हो, के रूप में लिया जाएगा। रेपो खाते में शेष, अनुसूची 4 (उधार) के तहत वर्गीकृत है और रिवर्स रेपो खाते में शेष, निम्नलिखित के तहत वर्गीकृत है।

(ए) भारतीय रिजर्व बैंक में निहित सभी प्रकार के रिवर्स रेपो, वे भी जो तरलता समायोजन सुविधा के तहत शामिल हैं, को 'भारतीय रिजर्व बैंक में निहित नकद और शेष' की अनुसूची 6 के तहत 'भारतीय रिजर्व बैंक के साथ शेष' की मद (ii) 'अन्य खातों में' की उप-मद (ii) के तहत प्रस्तुत किया जाएगा।

(बी) बैंकों और अन्य संस्थानों में निहित रिवर्स रेपो जिनकी मूल अवधि 14 दिन तक और समावेशी है, को 'बैंकों में निहित शेष तथा मांग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि' की अनुसूची 7 के तहत मद (ii)'मांग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि' के तहत वर्गीकृत किया जाएगा।

(सी) बैंकों और अन्य संस्थानों में निहित रिवर्स रेपो जिनकी मूल अवधि 14 दिन से अधिक है, को 'अग्रिम' की अनुसूची 9 के तहत निम्नलिखित में वर्गीकृत किया जाएगा:

i. ए(ii) नकद ऋण, ओवरड्राफ्ट और मांग पर चुकौती योग्य ऋण;

ii. बी(ii) मूर्त संपत्ति द्वारा सुरक्षित;

iii. सी(i) बैंक (iv) अन्य (जैसा भी मामला हो)

अनुषंगी कंपनियाँ:

5.2 इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लिमिटेड

कंपनी के पास रखे सभी निवेश दीर्घकालिक निवेश हैं। अस्थायी प्रकृति के निवेशों के अलावा दीर्घकालिक निवेशों को ह्रास के लिए प्रावधान घटाकर, लागत पर लाया गया है। कंपनी ने कोट किए गए शेयरों के बाज़ार मूल्य पर भरोसा करते हुए शेयरों/डिबेंचरों के मूल्य में ह्रास को स्थायी प्रकृति के रूप में माना है तथा कोट न किए गए शेयरों के मामले में बही मूल्य/उचित मूल्य, दोनों में जो भी अधिक हो, को माना गया है।

5.3 इंडबैंक हाउसिंग लिमिटेड

निवेशों को चालू निवेशों और दीर्घकालिक निवेशों में वर्गीकृत किया गया है। राष्ट्रीय आवास बैंक के वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार निवेशों का मूल्यांकन प्रत्येक निवेश के लिए अलग-अलग रूप से, उनकी लागत अथवा बाज़ार मूल्य में से निम्नतर दरों पर किया गया है।

6. प्रतिभूतीकरण कंपनियों (एससी) /पुनर्निमाण कंपनियों (आरसी) को बेची गई वित्तीय आस्तियां

मूल संस्था :

6.1 प्रतिभूतिकरण कंपनियों/पुनर्निमाण कंपनियों द्वारा, उन्हें बेची गई वित्तीय आस्तियों के संबंध में जारी की गई प्रतिभूति रसीदों को उनके प्रतिदेय मूल्य और वित्तीय आस्तियों के निवल बही मूल्य, से कम स्तर पर मूल्यांकित किया जाता है। प्रतिभूतिकरण रसीद को निम्न पर मूल्यांकित किया जाता है :

(ए) दिनांक 01.04.2017 से पहले एसआर/आरसी जारी की गई प्रतिभूति रसीद को परिसम्पत्ति पुनर्निमाण कंपनी द्वारा तुलन पत्र की दिनांक पर घोषित निवल परिसंपत्ति मूल्य पर मूल्यांकित किया जाता है और मूल्यह्रास होने पर उसके लिए प्रावधान किया जाता है तथा मूल्यवृद्धि होने पर उसपर ध्यान नहीं दिया जाता।

(बी) 01 अप्रैल, 2017 के प्रभाव से आरबीआई द्वारा जारी किए गए संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार एसआर पर प्रावधान की आवश्यकता निम्न बिन्दुओं से अधिक होगी:

i. एससी/आरसी द्वारा घोषित निवल आस्ति मूल्य के संदर्भ में प्रावधान दर

ii. अंतर्निहित ऋण पर लागू होने वाली प्रावधान दर, यह मानते हुए कि ऋण बैंक की बही में निरंतर जारी रहा है।

6.2 आरसी को बेची गयी वित्तीय आस्तियों के मामले में उनका मूल्यांकन और आय की पहचान, भारतीय रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार किया जाता है। अगर बिक्री मूल्य, निवल बही मूल्य (एनबीवी) से कम है (यथा, बही मूल्य से रखे गये प्रावधान घटाने के बाद का मूल्य) तो भारतीय रिज़र्व बैंक के विद्यमान दिशानिर्देशों के अनुसार उससे होनेवाली कमी को लाभ व हानि खाते में नामे डाला जाएगा या रखे गए अस्थायी प्रावधान का प्रयोग करते हुए इसका समंजन किया जाएगा।

6.3 यदि प्राप्त नकदी (आरंभिक प्रतिफल और/या प्रतिभूति रसीदों के मोचन के जरिए) आरसी को बेची गई अनर्जक आस्तियों (एनपीए) के निवल बही मूल्य से अधिक होती है तो अतिरिक्त प्रावधान को लाभ एवं हानि खाते में प्रत्यावर्तित किया जाता है। लाभ एवं हानि खाते में प्रत्यावर्तित किए गए अतिरिक्त प्रावधान की मात्रा उस सीमा तक सीमित है जिस सीमा तक प्राप्त नकदी बेची गई अनर्जक आस्तियों (एनपीए) के निवल बही मूल्य से अधिक होती है।

7. अग्रिम

7.1 मूल संस्था

7.1.1 भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी विवेकपूर्ण मानदण्डों के अनुसार भारत में अग्रिमों को उधारकर्ता-वार मानक, अव-मानक, संदिग्ध और हानि आस्तियों के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

7.1.2 गैर निष्पादक अग्रिमों के लिए निम्नानुसार प्रावधान किए गए हैं –

ए) अवमानक :

i. कुल बकाया पर 15 प्रतिशत का सामान्य प्रावधान

ii. प्रकटीकरण हेतु 10 प्रतिशत अतिरिक्त प्रावधान जो प्रारम्भ से ही अरक्षित हैं।

(अर्थात, जहां प्रतिभूतियों का वास्तविक मूल्य प्रारम्भ से ही 10 प्रतिशत से अधिक नहीं है)

बी) संदिग्ध संवर्ग – 1:

i. सुरक्षित भाग के लिए 25 प्रतिशत

ii. अरक्षित भाग के लिए 100 प्रतिशत

सी) संदिग्ध संवर्ग – 2:

i. सुरक्षित भाग के लिए 40 प्रतिशत

ii. अरक्षित भाग के लिए 100 प्रतिशत

डी) संदिग्ध वर्ग- 3 एवं हानि अग्रिम – 100 प्रतिषत

7.1.3 पुनर्गठित/पुनर्संरचित मानक अग्रिम सहित मानक अग्रिमों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशों के अनुसार प्रावधान किया जाता है।

7.1.4 विदेशी शाखाओं के मामले में ऋण हानियों के लिए आय-निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण तथा प्रावधान, स्थानीय आवश्यकताओं अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक के विवेकपूर्ण मानदंडों में से जो भी अधिक सख्त हो, के अनुसार किया जाता है।

आगे, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किये गये विनियमों के संबंध में अगर कोई आस्ति को बैंक के ओवरसीज बही में किसी भी समय गैर- निष्पादित आस्ति के रूप में वर्गीकृत किया जाना है तो बैंक द्वारा ऋणकर्ता को प्रदान की गई सभी सुविधाओं तथा ऋणकर्ता द्वारा जारी की गयी सभी प्रतिभूतियों में निवेश को एनपीए/एनपीआई के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा।

तथापि मेजबान विनियामकों द्वारा खातों को वसूली से अन्य कारणवश गैर निष्पादित/बाधित आस्तियों (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, तो भारत में वित्तीय विवरणियों के समेकन करते समयए उन्हें एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार प्रावधान किया जाएगा, जबकि

उसी प्रतिपक्षकारों को अन्य क्षेत्राधिकार में (भारत को सम्मिलत कर) प्रदत्त अन्य ऋण एक्स्पोजर के संबंध में आस्ति वर्गीकरण, संबंधित क्षेत्राधिकार में विद्यमान दिशानिर्देशों से अधिशासित होगा।

7.1.5 प्रकट किये गए अग्रिम, गैर-निष्पादित आस्तियों, डीआईसीजीसी/ईसीजीसी/सीजीटीएमएसई से प्राप्त तथा समायोजन हेतु लंबित रखे गए दावों, विविध खाते में प्राप्त और रखी गई चुकौतियों, सहभागिता प्रमाण-पत्रों एवं पुनः भुनाये गये मियादी बिलों के लिए किए गए प्रावधानों और मानक आस्तियों के रूप में वर्गीकृत पुर्नगठित खातों के उचित मूल्य में अधित्याग के बदले प्रावधान के बाद निवल हैं।

8 अचल आस्तियां / मूल्यह्रास

8.1 मूल संस्था:

8.1.1 अचल संपत्तियों को लागत/पुनर्मूल्यांकन राशि घटाकर संचित मूल्यह्रास/परिशोधन किया जाता है।

8.1.2 लागत में खरीद की लागत और सभी व्यय जैसे साइट की तैयारी, स्थापना लागत और परिसंपत्ति का उपयोग करने से पूर्व उनपर व्यय किए गए वत्तिक शुल्क शामिल हैं। उपयोग में आने वाली परिसम्पत्तियों पर किए गए बाद के व्यय का पूंजीकरण तभी किया जाता है जब यह ऐसी परिसंपत्तियां उनकी कार्य क्षमता पर भविष्य के आर्थिक लाभ को बढ़ाती है।

8.1.3 भारत में इमारतों का मूल्यह्रास (जमीन की लागत सहित जहां अविभाज्य/अलग नहीं है) और अन्य अचल संपत्तियों को स्ट्रेट लाइन पद्धति से दरों / उपयोग की गयी समय-सीमा के आधार पर किया जाएगा, जैसा कि नीचे वर्णित है:

क्रं. सं.	अचल आस्तियों का विवरण	मूल्यह्रास की दर/उपयोग की समय-सीमा
1.	कंप्यूटर	33.33% प्रतिवर्ष
2.	ऐसे कंप्यूटर सॉफ्टवेयर जो कंप्यूटर हार्डवेयर का एक अभिन्न अंग हैं।	33.33% प्रतिवर्ष
3.	ऐसे कंप्यूटर सॉफ्टवेयर जो कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट की लागत का एक अभिन्न अंग नहीं हैं।	33.33% प्रतिवर्ष
4.	ऑटोमेटेड टेलर मशीन/कैश डिपॉजिट मशीन/क्वाइन वेंडिंग मशीन	20.00% प्रतिवर्ष
5.	सर्वर	33.33% प्रतिवर्ष
6.	नेटवर्क उपकरण	20.00% प्रतिवर्ष
7.	अन्य अचल आस्तियां	आस्तियों के प्रमुख समूह का उपयोग करने की अनुमानित समय-सीमा निम्नानुसार है: परिसर:60 वर्ष तिजोरियां/लॉकर/दरवाजे (स्टील): 20 वर्ष वाहन: 5 वर्ष फर्नीचर एवं फिक्स्चर :10 वर्ष मोबाइल फोन :1 वर्ष

8.1.4 वर्ष के दौरान बेची गई/अर्जित की गई संपत्तियों के संबंध में, वर्ष के दौरान पूंजीकरण की तारीख से/संपत्ति के उपयोग की गयी समय-सीमा के लिए आनुपातिक आधार पर मूल्यह्रास किया जाएगा।

8.1.5 रुपए 5000/- तक की संपत्ति का पूरी तरह से मूल्यह्रास उसी वर्ष किया जाएगा जिस वर्ष उसे खरीदा गया हो।

8.1.6 पुनर्मूल्यांकन के समय मूल्यांकित की गई परिसंपत्ति को उसके उपयोग हेतु शेष समय-सीमा के आधार पर मूल्यह्रास किया जाएगा।

पुनर्मूल्यांकन के कारण परिसंपत्ति के शुद्ध बही मूल्य में वृद्धि को लाभ और हानि खाते के माध्यम से रूट किए बिना पुनर्मूल्यांकन हेतु रिजर्व खाते में जमा किया जाएगा। आईसीएआई द्वारा जारी संशोधित एएस 10 के अनुसार, पुनर्मूल्यांकन घटक से संबंधित मूल्यह्रास को राजस्व व्यय के तहत प्रभारित किया जाएगा और एक समतुल्य राशि को सीधे पुनर्मूल्यांकन रिजर्व के विरुद्ध प्रभारित किया जाएगा तथा राजस्व रिजर्व में जमा किया जाएगा।

8.1.7 उन आस्तियों के मामले में जहां सरकार से सब्सिडी प्राप्त होती है, उसको तत्संबंधित आस्ति खाता में जमा किया जाता है और तदनुसार मूल्यह्रास प्रभारित किया जाता है।

8.1.8 पट्टेवाली भूमि पर प्रीमियम, अधिग्रहण के वर्ष में पूंजीकृत किया जाता है और पट्टे की अवधि पर परिशोधित किया जाता है।

8.1.9 विदेशी शाखाओं की अचल आस्तियों के संबंध में मूल्यह्रास की व्यवस्था उन देशों में प्रचलित पद्धतियों के अनुसार की जाती है।

8.1.10 गैर-बैंकिंग आस्तियों (एनपीए) के संबंध में कोई मूल्यह्रास प्रभारित नहीं किया जाता है।

अनुषंगी कंपनियाँ :

8.2 इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लिमिटेड:

अचल आस्तियों को परम्परागत लागत पर, संचित मूल्यह्रास और क्षति के लिए प्रावधान (यदि कोई हो) को घटा कर बताया जाता है। पट्टे पर ली गई आस्तियों (दिसंबर 1997 के पहले संविदाकृत) को पट्टा समायोजन खाते में शेष के लिए आगे समायोजित किया जाता है।

मूल्यह्रास

ए) पट्टे पर दी गई आस्तियों को छोड़कर अन्य आस्तियों पर

पट्टे पर दी गई आस्तियों को छोड़कर अन्य आस्तियों पर कंपनी, स्ट्रेट लाइन मैथड (एसएलएम) यथानुपात आधार पर, कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II में निर्धारित दरों पर मूल्यह्रास का प्रावधान करती है। सॉफ्टवेयर लागतों को, उनके अर्जन के वर्ष से तीन वर्षों की अवधि के लिए परिशोधित किया जाता है।

बी) बन्द परिचालनों के अंतर्गत प्रदत्त पट्टेदारी आस्तियों पर:

परिचालन बन्द करने के तहत पट्टेदारी आस्तियों पर कंपनी घटते मूल्य पद्धति पर यथानुपात आधार पर, मूल्यह्रास का प्रावधान करती है तथा जिस महीने में आस्ति संस्थापित की गयी है, उसे पूर्ण महीना माना जाता है। पट्टा आस्तियों की लागत को पट्टे की अवधि के दौरान पूर्णतः परिशोधित किया जाता है (भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी पट्टों का लेखाकरण पर मार्गदर्शन नोट (संशोधित) के अनुसार)। सांविधिक मूल्यह्रास और वार्षिक

पट्टा प्रभार में अंतर का समायोजन, पट्टा समकरण के ज़रिए किया जाता है, जिसका समायोजन पट्टा आय के साथ किया जाता है।

8.3 इंडबैंक हाउसिंग लिमिटेड:

अचल संपत्तियों को लागत पर पूंजीकृत किया जाता है और लागत से मूल्यह्रास घटाकर दर्शाया गया है। मूल्यह्रास का परिकलन कंपनी अधिनियम 2013 की अनुसूची (II) में दी गई दरों पर मूल्यह्रासित पद्धति से किया जाता है।

9. राजस्व अभिज्ञान

मूल संस्था

9.1.1 आय और व्यय को, जब तक अन्यथा नहीं कहा जाए, सामान्यतः संचयी आधार पर हिसाब में लिया जाता है।

9.1.2 गैर-निष्पादक आस्तियों, सरकार द्वारा गारंटीकृत आस्तियों (जो 90 दिनों से ज्यादा अतिदेय हैं) लाभांश आय, बीमा दावे, जारी किये गये साख-पत्रों/गारंटियों पर कमीशन (परियोजना वित्त से इतर) धन प्रबंधन पर आय, खरीदे गए बिलों पर अतिरिक्त ब्याज/अतिदेय प्रभार, क्रेडिट कार्डों पर वित्तीय प्रभार, पुनः क्षतिपूरित करने के बैंक के अधिकार पर व्यय, डेबिट कार्डों पर एएमसी प्रभार, अन्य सभी कमीशन/शुल्क आय आदि को उनकी वसूली होने पर हिसाब में लिया गया है और प्राप्त किए गए लॉकर किराया एवं बैंक एश्यूरेन्स उत्पादों पर आय उपचय आधार पर लेखांकित किया जाता है।

9.1.3 अतिदेय विदेशी बिलों के मामले में, ब्याज और अन्य प्रभारों को भारतीय विदेशी मुद्रा व्यापारी संघ (फेडाय) के दिशानिर्देशों के अनुसार किस्ट्रलीकरण की तारीख तक माना गया है।

अनुषंगी कंपनियाँ:

9.2. इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लिमिटेड

ए) इश्यू प्रबंधन शुल्क और अन्य प्रबंधकीय सेवाओं के लिए शुल्क - समनुदेशन पूरा होने की तारीख को मान लिया जाता है।

बी) वित्तीय उत्पादों के वितरण पर हामीदारी कमीशन और दलाली - अंशदान ब्यौरे प्राप्त होने पर मान लिया जाता है।

सी) स्टॉक ब्रोकिंग परिचालनों के अधीन दलाली को संविदा के पूरा करने पर लेखांकित किया जाता है।

डी) अतिदेय पट्टा किराये पर और किराया खरीद किस्तों पर ब्याज पावती आधार पर लेखांकित किया जाता है। चूँकि बही खातों में बकाया राशि के लिए पूर्णतः प्रावधान रखा गया है, प्राप्त राशि को बकाए मूलधन राशि के तहत तथा शेष, ब्याज के तहत कुछ हों तो समायोजित किया जाता है।

इ) लाभांश आय का अभिज्ञान तब किया जाता है, जब प्राप्त करने का अधिकार स्थापित किया जाता है।

एफ) वार्षिक रखरखाव तथा लेनदेन प्रभार को डिपाजिटरी प्रतिभागी परिचालनों के अधीन क्रमशः वार्षिक रूप में और लेनदेन समाप्ति पर लिया जाता है।

9.3. इंडबैंक हाउसिंग लिमिटेड:

ए) आय की पहचान और गैर निष्पादक आस्तियों के लिए प्रावधान नेशनल हाउसिंग बैंक के विवेकी मानदंडों का पालन किया जाता है।

बी) आवास ऋणों की पुनरदायगी, समीकृत मासिक किस्तों (ईएमआई) के जरिए, की जाती है, जिसमें मूलधन और ब्याज राशि शामिल हैं। संबंधित अर्ध-वर्ष/वर्ष के आरंभिक शेष पर प्रत्येक अर्ध-वर्ष पर ब्याज का परिकलन किया जाता है। पूरे ऋण के वितरण के बाद ईएमआई आरंभ होती हैं। ईएमआई के प्रारंभ होने के समय तक, ईएमआई-पूर्व ब्याज देय है तथा मासिक आधार पर इसका अभिज्ञान किया जाता है।

10. क्रेडिट कार्ड पुरस्कार प्वाइंट

कार्ड सुविधा के उपयोग पर कार्ड सदस्यों द्वारा अर्जित पुरस्कार प्वाइंटों को इस प्रकार के उपयोग के कारण व्यय के रूप में पहचाना जाता है।

11. निवल लाभ/हानि

निम्नलिखित पर विचार करने के पश्चात लाभ व हानि लेखे में दर्शाया गया परिणाम:

- गैर निष्पादक अग्रिमों और/अथवा निवेशों के लिए प्रावधान
- मानक अग्रिमों पर सामान्य प्रावधान
- पुनः संरचित अग्रिमों हेतु प्रावधान
- अचल आस्तियों पर मूल्यह्रास के लिए प्रावधान
- निवेशों पर मूल्यह्रास के लिए प्रावधान
- आकस्मिकता निधि को/से अंतरण
- प्रत्यक्ष करों के लिए प्रावधान
- अरक्षित विदेशी मुद्रा एक्सपोजर के लिए प्रावधान
- सामान्य अथवा/और अन्य आवश्यक प्रावधान

12 स्टाफ सेवानिवृत्ति लाभ

12.1 मूल संस्था

12.1.1 भविष्य निधि

भविष्य निधि एक वैधानिक दायित्व है और अंशदायी भविष्य निधि का विकल्प चुनने वालों के मामले में बैंक पूर्वनिर्धारित दरों पर निश्चित अंशदान अदा करता है। ऐसे निश्चित अंशदान की राशि तक ही बैंक का दायित्व सीमित है। इन अंशदानों को लाभ एवं हानि लेखे में प्रभारित किया जाता है। निधि का प्रबंध इंडियन बैंक स्टाफ भविष्य निधि न्यास द्वारा किया जाता है।

12.1.2 उपदान

इंडियन बैंक कर्मचारी उपदान निधि नियमों एवं विनियमनों के अनुसार उपदान देयता एक वैधानिक दायित्व है और वित्तीय वर्ष के अंत में किए गए बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर इसके लिए प्रावधान किया जाता है। बैंक द्वारा उपदान देयता का निधीयन किया जाता है और इसका प्रबंध इंडियन बैंक कर्मचारी उपदान निधि न्यास द्वारा किया जाता है।

12.1.3. पेंशन

ए) इंडियन बैंक (कर्मचारी) पेंशन विनियमन 1995 के तहत पेंशन देयता एक परिभाषित लाभकारी दायित्व है तथा 31.03.2010 तक बैंक में भर्ती हुए और पेंशन का विकल्प देनेवाले कर्मचारियों को यह बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रदान की जाती है।

बी) नई पेंशन योजना (एनपीएस) जो उन कर्मचारियों पर लागू होती है, जिनकी भर्ती बैंक में 01.04.2010 के बाद हुई है और यह एक परिभाषित अंशदान योजना है। एनपीएस के अंतर्गत बैंक पूर्व निर्धारित दर पर एक निश्चित अंशदान अदा करता है और बैंक का दायित्व ऐसे निश्चित अंशदान तक सीमित है। इस अंशदान को लाभ एवं हानि खाते में प्रभारित किया जाता है।

12.1.4. क्षतिपूर्ति अनुपस्थितियाँ

संचित क्षतिपूर्ति अनुपस्थितियाँ, जैसे विशेषाधिकार अवकाश और चिकित्सा अवकाश, के लिए बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर प्रावधान किया जाता है।

12.1.5. अन्य कर्मचारी लाभ

अन्य कर्मचारी सुविधाएँ जैसे छुट्टी यात्रा रियायत और सेवानिवृत्ति पर अतिरिक्त सेवानिवृत्ति लाभ, बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर उपलब्ध करवाए जाते हैं। ओवरसीज शाखाओं एवं कार्यालयों में प्रतिनियुक्ति के अलावा कार्यरत कर्मचारियों से संबन्धित लाभ तत्संबंधी कार्याधिकार क्षेत्रों के कानून के तहत मूल्यांकित एवं लेखाबद्ध किए जाते हैं।

अनुषंगी कंपनियाँ

12.2 इंड बैंक मर्चेंट बैंकिंग सेवाएं लि.

अल्प कालिक कर्मचारी हितों/बाध्यताओं का प्राक्कलन कर प्रावधान किया गया।

ग्रेच्युटि – ग्रेच्युटि, जोकि अर्ह कर्मचारियों को कवर करनेवाली एक परिभाषित सेवानिवृत्ति लाभ योजना है, के प्रति अनुषंगी का दायित्व है। योजना में सेवानिवृत्ति, नियोजन में रहते मृत्यु अथवा नियोजन समापन पर निहित कर्मचारियों को समाप्त प्रत्येक वर्ष के लिए 15 दिनों के वेतन के बराबर की राशि देने का प्रावधान है। पांच वर्षों की सेवा की समाप्ति पर वेस्टिंग शुरू होती है। न्यास के रूप में स्थापित ग्रेच्युटि निधि को अनुषंगी भारतीय जीवन बीमा निगम के साथ समूह ग्रैच्युटि पॉलिसी के ज़रिए वार्षिक अंशदान देती है। ग्रेच्युटि के प्रति अनुषंगी की देयता का बीमांकिक निर्धारण तुलन पत्र की तारीख पर प्रक्षेपित यूनिट जमा (पीयूसी) पद्धति का प्रयोग करते हुए किया जाता है। बीमांकिक लाभ व हानि का राजस्व में अभिज्ञान किया जाता है।

भविष्य निधि – अनुषंगी के अर्ह कर्मचारी, भविष्य निधि जोकि एक परिभाषित अंशदान योजना है के तहत लाभ प्राप्त करने हेतु हक़दार हैं जिसमें कवर किए गए कर्मचारी के वेतन के एक निर्दिष्ट प्रतिशत पर दोनों कर्मचारी एवं अनुषंगी मासिक अंशदान देते हैं, विधि के तहत यथा निर्दिष्ट अंशदान भविष्य निधि को और भविष्य निधि प्राधिकारियों के साथ रखी गयी पेंशन निधि को अदा किए जाते हैं।

छुट्टी की भुनाई: इंडियन बैंक से प्रतिनियुक्त स्टाफ से अन्य कर्मचारियों की छुट्टी की भुनाई की देयता के लिए, प्रत्येक तुलन पत्र की तारीख पर न ली गई छुट्टी के दिनों के आधार पर बीमांकिक आधार पर प्रावधान किया जाता हैं।

इंडियन बैंक से प्रतिनियुक्ति पर रहे स्टाफ की सेवानिवृत्ति लाभ देयता, योग्य भविष्य निधि अंशदान के अलावा इंडियन बैंक द्वारा वहन की जाती है।

12.3 इंडबैंक हाउसिंग लिमिटेड:

भविष्य निधि में अंशदान, क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पास किए जाते हैं।

ग्रुप ग्रेच्युटि योजना के अन्तर्गत गठित न्यास द्वारा ग्रेच्युटि देयता की जाती है। न्यास ने भारतीय जीवन बीमा निगम से समूह ग्रेच्युटि पॉलिसी खरीदी है और इसका वार्षिक प्रीमियम, न्यास के ज़रिए अदा किया जाता है।

छुट्टी की भुनाई की देयता के लिए बीमांकिक आधार पर प्रावधान किया जाता है।

13. पट्टे हेतु लेखांकन

परिचालनगत पट्टों पर ली गई आस्तियों हेतु पट्टा भुगतानों को कीमत वृद्धि सहित पट्टा अवधि या आस्ति की अवधि, जो कम हो, के दौरान लाभ व हानि खाते में अभिज्ञात किये जाते हैं।

14. आकस्मिक देयताएँ और प्रावधान:

14.1 आकस्मिक देयताएं: संभावित या वर्तमान बाध्यताओं की ओर ले जाने वाली पिछली घटनाओं को निम्नलिखित उदाहरणों में आकस्मिक देयता के रूप में मान्यता दी जाती है:

(ए) ऐसी बाध्यताओं के मौजूद रहने की बात पुष्टिकृत नहीं की गई है

(बी) ऐसी बाध्यताओं को निपटाने के लिए संसाधन का बहिर्गमन आवश्यक नहीं है

(सी) बाध्यताओं की राशि के लिए कोई विश्वसनीय अनुमान नहीं किया जा सकता

(डी) ऐसी राशियां भौतिक नहीं हैं,

14.2 (ए) वर्तमान बाध्यताओं के संबंध में तब प्रावधान को माना जाता है, जब विश्वसनीय आकलन किया जा सकता है और/या संसाधनों का बहिर्गमन संभावित है, जिनमें बहुत छोटे दावों को छोडकर शेष मामलों में आर्थिक लाभों को त्यागना पड़ सकें।

(बी) बाजार जोखिम, देश जोखिम आदि के लिए प्रावधान भारतीय रिज़र्व बैंक के वर्तमान अनुदेशों के अनुसार किये जाते हैं।

(सी) बैंक प्रबन्धन द्वारा अभिज्ञात किये अनुसार फ्लोटिंग प्रावधान किया जाता है।

भारतीय रिजर्व बैंक के वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार फ्लोटिंग प्रावधान का प्रयोग निम्नलिखित हेतु किया जा सकता है

(i) गैर-निष्पादक आस्तियों हेतु विशेष प्रावधान करना

(ii) गैर-निष्पादक आस्तियों की बिक्री में किसी कमी की पूर्ति करना

15. आस्तियों का अनर्जक होना:

अचल आस्तियों (पुनर्मूल्यांकित आस्तियों सहित) के संबंध में आस्तियों की हानि यदि कोई हो, को लेखा मानक 28 'आस्तियों का अनर्जक होना' के अनुरूप पहचाना जाता है और उन्हें लाभ एवं हानि लेखे में प्रभारित किया जाता है। तथापि, पुनर्मूल्यांकित आस्ति पर अनर्जक हानि को उस आस्ति के लिए रखी गयी पुनर्मूल्यांकित अधिशेष राशि के तहत अभिज्ञानित किया जाता है जबतक उसी आस्ति के लिए पुनर्मूल्यांकित अधिशेष राशि में रखी गयी राशि अनर्जक आस्ति से अधिक न हो।

16. आय पर कर :

16.1 वर्तमान कर एवं आस्थगित कर दोनों के लिए कर हेतु प्रावधान किया जाता है।

16.2 वर्तमान कर का मापन, कर प्राधिकारियों को अदा की जानेवाली प्रत्याशित राशि के अनुसार लागू कर दरों, कर कानूनों एवं अनुकूल न्यायिक फैसलों/विधिक राय का प्रयोग करते हुए किया जाता है।

16.3 समय में अंतर के कारण उत्पन्न होनेवाली आस्थगित कर आस्तियां एवं देयताएं, जोकि आनेवाली अवधियों में रिवर्सल की क्षमता रखती हो, की पहचान, तुलन-पत्र की तिथि तक लागू कर दर या बाद में लागू किए गए कर दरों का प्रयोग करते हुए की जाती है। आस्थगित कर आस्तियों की पहचान तब तक नहीं की जाती जब तक यह 'वर्चुअल निश्चितता' न मिल जाए कि ऐसी आस्थगित कर आस्तियों की उगाही के सापेक्ष है पर्याप्त भविष्य कर योग्य आय उपलब्ध है।

17. परिचालनों को बन्द करना :

इंड बैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेस लि. के संबंध में परिचालनों को बन्द करने के लिए अपनायी जानेवाली लेखांकन नीतियाँ, परिचालनों को जारी रखने के लिए अपनायी जानेवाली लेखांकन नीतियों के समनुरूप हैं।

अनुसूची-18 लेखों पर टिप्पणियां
समेकित वित्तीय विवरण (2022-23)

1. अनुषंगियां:

क्रम सं.	अनुषंगी का नाम	निगमन का देश	निगमन की तिथि	बैंक की शेयरधारिता	सांविधिक लेखापरीक्षक का नाम	सांविधिक लेखापरीक्षक की नियुक्ति की तिथि
ए	इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लि.	भारत	11/08/1989	64.84%	ब्रह्मय्या एण्ड कं	26/08/2022
बी	इंडबैंक हाउसिंग लि.	भारत	28/01/1991	51.00%	मैसर्स एनसी राजगोपाल एण्ड कं	30/08/2022

2. सहयोगी:

क्रम सं.	सहयोगियों का नाम	शेयरधारिता का ढांचा
ए	तमिलनाडु ग्राम बैंक	35%
बी	सप्तगिरि ग्रामीण बैंक	35%
सी	पुदुवई भारतियार ग्राम बैंक	35%

3. संयुक्त उद्यमों में निवेश के लिए लेखांकन (एएस 27)

(राशि करोड़ में)

संस्था का नाम	देश/निवास	संबंध	स्वामित्व हित	शेयरधारिता की राशि
यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड	भारत	संयुक्त उद्यम	28.52%	105.00
एएसआरईसी (इंडिया) लिमिटेड	भारत	संयुक्त उद्यम	38.26%	37.50

4. लेखा समाधान एवं समायोजन

मूल संस्था:

ए) कुछ पुरानी प्रविष्टियों को छोड़कर अंतर शाखा लेखों का लेखा समाधान 31.03.2023 तक पूरा किया जा चुका है। बैंक के विभिन्न कारगर उपायों के द्वारा बकाया प्रविष्टियां के स्तर में कमी आई है।

बी) 31.03.2023 तक अंतर शाखा लेखों में 6 महीनों से अधिक के लिए बकाया असमाशोधित प्रविष्टियों के संबंध में निवल जमा स्थिति को ध्यान में रखते हुए प्रावधान की कोई आवश्यकता नहीं है। हालांकि वर्ष 2022-23 के दौरानए बैंक ने अंतर शाखा खाते में 228.01 करोड़ रुपये की राशि पर 5.35 करोड़ रुपये के नए प्रावधान सहित 100% प्रावधान बनाए हुए है।

सी) देय ड्राफ्ट, समाशोधन समायोजन, विविध प्राप्य राशियाँ, विविध जमा खाते आदि में और भारतीय रिजर्व बैंक तथा अन्य बैंकों से संबंधित बैंक समाधान में पुरानी बकाया प्रविष्टियां के समुचित समायोजन के लिए नियमित पुनरीक्षा की जाती है।

डी) कुछ शाखाओं में अनुषंगी बहियों/रजिस्टरों का तुलन और सामान्य बहियों के साथ लेखा समाधान प्रगति पर है। प्रबंधन की राय में खातों पर उपर्युक्त विषयों का परिणामी वित्तीय प्रभाव बहुत ज्यादा नहीं होगा।

ई) रुपये 8.60 प्रति इक्विटी शेयर का लाभांश यानी प्रदत्त पूंजी का 86% वित्त वर्ष 2022-23 के लिए बैंक द्वारा प्रस्तावित है।

5. अचल आस्तियां

मूल संस्था:

5.1 बैंक के परिसर में भूमि शामिल है तथा इसे पूनर्मूल्यांकित राशि पर लिया गया है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में, बैंक ने बाहरी स्वतंत्र मूल्यांकनकर्ता से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर अचल संपत्तियों का पुनर्मूल्यांकन किया है। 31.03.2023 को पुनर्मूल्यांकन रिजर्व का समापन शेष (राजस्व रिजर्व में हस्तांतरित राशि का शुद्ध) 6106.90 करोड़ रुपये (पिछले वर्ष 6211.02 करोड़ रुपये) है।

एएस-10 के अनुसार आस्ति के मामले में, जिसका पुनर्मूल्यांकन किया गया है, मूल्यह्रास पुनर्मूल्यांकित राशि पर प्रदान किया जाता है और पुनर्मूल्यांकित राशि के कारण वृद्धिशील मूल्यह्रास को 'पुनर्मूल्यांकन रिजर्व' में समायोजित किया जाता है।

वर्ष 2022-23 के लिए व्यय के तहत ₹110.87 करोड़ की राषि (पिछले वर्ष ₹147.27 करोड़) मूल्यहास हेतु प्रभारित किया गया तथा और ₹104.12 करोड़ की राशि (पिछले वर्ष ₹143.42 करोड़) के पुनर्मूल्यांकित अंश पर मूल्यह्रास को पूनर्मूल्यांकन आरक्षित से राजस्व आरक्षित में अंतरण किया गया।

5.2 निम्नलिखित संपत्तियों के लिए पंजीकरण औपचारिकताएं पूरी की जानी बाकी हैं:

परिसर में 8.38 करोड़ मूल्य की 9 (7+2*) संपत्तियाँ हैं जिनकी मूल/पुनर्मूल्यांकन बुक वैल्यू 65.98 करोड़ रुपये (विगत वर्ष - 66.74 करोड़ रुपये), निवल मूल्यह्रास 0.76 करोड़ रुपये (विगत वर्ष 1.46 करोड़ रुपये) है, जिसके लिए पंजीकरण प्रक्रिया लंबित है।

*हैदराबाद में रुपये 1.61 करोड़ लागत की संपत्ति, जहां यूएलसी प्राधिकरण के समक्ष मंजूरी लंबित है और चेन्नै में रुपये 2.32 करोड़ रुपये लागत की सम्पत्ति है, जहां डीआरएटी ने अंतरिम रोक लगायी है।

5.3 आरक्षितियों में कमी:

(राशि करोड़ में)

आरक्षितियां	आहरित राशि		उद्देश्य
पुनर्मूल्यन आरक्षितियां	2022-23	2021-22	
	104.12	143.42	परिसर के पुनर्मूल्यांकित भाग पर मूल्यह्रास

*वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए एएस-10 मानकों के प्रावधानों के अनुसार राषि को राजस्व रिज़र्व खाते में जमा किया गया।

6. कोविड-19 उपाय

दुनिया भर में कोविड-19 के प्रसार के परिणामस्वरूप आर्थिक गतिविधियों में गिरावट आई और वित्तीय बाजारों में अस्थिरता बढ़ गई। इस स्थिति में, हमें लगातार चुनौतियां मिल रही हैं और बैंक सभी मोर्चों पर उनका चुनौतियों का सामना करने के लिए खुद को तैयार कर रहा है। यह अनिश्चितता जारी है तथा बैंक इस स्थिति का निरंतर मूल्यांकन कर रहा है। कोविड-19 महामारी, बैंक के परिणामों को किस हद तक प्रभावित करेगी, यह भविष्य में विकसित होने वाले कारोबारी माहौल पर निर्भर करेगा। कोविड-19 महामारी बैंक के परिणामों को किस हद तक प्रभावित करेगी, यह भविष्य के अत्यधिक अनिश्चित घटनाक्रम पर निर्भर करेगा। प्रदत्त कार्यशील पूंजी चक्र और कम नकदी प्रवाह बैंक के लिए प्रमुख चुनौतियां होंगी। बैंक की पूंजी और नकदी की स्थिति मजबूत है तथा इस अवधि के दौरान भी यह बैंक का मुख्य क्षेत्र बना रहेगा।

7. कराधान

7.1 मूल संस्था:

ए. वर्ष के दौरान आयकर हेतु प्रावधान:

(राशि करोड़ में)

विवरण	2022-23	2021-22
कराधान के लिए प्रावधान (स्थगित कर सहित आयकर)	632.71	-740.59

31.03.2023 को भुगतान की गई विवादित आयकर मांग राशि ₹3953.36 करोड़ (पिछले वर्ष ₹3953.36 करोड़) थी। इसे आकस्मिक देयताएँ के तहत भी शामिल किया गया जिसमें से 31.03.2023 तक विवादित आयकर का भुगतान ₹8846.59 करोड़ (पिछले वर्ष ₹9187.03 करोड़) है। पहले की अवधि के लिए विदेशी शाखाओं से संबंधित आय के मामले में 8.34 करोड़ रुपये की राशि, जिसके लिए बैंक ने चालू वर्ष के दौरान प्रावधान किया है, को छोड़कर न्यायिक उद्घोषणाओं तथा बैंकों के स्वयं के मामले में अनुकूल निर्णयों के कारण कथित विवादित मांगों पर किसी भी बैंक द्वारा कोई प्रावधान करना आवश्यक नहीं समझा गया।

बी) आस्थगित कर: बैंक के पास 'अन्य संपत्ति' के तहत रुपये 4434.56 करोड़ (पिछले वर्ष निवल डीटीए 3872.91 करोड़ रुपये) का निवल डीटीए है। डीटीए और डीटीएल के प्रमुख घटक नीचे दिए गए हैं।

(राशि करोड़ में)

क्र.सं.	विवरण	31.03.2023	31.03.2022
	आस्थगित कर परिसंपत्तियां		
1	भुगतान/क्रिस्टलीकरण पर स्वीकार्य देनदारियों का प्रावधान	275.43	219.35
2	एफसीटीआर (विदेशी मुद्रा विनिमय रिजर्व)	122.57	99.08
3	ग्रेच्युटी के लिए प्रावधान	0.04	0.06
4	अशोध्य ऋणों के लिए प्रावधान	3864.41	3856.25
5	पुनर्गठित आस्तियों, एक्यूआर, एस4ए, दबावग्रस्त आस्तियों के लिए प्रावधान	1094.72	588.06
6	अचल संपत्तियों पर मूल्यह्रास	102.79	87.26
	कुल डीटीए	**5459.96**	**4850.06**
	आस्थगित कर उत्तरदायित्व		
1	अचल संपत्तियों पर मूल्यह्रास	44.40	44.40
2	बट्टे खाते में डाले गए खातों के लिए प्रावधान	363.15	363.15
3	स्टाफ वेलफेयर रिट्रीवल	4.11	4.11
4	धारा 36(1)(viii) के तहत विशेष रिजर्व	613.74	565.49
	कुल डीटीएल	**1025.40**	**977.15**
	निवल डीटीए/(डीटीएल)	**4434.56**	**3872.91**

7.2 अनुषंगी कंपनियां:

7.2.1इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लि.

ए. इस वर्ष में कर के लिए ₹91.22 लाख का प्रावधान किया गया है।

बी. विषयों पर न्यायिक निर्णयों और/या विधिक राय को ध्यान में रखते हुए आयकर की विवादित मांगों के लिए कोई प्रावधान नहीं रखा गया है।

सी. वर्ष के लिए स्थगित कर (निवल) हेतु ₹67.08 लाख का प्रावधान है (पिछले वर्ष- ₹15.55 लाख) तथा इसे लाभ एवं हानि लेखे में प्रभारित किया गया है।

डी. पूर्व अवधि के कर: शून्य

7.2.2इंडबैंक हाऊसिंग लिमिटेड

ए. भावी कर योग्य आय के सापेक्ष समंजन के लिए पात्र मूल्यह्रास और अग्रानीत हानियों को वर्चुअल अनिश्चितताओं के आधार पर स्थगित कर आस्तियों के रूप में नहीं माना गया है।

बी. आयकर विभाग ने आकलन वर्ष 1999-2000 के लिए ब्याज सहित ₹4.32 करोड़ के लिए एक मांग नोटिस भेजा है। यह मांग उपचय आधार पर गैर निष्पादक आस्तियों पर आय को ध्यान में लेते हुए भेजी गई है जिसे एनएचबी के दिशानिर्देशों के अनुसार आय के रूप में पहचाना नहीं जा सकता था। कंपनी ने इस मांग के विरुद्ध विवाद करते हुए माननीय मद्रास हाईकोर्ट के समक्ष अपील दायर की है और दिनांक 29.11.2021 को कंपनी के पक्ष में फैसला सुनाया गया है।

8. लेखा मानकों के संबंध में प्रकटीकरण

31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के लिए समेकित नकदी प्रवाह विवरण

(रु करोड़ में)

विवरण	समाप्त वर्ष	
	31.03.2023	31.03.2022
अल्पसंख्यक ब्याज से पहले लाभ और हानि खाते के अनुसार निवल लाभ	**5573.52**	**4144.19**
निम्नलिखित हेतु समायोजन:		
अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान	6516.22	8446.60
निवेश के लिए प्रावधान	492.15	453.75
मानक आस्तियों के लिए प्रावधान	2294.68	961.57
कर के लिए प्रावधान	659.47	(731.02)
अन्य प्रावधान और आकस्मिकताएं	141.60	3.81
अचल संपत्तियों पर मूल्यह्रास	532.39	600.86
पूंजी लिखत पर ब्याज	733.88	749.59
भूमि और भवनों की बिक्री पर हानि/(लाभ)	(0.16)	(3.05)
आयकर का भुगतान	(13.60)	(12.18)
कार्यशील पूँजी परिवर्तनों के पूर्व लाभ	**16930.15**	**14614.12**
परिचालनगत आस्तियों में (वृद्धि)/कमी		
निवेशों में (वृद्धि)/कमी	(12356.81)	1337.08
अग्रिमों में (वृद्धि)/कमी	(66714.84)	(34967.37)
अन्य आस्तियों में (वृद्धि)/कमी	2778.95	4947.50
	(76292.70)	**(28682.79)**
परिचालनगत देयताओं में वृद्धि/(कमी)		
जमाओं में वृद्धि/(कमी)	27552.35	55541.08
उधार में वृद्धि/(कमी) (पूंजीगत लिखत के अलावा)	4874.89	(6945.25)
अन्य देयताओं में वृद्धि/(कमी)	(958.68)	(5776.83)
	31468.56	**42819.00**
परिचालन से सृजित निवल नकदी (ए)	**(27893.99)**	**28750.33**
निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह		
अचल आस्तियों की खरीद	**(334.36)**	**(323.09)**
अचल आस्तियों की बिक्री	20.38	18.40
निवेश गतिविधियों से सृजित निवल नकदी (बी)	**(313.98)**	**(304.69)**
वित्तपोषण गतिविधियों से कुल नकदी प्रवाह		
लाभांश का भुगतान	(809.54)	(249.09)
टियर 2 बांडों का मोचन	0.00	(600.00)

(रू करोड़ में)

विवरण	समाप्त वर्ष	
	31.03.2023	31.03.2022
पूंजी लिखत पर ब्याज	(733.88)	(782.48)
अवधि के दौरान जारी की गई इक्विटी पूंजी (शेयर प्रीमियम सहित)	0.00	1650.00
वित्तपोषण गतिविधियों से सृजित निवल नकदी (सी)	**(1543.42)**	**18.43**
नकदी और नकदी समकरणों में निवल वृद्धि/(कमी) (ए) (बी) (सी)	**(29751.39)**	**28464.07**
अवधि के प्रारंभ में नकदी व नकदी तुल्य		
उपलब्ध नकदी (विदेशी मुद्रा नोट सहित)	1962.45	1658.38
भारतीय रिज़र्व बैंक में शेष		
(ए) चालू खातों में	22092.01	25886.80
(बी) अन्य जमा खातों में	34500.20	8900.00
बैंकों में शेष		
(ए) चालू खातों में	30.64	116.03
(बी) अन्य जमा खातों में	1413.81	2065.07
बैंकों में मांग एवं अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशियां	0.00	0.00
भारत के बाहर बैंकों में शेष		
(ए) चालू खातों में	503.98	1577.68
(बी) अन्य जमा खातों में	19453.09	11270.83
मांग एवं अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशियां	12.04	29.36
	79968.22	**51504.15**
अवधि के अंत में नकदी व नकदी तुल्य		
उपलब्ध नकदी (विदेशी मुद्रा नोट सहित)	1242.58	1962.45
भारतीय रिज़र्व बैंक के साथ शेष		
(ए) चालू खातों में	26670.15	22092.01
(बी) अन्य जमा खातों में	4780.00	34500.20
बैंकों में शेष		
(ए) चालू खातों में	70.37	30.64
(बी) अन्य जमा खातों में	1605.55	1413.81
बैंकों में मांग एवं अल्प सूचना पर राशियां	5007.04	0.00
भारत के बाहर बैंकों में शेष		
(ए) चालू खातों में	693.49	503.98
(बी) अन्य जमा खातों में	10144.91	19453.09
मांग एवं अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशियां	2.74	12.04
	50216.83	**79968.22**
नकद और नकद समकक्ष प्रारम्भ और अंत में अंतर	**(29751.39)**	**28464.07**

9. स्टाफ को प्रदत्त लाभ (एएस 15)

9.1 मूल संस्था

9.1.1 परिभाषित अंशदान योजनाएँ:

भविष्य निधि एक वैधानिक दायित्व है और अंशदायी भविष्य निधि का विकल्प चुननेवालों के मामले में बैंक पूर्वनिर्धारित दरों पर निश्चित अंशदान अदा करता है। ऐसे निश्चित अंशदान की राशि तक ही बैंक का दायित्व सीमित है। इन अंशदानों को लाभ एवं हानि लेखा में प्रभारित किया जाता है। निधि का प्रबंध इंडियन बैंक स्टाफ भविष्य निधि न्यास द्वारा किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान बैंक ने ₹0.91 करोड़ (पिछले वर्ष ₹1.14 करोड़) का अंशदान दिया है।

नई पेंशन योजना (एनपीएस) उन कर्मचारियों पर लागू होती है, जिनकी बैंक में भर्ती 01.04.2010 के बाद हुई है और यह एक परिभाषित अंशदान योजना है। एनपीएस के अंतर्गत बैंक पूर्व-निर्धारित दर पर एक निश्चित अंशदान अदा करता है और बैंक का दायित्व ऐसे निश्चित अंशदान तक सीमित है। इस अंशदान को लाभ एवं हानि लेखा में प्रभारित किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, बैंक ने ₹288.87 करोड़ (पिछले वर्ष ₹255.18 करोड़) का अंशदान दिया है।

9.1.2 परिभाषित लाभ योजनाएं:

लेखा मानक-15 (संशोधित) के अनुसरण में अपेक्षित लाभ एवं हानि लेखा और तुलन पत्र में मान्यता दिए गए नियोजनोत्तर लाभ और दीर्घकालीन कर्मचारी लाभों की संक्षेप में स्थिति निम्नानुसार है:

निम्न तालिका बैंक द्वारा नियुक्त स्वतंत्र बीमांकक द्वारा बीमांकिक मूल्यांकन के अनुसार परिभाषित लाभ पेंशन योजना और उपदान योजना का आधार निर्धारित करता है।

I. मूल बीमांकक अनुमान (भारित औसतों के रूप में व्यक्त)	**31/03/2023**	**31/03/2022**
बट्टे की दर-जी-सेक की दर	पेंशन एवं उपदान के लिए 7.48% - 15 वर्ष जी-सेक पेपर	पेंशन के लिए 7.27% - 15 वर्ष जी-सेक दस्तावेज
वेतन बढोत्तरी की दर	6.00% (वेतन संशोधन हेतु 0.50% सहित)	6.00% (वेतन संशोधन हेतु 0.50% सहित)
पदत्याग की दर	पेंशन के लिए 1.00% और सेवारत कर्मचारियों के लिए 2.00%	पेंशन के लिए 1.00% और सेवारत कर्मचारियों के लिए 2.00%
योजना आस्तियों पर अपेक्षित प्रतिफल की दर*	7.69% पेंशन के लिए और 7.83% उपदान के लिए	7.62% पेंशन के लिए और 7.67% उपदान के लिए
प्रयुक्त तरीका	परियोजना इकाई जमा (पीयूसी) बीमांकिक तरीका	परियोजना इकाई जमा (पीयूसी) बीमांकिक तरीका
मृत्यु दर	इंडियन एश्योर्ड लाइफ़्स मॉर्टलिटी (2012-14) अल्टिमेट	

*योजना आस्तियों पर अपेक्षित प्रतिफल की दर, छुट्टी भुनाई पर लागू नहीं होगी।

भविष्य में होनेवाली वेतन बढोत्तरी का आकलन, मुद्रास्फीति, वरिष्ठता, पदोन्नति और नियोजन बाज़ार में आपूर्ति और मांग जैसे संगत कारकों को हिसाब में लेते हुए और आईबीए द्वारा संसूचित अधिवर्षिता योजनाओं के निधीयन के दिशानिर्देश के अनुरूप किया जाता है। इस तरह के अनुमान बहुत दीर्घकालिक हैं और सीमित अतीत के अनुभव / तत्काल भविष्य पर आधारित नहीं हैं। अनुभवजन्य साक्ष्य यह भी बताते हैं कि बहुत लंबे समय में, लगातार उच्च वेतन वृद्धि दर संभव नहीं है। छुट्टी भुनाई की देयताएँ गैर-निधिक होती हैं।

(राशि करोड़ में)

II. बाध्यता के वर्तमान मूल्य (पीवीओ) में परिवर्तन - प्रारंभिक शेष एवं अंतशेष का लेखा समाधान	**पेंशन निधि**		**उपदान निधि**		**छुट्टी भुनाई**	
	2022-23	**2021-22**	**2022-23**	**2021-22**	**2022-23**	**2021-22**
वर्ष के आरंभ में पीवीओ	16546.73	15319.48	1783.68	1848.22	1004.75	977.42
ब्याज लागत	1139.92	1047.85	120.55	110.19	63.08	59.12
वर्तमान सेवा लागत	270.86	250.19	80.38	69.21	208.02	175.72
विगत सेवा लागत - पहचाने गए/निहित लाभ	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
विगत सेवा लागत - न पहचाने गए/अनिहित लाभ	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
प्रदत्त लाभ	-1733.82	-1812.10	-250.89	-274.20	-274.21	-284.86
बाध्यता पर बीमांकिक हानि / (लाभ)	1689.97	1741.31	63.18	30.26	187.82	77.35
वर्ष की समाप्ति पर पीवीओ	**17913.66**	**16546.73**	**1796.90**	**1783.68**	**1189.46**	**1004.75**

(राशि करोड़ में)

III. योजना आस्तियों के उचित मूल्य में परिवर्तन - प्रारंभिक शेष एवं अंतशेष का लेखा समाधान	पेंशन निधि		उपदान निधि		छुट्टी भुनाई	
	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22
वर्ष के आरंभ में योजना आस्तियों का उचित मूल्य	15893.63	14961.61	1802.75	1897.26	0.00	0.00
योजना आस्तियों पर अपेक्षित प्रतिफल	1227.56	1132.00	134.35	136.42	0.00	0.00
अंशदान	1872.61	1599.55	77.19	36.86	274.21	284.86
प्रदत्त लाभ	-1733.82	-1812.10	-250.89	-274.20	-274.21	-284.86
योजना आस्तियों पर बीमांकिक लाभ / (हानि)	13.28	12.57	0.89	6.41	0.00	0.00
वर्ष की समाप्ति पर योजना आस्तियों का उचित मूल्य	**17273.26**	**15893.63**	**1764.29**	**1802.75**	**0.00**	**0.00**

(राशि करोड़ में)

IV. योजना आस्तियों पर वास्तविक प्रतिफल	पेंशन निधि		उपदान निधि		छुट्टी भुनाई	
	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22
योजना आस्तियों पर अपेक्षित प्रतिफल	1227.56	1132.00	134.35	136.42	0.00	0.00
योजना आस्तियों पर बीमांकिक लाभ/(हानि)	13.28	12.57	0.89	6.41	0.00	0.00
योजना आस्तियों पर वास्तविक प्रतिफल	**1240.84**	**1144.57**	**135.24**	**142.83**	**0.00**	**0.00**

(राशि करोड़ में)

V. पहचाना गया बीमांकिक लाभ/हानि	पेंशन निधि		उपदान निधि		छुट्टी भुनाई	
	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22
वर्ष के लिए बीमांकिक लाभ/(हानि) - बाध्यता	-1689.97	-1741.31	-63.18	-30.26	-187.82	-77.35
वर्ष के लिए बीमांकिक लाभ/(हानि) - डीबीओ में वित्तीय धारणा में बदलाव के कारण	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
वर्ष के लिए बीमांकिक लाभ/(हानि)-योजना आस्तियां	13.28	12.57	0.89	6.41	0.00	0.00
वर्ष के लिए कुल लाभ/(हानि)	-1676.69	-1728.74	-62.29	-23.85	-187.82	-77.35
वर्ष के दौरान पहचाने गए बीमांकिक लाभ/(हानि)	**-1676.69**	**-1728.74**	**-62.29**	**-23.85**	**-187.82**	**-77.35**
वर्ष के अंत में न पहचाने गए बीमांकिक लाभ/(हानि)	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
बाध्यता पर बीमांकिक हानि / (लाभ)	**-1676.69**	**-1728.74**	**-62.29**	**-23.85**	**-187.82**	**-77.35**

(राशि करोड़ में)

VI. तुलन पत्र में पहचानी गयी राशियां और संबंधित विश्लेषण	पेंशन निधि		उपदान निधि		छुट्टी भुनाई	
	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22
बाध्यता का वर्तमान मूल्य	17913.66	16546.73	1796.90	1783.68	1189.46	1004.75
योजना आस्तियों का उचित मूल्य	17273.26	15893.63	1764.29	1802.75	0.00	0.00
अन्तर. निवल (देयता)/तुलन पत्र में पहचानी गई आस्ति	-640.40	-653.10*	-32.61	19.07	1189.46	1004.75
पहचान न की गयी संक्रमणकालीन देयता	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
पहचान न की गयी विगत सेवा लागत	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
तुलन पत्र में पहचानी गयी देयता	**-640.40**	**-653.10***	**-32.61**	**19.07**	**1189.46**	**1004.75**

*फैमिली पेंशन नियमों में परिवर्तन के कारण प्रावधान शामिल है

(राशि करोड़ में)

VII. लाभ एवं हानि लेखे में पहचाने गये व्यय	पेंशन निधि		उपदान निधि		छुट्टी भुनाई	
	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22
वर्तमान सेवा लागत	270.86	250.19	80.38	69.21	208.02	175.72
ब्याज लागत	1139.92	1047.85	120.55	110.19	63.08	59.12
योजना आस्तियों पर अपेक्षित प्रतिफल	-1227.56	-1132.00	-134.35	-136.42	0.00	0.00
निवल बीमांकिक (लाभ)/ हानि जो इस वर्ष में पहचानी गयी है	1676.69	1728.74	62.29	23.85	187.82	77.35
इस वर्ष में पहचानी गयी संक्रमणकालीन देयता	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
विगत सेवा लागत - पहचानी गई	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
लाभ एवं हानि लेखे में पहचाने गये व्यय	**1859.91**	**1894.78**	**128.87**	**66.83**	**458.92**	**312.19**

(राशि करोड़ में)

VIII. तुलन पत्र में पहचानी गयी देयताओं में परिवर्तन	पेंशन निधि		उपदान निधि		छुट्टी भुनाई	
	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22
निवल देयता का आरंभिक शेष	-653.10	-357.87	19.07	49.04	-1004.75	-977.42
उपर्युक्तानुसार व्यय	-1859.91	-1894.78	-128.87	-66.83	-458.92	-312.19
प्रदत्त अंशदान	1872.61	1599.55	77.19	36.86	274.21	284.86
निवल देयता का अंत शेष	**-640.40**	**-653.10**	**-32.61**	**19.07**	**-1189.46**	**-1004.75**

(राशि करोड़ में)

IX. योजना आस्तियों/देयताओं पर अनुभव समायोजन (ii) पिछले वर्ष 2018-23 पेंशन	...को समाप्त वर्ष					
	31.03.2018	31.03.2019	31.03.2020	31.03.2021	31.03.2022	31.03.2023
बाध्यता का वर्तमान मूल्य	6245.89	6520.32	6801.96	15319.48	16546.73	17913.66
योजना आस्तियां	6146.80	6418.93	6697.41	14961.61	15893.63	17273.26
अधिशेष (घाटा)	-99.09	-101.39	-104.55	-357.87	-653.10	-640.40
योजना देयताओं पर अनुभव समायोजन (हानि)/लाभ	-704.39	-335.65	-449.25	-1542.88	-1741.31	-1689.97
योजना आस्तियों पर अनुभव समायोजन (हानि)/लाभ	10.93	-8.58	13.32	-193.89	12.57	13.28

(राशि करोड़ में)

IX. योजना आस्तियों/देयताओं पर अनुभव समायोजन (iii) पिछले वर्ष 2018-23 - उपदान	...को समाप्त वर्ष					
	31.03.2018	31.03.2019	31.03.2020	31.03.2021	31.03.2022	31.03.2023
बाध्यता का वर्तमान मूल्य	964.99	923.85	928.98	1848.22	1783.68	1796.90
योजना आस्तियां	932.55	910.66	896.40	1897.26	1802.75	1764.29
अधिशेष (घाटा)	-32.44	-13.19	-32.58	49.04	19.07	-32.61
योजना देयताओं पर अनुभव समायोजन (हानि)/लाभ	-36.20	-2.11	-61.22	23.06	-30.26	-63.18
योजना आस्तियों पर अनुभव समायोजन (हानि)/लाभ	22.12	-0.38	2.71	14.15	6.41	0.89

(राशि करोड़ में)

IX. योजना आस्तियों/देयताओं पर अनुभव समायोजन (iii) पिछले वर्ष 2018-23 छुट्टी भुनाई	...को समाप्त वर्ष					
	31.03.2018	31.03.2019	31.03.2020	31.03.2021	31.03.2022	31.03.2023
बाध्यता का वर्तमान मूल्य	179.51	188.21	210.29	977.42	1004.75	1189.46
योजना आस्तियां	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
अधिशेष (घाटा)	-179.51	-188.21	-210.29	-977.42	-1004.75	-1189.46
योजना देयताओं पर अनुभव समायोजन (हानि)/लाभ	10.18	7.58	17.71	7.62	-77.35	-187.82
योजना आस्तियों पर अनुभव समायोजन (हानि)/लाभ	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00

X. योजना आस्तियों के मुख्य संवर्ग (कुल योजना आस्तियों के प्रतिशत में)	2022-23		2021-22	
	पेंशन निधि	उपदान निधि	पेंशन निधि	उपदान निधि
भारत सरकार प्रतिभूतियाँ और राज्य सरकार प्रतिभूतियाँ	29.29%	23.35%	32.38%	23.42%
उच्च गुणवत्तावाले कार्पोरेट बांड/पीएसयू बांड	15.64%	12.88%	13.42%	12.21%
विशेष जमा योजना	0.06%	0.04%	0.06%	0.04%
बीमाकर्ता द्वारा प्रबंधित निधियाँ	54.48%	63.53%	53.98%	64.11%
इक्विटी और म्युचुअल फंड	0.53%	0.20%	0.16%	0.22%
पूंजी बाज़ार	-	-	-	-
कुल	**100.00%**	**100.00%**	**100.00%**	**100.00%**

i. अन्य दीर्घकालीन कर्मचारी लाभ

बैंक द्वारा नियुक्त स्वतंत्र बीमांकक द्वारा किए गए बीमांकिक मूल्यांकन के अनुसार दीर्घकालीन कर्मचारी लाभों के लिए ₹73.65 करोड़ की राशि (गत वर्ष ₹48.43 करोड़) का प्रावधान किया गया है तथा इसे लाभ एवं हानि लेखे में 'कर्मचारियों को भुगतान और उनके लिए प्रावधान' शीर्ष के तहत शामिल किया गया है।

वर्ष के दौरान विभिन्न दीर्घकालीन कर्मचारी लाभों हेतु बनाए गए प्रावधान / (अवलिखित) अतिरिक्त प्रावधानों का विवरण:

(राशि करोड़ में)

क्र. सं.	दीर्घकालीन कर्मचारी लाभ	31/03/2023	31/03/2022
1.	बीमारी छुट्टी	2.54	1.84
2.	आकस्मिक छुट्टी	-0.03	0.09
3.	छुट्टी यात्रा रियायत	71.14	46.50
कुल		**73.65**	**48.43**

9.2 अनुषंगी कंपनियां

9.2.1 इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लिमिटेड

परिभाषित अंशदान योजना

परिभाषित अंशदान योजना हेतु अंशदान जिसे वर्ष के लिए व्यय माना गया, निम्न प्रकार प्रस्तुत है:

(राशि ₹ में)

विवरण	2022-23	2021-22	2020-21
भविष्य निधि को नियोक्ता का अंशदान	5664782	4763140	4503279

परिभाषित लाभ योजना

I) **परिभाषित लाभ बाध्यता के प्रारंभिक शेष और अंतिम शेष का लेखा समाधान**

(राशि ₹ में)

विवरण	उपदान (निधिक)		(छुट्टी भुनाई) (गैर-निधिक)	
	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22
वर्ष के आरंभ में परिभाषित लाभ बाध्यता	18226005	15294514	12466073	9559705
वर्तमान सेवा लागत	1428967	1336060	520230	453039
ब्याज लागत	1255129	1014041	844869	632013
बीमांकिक (लाभ)/ हानि	1382131	1476701	1021357	2433748
प्रदत्त लाभ	(539866)	(895281)	-758504	(612432)
निपटान लागत	-	-	-	-
वर्ष के अंत में परिभाषित लाभ बाध्यता	**21752366**	**18226005**	**14094025**	**12466073**

II) **योजना आस्तियों के अथशेष व इतिशेष के उचितमूल्य का लेखा समाधान**

(राशि ₹ में)

विवरण	उपदान (निधिक)	
	2022-23	2021-22
वर्ष के आरंभ में योजना आस्तियों का उचित मूल्य	18885757	15598048
योजना आस्तियों पर प्रत्याशित प्रतिफल	1363214	(1139501)
अंशदान	(345246)	3066712
बीमांकिक (लाभ)/ हानि	1773034	(23223)
प्रदत्त लाभ	(539866)	(895281)
निपटान लागत	-	-
वर्ष के अंत में योजना आस्तियों का उचित मूल्य	21136893	16606755
योजना आस्तियों पर वास्तविक प्रतिफल	**1727377**	**1499924**

III) **आस्तियों व बाध्यताओं के उचित मूल्य का लेखा समाधान**

(राशि ₹ में)

विवरण	उपदान (निधिक)		छुट्टी भुनाई (गैर-निधिक)	
	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22
योजना आस्तियों का उचितमूल्य	21136893	16606755	-	-
बाध्यता का वर्तमान मूल्य	21752366	18226005	14094025	12466073
तुलन-पत्र में अभिज्ञात राशि	(615473)	(1619250)	(14094025)	(12466073)

IV) **वर्ष के दौरान अभिज्ञात व्यय**

(राशि ₹ में)

विवरण	उपदान (निधिक)		छुट्टी भुनाई (गैर-निधिक)	
	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22
वर्तमान सेवा लागत	1428967	1336030	520230	453039
ब्याज लागत	1255129	1014041	844869	632013
योजना आस्तियों पर प्रत्याशित प्रतिलाभ	1363214	(1139501)	-	-
बीमांकक(लाभ) /हानि	1727377	1499924	1021357	2433748
निवल लागत	5774687	2710494	2386456	3518801

V) **बीमांकक अनुमान**

विवरण	उपदान (निधिक)		छुट्टी भुनाई (गैर-निधिक)	
	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22
मृत्यु संख्या सारणी (एलआईसी)	2012-14 (अंतिम)	2012-14 (अंतिम)	2012-14 (अंतिम)	2012-14 (अंतिम)
बट्टा दर (प्रतिवर्ष)	6.99%	6.99%	7.37%	6.99%
प्रतिलाभ की प्रत्याशित दर (प्रतिवर्ष)	6.99%	6.99%	-	-
वेतनवृद्धि दर (प्रतिवर्ष)	5.00%	5.00%	5.00%	5.00%
सेवात्याग दर	7.00%	7.00%	7.00%	7.00%

मुद्रास्फीति, वरिष्ठता, पदोन्नति एवं नियोजन बाजार में आपूर्ति और माँग सहित अन्य संबंधित घटकों को ध्यान में रखते हुए बीमांकक मूल्यांकन में वेतन में वृद्धि की दर का अनुमान लगाया गया है। प्रतिलाभ की प्रत्याशित दर कतिपय लागू घटकों, मुख्यतः धारित योजना आस्तियों का सम्मिश्रण, निर्धारित जोखिमों, योजना आस्तियों पर प्रतिलाभ के ऐतिहासिक परिणाम और योजना आस्तियों हेतु कंपनी की नीति को ध्यान में रखकर निर्धारित की गई है। इंडियन बैंक से प्रतिनियुक्त स्टाफ के संबंध में सेवानिवृत्ति लाभ देयता का वहन इंडियन बैंक द्वारा किया जाएगा।

कंपनी ने वर्ष 2022-23 में उपदान देयता में ₹25.01 लाख (पिछले वर्ष 29.54 लाख) का अंशदान दिया है।

9.2.2 इंडबैंक हाउसिंग लि.

उपदान निधि के प्रति कंपनी की बाध्यता एवं बीमांकक मूल्यांकन के ब्यौरे:

(राशि ₹ में)

1	कुल विगत सेवा उपदान	शून्य
2	विगत सेवा उपदान बीमांकक मूल्य	शून्य
3	जीवन बीमा निगम के साथ उपदान निधि	शून्य
4	जीवन बीमा निगम को देय अंशदान	शून्य
5	वर्ष के दौरान प्रदत्त अंशदान	शून्य
6	शेष देय	शून्य
7	प्रदत्त जोखिम प्रीमियम एवं सेवाकर	शून्य
8	वेतन में वृद्धि का अनुमानित बट्टा दर पूर्वानुमान	अप्रयोज्य

10. सेगमेंट रिपोर्टिंग (समेकित) (एएस 17)

10.1 सेगमेंट की पहचान

I. प्राथमिक (कारोबार खंड)

- राजकोष
- कॉर्पोरेट/थोक बैंकिंग
- खुदरा बैंकिंग*
- अन्य बैंकिंग व्यवसाय

*आरबीआई के परिपत्र डीओआर.एयूटी.आरईसी.12/22.01.001/2022-23 दिनांक 7 अप्रैल 2022 के अनुसार रिटेल बैंकिंग सेगमेंट को डिजिटल बैंकिंग और अन्य रिटेल बैंकिंग सेगमेंट में उप-विभाजित किया गया है।

बैंक की वर्तमान लेखा और सूचना प्रणाली उपरोक्त खंडों के संबंध में अलग-अलग से डेटा प्राप्त करने और निकालने का समर्थन नहीं करती है। हालाँकि, वर्तमान आंतरिक, संगठनात्मक और प्रबंधन रिपोर्टिंग संरचना और उनके जोखिम और विवरणियों की प्रकृति के आधार पर, प्राथमिक खंडों के डेटा की गणना निम्नानुसार की गई है:

i. राजकोष

राजकोष खंड में संपूर्ण संविभाग निवेश और विदेशी विनिमय संविदाओं और व्युत्पन्न संविदाओं में व्यापार शामिल है। राजकोष खंड के राजस्व में मुख्यतः संविभाग निवेश पर व्यापार संचालन और ब्याज आय से शुल्क और लाभ या हानि शामिल होती है।

ii. कॉर्पोरेट/थोक बैंकिंग-

कॉर्पोरेट/थोक बैंकिंग खंड में कॉपरिट खाता समूह, वाणिज्यिक ग्राहक समूह और दबावग्रस्त आस्तियां संकल्प समूह की उधार गतिविधियां शामिल हैं। इनमें कॉपरिट और संस्थागत ग्राहकों को ऋण और लेनदेन सेवाएं प्रदान करना शामिल है और इसके अलावा विदेशी कार्यालयों के गैर-कोषागार संचालन शामिल हैं।

iii. खुदरा बैंकिंग

- डजिटल बैंकिंग - 7 अप्रैल, 2022 के आरबीआई परिपत्र के अनुपालन में, बैंक ने 31 मार्च, 2023 को समाप्त वर्ष के दौरान तीन डीबीयू में परिचालन शुरू किया है। खंड की जानकारी उक्त डीबीयू के संचालन से संबंधित है।
- अन्य रिटेल बैंकिंग खंड में खुदरा शाखाएँ, जिसमें मुख्य रूप से बैंकिंग संबंध रखने वाले कॉपरिट ग्राहकों के साथ उधार गतिविधियों सहित व्यक्तिगत बैंकिंग गतिविधियाँ की जाती हैं, शामिल हैं। इस खंड में एजेंसी व्यवसाय और एटीएम भी शामिल हैं।

iv. अन्य बैंकिंग व्यवसाय

उपरोक्त (i) से (iii) के अंतर्गत वर्गीकृत नहीं किए गए खंडों को इस प्राथमिक खंड के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया है।

II. द्वितीयक (भौगोलिक खण्ड)

(i) देशी परिचालन - भारत में संचालन करने वाली शाखाएँ / कार्यालय

(ii) विदेशी परिचालन - भारत के बाहर संचालन करने वाली शाखाएं/कार्यालय और भारत में संचालन करने वाली ऑफशोर बैंकिंग इकाइयां

III. व्यय, आस्ति और देयताओं का आबंटन

कॉर्पोरेट केंद्र के प्रतिष्ठानों पर किए गए व्यय सीधे कॉर्पोरेट / थोक और खुदरा बैंकिंग संचालन या राजकोष संचालन खंड के लिए स्त्रोतजन्य हैं, तदनुसार आबंटित किए जाते हैं। व्यय, सीधे तौर पर स्त्रोतजन्य नहीं है, उन्हें प्रत्येक खंड में खंड आस्ति के अनुपात के आधार पर या जो सीधे तौर पर स्त्रोतजन्य व्यय में आबंटित किया जाता है। बैंक के पास कुछ सामान्य आस्तियां और देयताएं हैं, जिन्हें किसी भी खंड के लिए स्त्रोतजनक नहीं ठहराया जा सकता है, और उन्हें असंबद्ध माना जाता है।

10.2 समेकित खंड जानकारी

(रु. करोड़ में)

भाग ए बिजनेस सेगमेंट	राजकोष		कॉर्पोरेट/थोक बैंकिंग		खुदरा बैंकिंग		डिजिटल बैंकिंग		अन्य खुदरा बैंकिंग		अन्य बैंकिंग परिचालन		कुल	
	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22
राजस्व	13781.49	13767.26	18223.54	16082.40	19474.98	15415.12	0.00	अप्रयोज्य	19474.98	15415.12	1309.65	1003.37	52789.66	46268.15
परिणाम	5673.24	6355.67	4468.80	3079.29	4702.20	2938.78	-0.25	अप्रयोज्य	4702.45	2938.78	503.37	411.62	15347.61	12785.36
अनाबंटित व्यय													9357.66	9522.49
परिचालनगत लाभ													5989.95	3262.87
अल्पसंख्यक हित													1.21	2.38
अन्य अनाबंटनीय आय													243.04	150.30
आय कर													659.47	-731.02
अपवाद स्वरूप मदें													0.00	0.00
निवल लाभ													5572.31	4141.81
अन्य जानकारी														
खण्डीय आस्तियां	218813.92	240001.83	232908.23	215377.81	249089.62	206008.16	0.93	अप्रयोज्य	249088.69	206008.16	2796.14	2382.36	703607.91	663770.16
अनाबंटित आस्तियां													9726.09	10326.27
कुल आस्तियां													713334.00	674096.43
खण्डीय देयताएं	204039.68	224383.64	217182.35	201362.03	232271.18	192602.11	1.18	अप्रयोज्य	232270.00	192602.11	1299.20	1185.25	654792.41	619533.03
अनाबंटित देयताएं													9034.77	9611.47
आरक्षित पूंजी व अधिषेष													49506.82	44951.93
कुल देयताएं													713334.00	674096.43

भाग बी भौगोलिक खण्ड	देशी		अंतर्राष्ट्रीय		कुल	
	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22	2022-23	2021-22
राजस्व	51747.97	45960.46	1041.69	307.69	52789.66	46268.15
आस्तियां	681713.03	652421.69	31620.97	21674.74	713334.00	674096.43

जहां प्रत्यक्ष आबंटन संभव नहीं है, खण्डीय राजस्व और व्ययों को खण्डीय आस्तियों के आधार पर प्रभाजित किया गया है।

जहाँ भी आवश्यक हो, पिछले वर्ष के आँकड़ों को पुनःसमूहित किया गया है।

11. संबंधित पार्टी प्रकटीकरण (एएस 18)

11.1 मूलसंस्था

संबंधित पक्षों के नाम और बैंक के साथ उनका संबंध

ए) सहायक कंपनियां:
- i) इंड बैंक हाउसिंग लिमिटेड
- ii) इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लिमिटेड

बी) सहयोगी: (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक)
- i) तमिलनाडु ग्राम बैंक
- ii) सप्तगिरी ग्रामीण बैंक
- iii) पुदुवई भारतियार ग्राम बैंक

सी) संयुक्त उद्यम:
- i) यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्यूरेंस कंपनी लिमिटेड
- ii) एएसआरईसी (इंडिया) लिमिटेड

डी) प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक:

नाम	पदनाम	नियुक्ति की तारीख	समाप्ति की तारीख
श्री एस एल जैन	प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी	01.09.2021	
श्री इमरान अमीन सिद्दीकी	कार्यपालक निदेशक	10.03.2021	
श्री अश्वनी कुमार	कार्यपालक निदेशक	21.10.2021	
श्री महेश कुमार बजाज	कार्यपालक निदेशक	21.11.2022	

ई) गैर-कार्यकारी निदेशकों की शेयरधारिता:

क्र.सं.	गैर-कार्यकारी निदेशक का नाम	पदनाम	धारित शेयर की संख्या
1	डॉ. भरत कृष्ण शंकर	शेयरधारक निदेशक	300
2	सुश्री पापिया सेनगुप्ता	शेयरधारक निदेशक	200

संबंधित पार्टी लेनदेन निम्नानुसार हैं:

प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों को वर्ष के दौरान रुपये **135.84** लाख पारिश्रमिक के रूप में भुगतान किए गए हैं (गत वर्ष रुपए **172.37** लाख)

विवरण	2022.23	2021-2022
सुश्री पद्मजा चुन्डूरू, एमडी एवं सीईओ प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (01.04.2021 से 31.08.2021)	--	₹40.30 लाख
श्री शांति लाल जैन, एमडी एवं सीईओ प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (01.04.2022 से 31.03.2023)	₹40.74 लाख	₹20.27 लाख
श्री शेणॉय विश्वनाथ वी, कार्यपालक निदेशक प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (01.04.2021 से 31.03.2022)	--	₹32.76 लाख
श्री के रामचन्द्रन, कार्यपालक निदेशक प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (01.04.2021 से 30.06.2021)	--	₹30.19 लाख
श्री इमरान अमीन सिद्दीकी, कार्यपालक निदेशक प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (01.04.2022 से 31.03.2023)	₹36.53 लाख	₹30.00 लाख
श्री अश्वनी कुमार, कार्यपालक निदेशक प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (01.04.2022 से 31.03.2023)	₹47.23 लाख*	₹18.85 लाख
श्री महेश कुमार बजाज, कार्यपालक निदेशक प्रदत्त वेतन और पारिश्रमिक (21.11.2022 से 31.03.2023)	₹11.34 लाख	--

*12.32 लाख आवास भत्ता सहित

सम्बद्ध पार्टी से संबंधित अन्य प्रकटीकरण निम्नानुसार हैं:

(राशि करोड़ में)

मद/सम्बद्ध पार्टी	मूल संस्था (स्वामित्व या नियंत्रण के अनुसार)	सहयोगी/संयुक्त उद्यम	कुल
सेवाओं का प्रतिपादन	15.28	2.17	15.28
सेवाओं की प्राप्ति	2.17	15.28	2.17

11.2 अनुषंगी कंपनी:

11.2.1 इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लि.

प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक:

बंधकीय पारिश्रमिक

(राशि लाख में)

नाम	पदनाम		2022-23
श्री वी हरीबाबू	अध्यक्ष एवं पूर्णकालिक निदेशक	वेतन	22.70
		भविष्य निधि को अंशदान	1.25
श्री ए राजारामन	अध्यक्ष एवं पूर्णकालिक निदेशक (30.11.2021 तक)	वेतन	0.00
		भविष्य निधि को अंशदान	0.00
श्री तौसिफ़ इनामदार	उपाध्यक्ष एवं सीएफओ (22.07.2022 से)	वेतन	11.18
		भविष्य निधि को अंशदान	0.90
श्री यू राजकुमार	उपाध्यक्ष एवं सीएफओ (02.09.2021 तक)	वेतन	0.00
		भविष्य निधि को अंशदान	0.00
सुश्री चित्रा एम ए	कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी	वेतन	12.19
		भविष्य निधि को अंशदान	1.31
श्री वी बालामुरुगन	कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी (28.01.2022 तक)	वेतन	0.00
		भविष्य निधि को अंशदान	0.00
गैर-पूर्णकालिक स्वतंत्र निदेशकों को भुगतान किया गया बैठक शुल्क			5.67

कंपनी के अध्यक्ष एवं पूर्णकालिक निदेशक इंडियन बैंक से प्रतिनियुक्ति पर है तथा उन्हें उपर्युक्त बैंक के सेवानियम के अनुसार व कंपनी के शेयरधारकों द्वारा ''पूर्णकालिक निदेशक'' के रूप में नियुक्ति की शर्तों के अनुसार पारिश्रमिक दिया जाता है।

कंपनी के उपाध्यक्ष और सीएफओ इंडियन बैंक से प्रतिनियुक्ति पर हैं और उन्हें उपर्युक्त बैंक के सेवानियमों के अनुसार पारिश्रमिक दिया जाता है।

कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी को सीधे कंपनी द्वारा भर्ती किया गया है और उन्हें कंपनी द्वारा दिए गए रोजगार की पेशकश की शर्तों के अनुसार पारिश्रमिक दिया जाता है।

11.2.2 इंड बैंक हाउसिंग लिमिटेड

कंपनी के प्रबंध निदेशक इंडियन बैंक से प्रतिनियुक्ति पर है तथा वह अपना पारिश्रमिक उस कंपनी के अध्यक्ष के रूप में इंडबैंक मर्चेन्ट बैंकिंग सर्विस लिमिटेड से प्राप्त करते हैं। अतः इस कंपनी द्वारा पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया जाता है।

अन्य संबंधित पार्टियाँ सरकार नियुंत्रित उद्यम हैं और इस कारण एएस-18 के पैराग्राफ 9 के अनुसार कोई प्रकटीकरण अपेक्षित नहीं है। आगे, एएस-18 के पैराग्राफ 5 के अनुसार बैंकर-ग्राहक संबंध के लेनदेनों को प्रकट करना अपेक्षित नहीं है।

12. पट्टा (एएस 19)

12.1 मूल संस्था

ए) पट्टे / किराए आधार पर ली गई परिसंपत्तियों के संबंध में, बैंक के विकल्प के अनुसार उन्हें नवीकृत/रद्द किया जा सकता है।

बी) बैंक द्वारा किए गए पट्टे करार, आपस में सहमत अवधि के लिए हैं जिसमें लिखित रूप से सहमत कैलण्डर महीनों की नोटिस देने के जरिए पट्टे की अवधि के दौरान भी उसे समाप्त किया जा सकता है।

सी) परिचालनगत पट्टों के लिए प्रदत्त पट्टा किराए को, जिस वर्ष से संबन्धित है, उसी वर्ष में लाभ एवं हानि लेखे में व्यय के रूप में पहचाना जाता है। वर्तमान वर्ष के दौरान पहचाना गया पट्टा किराया रुपए 399.08 करोड़ है। (विगत वर्ष – 417.00 करोड़ रुपए)।

डी) वित्त पट्टा

वित्त पट्टे पर प्राप्त आस्ति में **यंत्र और उपकरण** भवन शामिल हैं। पट्टों की एक प्राथमिक अवधि होती है, जो निश्चित और गैर-रद्द होती है। बैंक के पास द्वितीयक अवधि के लिए पट्टे को नवीनीकृत करने का विकल्प है।

वित्त पट्टा के तहत आवश्यक आस्तियों के संबंध में न्यूनतम पट्टे के किराये और न्यूनतम पट्टे के भुगतान का वर्तमान मूल्य निम्नानुसार हैं:

विवरण	न्यूनतम पट्टे का भुगतान		न्यूनतम पट्टा भुगतान का वर्तमान मूल्य	
	31 मार्च 2023 को	31 मार्च 2022 को	31 मार्च 2023 को	31 मार्च 2022 को
1 वर्ष के पूर्व देय	0	0	0	0
1 वर्ष के बाद एवं 5 वर्षों के पूर्व देय	0	0	0	0
5 वर्षों के बाद देय	0	0	0	0
कुल	**0**	**0**	**0**	**0**
कम: भविष्य के वित्तीय प्रभार				
न्यूनतम पट्टा भुगतान का वर्तमान मूल्य	0	0	0	0

12.2 सहायक कंपनियां

12.2.1 इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लिमिटेड

पट्टे पर ली गई आस्ति के मामले में

कंपनी के पास विभिन्न स्थानों पर मूल संस्था सहित कार्यालय परिसर के लिए परिचालन पट्टे हैं। वर्ष के अंत में गैर-रद्द करने योग्य परिचालन पट्टों के तहत भविष्य के लिए आवश्यक न्यूनतम भुगतान निम्नानुसार हैं:

(राशि लाख में)

विवरण	31.03.2023 तक	31.03.2022 तक
वर्ष के लिए लीज भुगतान	24.40	21.71
न्यूनतम लीज भुगतान: 1 वर्ष के पूर्व देय	0.00	0.00
1 वर्ष के बाद एवं 5 वर्षों के पूर्व देय	0.00	0.00
5 वर्षों के बाद देय	0.00	0.00

13. प्रति शेयर अर्जन (एएस 20)

विवरण		2022-23	2021-22
ईक्विटी शेयरधारकों हेतु उपलब्ध कर के पश्चात निवल लाभ (रुपए करोड़ में)		5572.31	4141.81
ईक्विटी शेयरों की संख्या		1245441139	1245441139
ईक्विटी शेयरों की भारित संख्या		1245441139	1218410075
प्रति शेयर मूल अर्जन	₹	44.74	33.99
प्रति शेयर कम की गई आय	₹	44.74	33.99
प्रति ईक्विटी शेयर अंकित मूल्य	₹	10.00	10.00

14. समेकित वित्तीय विवरण (एएस 21)

समेकित वित्तीय विवरण को लेखा मानक (एएस 21), भारतीय सनदी लेखाकार संस्था (आईसीएआई) द्वारा जारी ''समेकित वित्तीय विवरणों'' और ''समेकित वित्तीय विवरण'' को तैयार करने हेतु भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशानिर्देशों के समनुरूप तैयार किया गया है।

समेकित वित्तीय विवरण, इंडियन बैंक (मूलसंस्था) के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण और उनकी अनुषंगियों जैसे (1) इंडबैंक हाउसिंग लिमिटेड और (2) इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लि. के लेखापरीक्षित वित्तीय विवरण पर आधारित हैं।

31.03.2023 को समेकित आंकड़ों में 3 सहयोगियों यथा मेसर्स पुदुवै भारतियार ग्राम बैंक, मेसर्स सप्तगिरी ग्रामीण बैंक और मेसर्स तमिलनाडु ग्राम बैंक के 243.04 करोड़ रुपये का लेखापरीक्षित लाभ शामिल है और ₹58.23 करोड़, दो संयुक्त उद्यमों अर्थात (1) यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और (2) एएसआरईसी (इंडिया) लिमिटेड के अलेखापरीक्षित लाभ में हिस्सा है।

15. आय पर करों के लिए लेखांकन (एएस 22)

15.1 मूल संस्था

ए. **वर्तमान कर** – चालू वर्ष के दौरान किए गए घरेलू परिचालन के लिए आयकर **हेतु** प्रावधान की राशि 1178.64 करोड़ रुपये है इसमें विदेशी शाखाओं पर पिछले वर्षों से संबंधित चालू वर्ष में **आय कर हेतु** प्रदान किए गए रुपये 8.34 करोड़ **का प्रावधान** भी शामिल है। चालू वर्ष के दौरान विदेशी शाखाओं में आयकर के लिए किए गए प्रावधान 15.74 करोड़ रुपये है। वर्तमान कर की गणना आयकर अधिनियम 1961 के प्रावधानों के अनुसार की गई है।

बी. **स्थगित कर** – बैंक के पास ₹**4434.56** करोड़ की निवल स्थगित कर आस्ति है (विगत वर्ष ₹**3872.91** करोड़ की निवल स्थगित कर आस्ति), जो ''अन्य आस्तियां'' के तहत शामिल है। स्थगित कर आस्तियों (डीटीए) और स्थगित कर देयताओं (डीटीएल) के प्रमुख घटक निम्न हैं:

(राशि करोड़ में)

क्र. सं.	विवरण	31.03.2023	31.03.2022
	स्थगित कर आस्तियां		
1	भुगतान/क्रिस्टलाइजेशन पर अनुमेय देयताओं का प्रावधान	275.43	219.35
2	विदेशी मुद्रा लेनदेन रिजर्व (एफसीटीआर)	122.57	99.08
3	उपदान के लिए प्रावधान	0.04	0.06
4	अशोध्य ऋणों के लिए प्रावधान	3864.41	3856.25
5	पुनर्रचित आस्तियों, एक्युआर, एस4ए, दबावग्रस्त आस्तियों के लिए प्रावधान	1094.72	588.06
6	स्थिर आस्तियों पर मूल्यह्रास	102.79	87.26
	कुल-डीटीए	**5459.96**	**4850.06**
	स्थगित कर देयताए		
1	स्थिर आस्तियों पर मूल्यह्रास	44.40	44.40
2	बट्टे खाते लिखे गये खातों हेतु प्रावधान	363.15	363.15
3	स्टाफ कल्याण प्रतिपूर्ति	4.11	4.11
4	धारा 36(i)(viii) के अंतर्गत विशेष आरक्षण	613.74	565.49
	कुल – डीटीएल	**1025.40**	**977.15**
	निवल डीटीए/(डीटीएल)	**4434.56**	**3872.91**

15.2 अनुषंगी कंपनियां:

15.2.1 इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लि.

स्थगित कर आस्ति/देयता के मुख्य घटक निम्न हैं। (राशि ₹ में)

	स्थगित कर			
	31.03.2023 को		**31.03.2022 को**	
	आस्ति	**देयताएं**	**आस्ति**	**देयताएं**
i) मूल्यह्रास-योग्य आस्तियों में समय का अंतर		9112839		9355398
ii) अशोध्य ऋणों व एनपीए के लिए प्रावधान	29001415		36142094	
iii) अन्य	3851703		3661463	
कुल	**32853118**	**9112839**	**39803557**	**9355398**
निवल डीटीए / (डीटीएल)	**23740279**		**30448159**	

16. एएस 24 के अन्तर्गत प्रकटीकरण अपेक्षाएं- परिचालन बंद

16.1 अनुषंगी कंपनियां:

16.1.1 इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विसेज लि.

संसाधन आवंटन के प्रयोजनों और सेगमेंट निष्पादन के आकलन हेतु मुख्य संचालन निर्णय निर्माता (सीओडीएम -निदेशक मंडल) को रिपोर्ट की गई सूचना पूरी तरह से कंपनी पर केंद्रित है। अतः प्रबंधन ने निष्कर्ष निकाला है कि कंपनी के पास केवल एक सेगमेंट है।

कंपनी ने दिसंबर 1997 से लागू हुए सेबी विनियमन के फलस्वरूप निधि आधारित क्रियाकलापों को बंद किया था और केवल शुल्क आधारित क्रियाकलापों को करने का निर्णय लिया था। दिसंबर 1997 तक विद्यमान निधि आधारित एकस्पोज़र उनकी संविदाकृत अवधि समाप्त होने तक जारी रखे गए हैं। स्थायी जमाओं की पुनः अदायगी और दावा न की गई सावधि जमाओं का आईईपीएफ को अंतरण करने के बाद कंपनी ने भारतीय रिज़र्व बैंक से एनबीएफसी के रूप में अपना पंजीकरण रद्द किये जाने की अनुमति प्राप्त की है।

17. अनुषंगी कंपनियां:

17.1 इंडबैंक मर्चेंट बैंकिंग सर्विस लि.

इंडियन बैंक, मूल संस्था, ने ₹897.48 लाख की राशि की चुकौती के लिए 3 साल की अधिस्थगन अवधि सितंबर 2013 से सितंबर 2016 तक को मुआविज़ा का अधिकार खंड के तहत 31.03.2017 को समाप्त होने वाले वर्ष से शुरू होने वाली प्रति छमाही ₹75 लाख की चुकौती को अधिस्थगन/चुकौती अवधि के लिए बिना किसी ब्याज प्रभार के अनुमोदित किया था। तदनुसार, कंपनी ने पूरी राशि इंडियन बैंक को चुका दी है और 31.03.2023 तक भुगतान करने के लिए कोई राशि लंबित नहीं है।

18. संयुक्त उद्यमों में हितों की वित्तीय रिपोर्टिंग (एएस-27):

निवेश में शामिल ₹142.50 करोड़ निम्नलिखित संयुक्त नियंत्रित संस्थाओं में बैंक के हित को दर्शाता हैं:

संस्था का नाम	देश / निवास	संबंध	स्वामित्व हित	शेयरधारिता की राशि
यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्यूरेंस कंपनी लिमिटेड	भारत	संयुक्त उद्यम	28.52%	105.00
एएसआरईसी (इंडिया) लिमिटेड	भारत		38.26%	37.50

एएस 27 के आवश्यकतानुसार, संयुक्त रूप से नियंत्रित संस्थाओं में बैंक के हितों से संबंधित परिसंपत्तियों, देनदारियों, आय, व्यय, आकस्मिक देनदारियों और प्रतिबद्धताओं की कुल राशि निम्नानुसार प्रकट की गई है:

(राशि करोड़ में)

विशिष्ट	31.03.2023	31.03.2022
देयताएं		
पूंजी आरक्षितियाँ	437.90	391.69
जमा	0.00	0.00
उधारी	19.38	8.54
अन्य देयताएं और प्रावधान	1271.32	1174.50
कुल	**1728.60**	**1574.73**
आस्तियां		
आरबीआई के पास नकद और शेष	0.10	0.05
बैंकों में शेष राशि और मांग और अल्प सूचना पर प्रतिदेय राशि	54.81	30.40
निवेश	1337.92	1146.12
अग्रिम	0.00	0.00
अचल आस्तियां	18.07	11.37
अन्य आस्तियां	317.70	386.79
कुल	**1728.60**	**1574.73**

पूंजी प्रतिबद्धताएं		
अन्य आकस्मिक देयताएं	46.76	48.05
आय		
अर्जित ब्याज	5.99	6.04
अन्य आय	695.48	478.41
कुल	**701.47**	**484.45**
व्यय		
व्यय किया गया ब्याज	1.81	2.36
परिचालन व्यय	620.43	420.65
प्रावधान और आकस्मिकताएं	25.46	17.63
कुल	**645.90**	**440.64**
लाभ	**53.77**	**43.81**

19. आस्तियों की हानि (एएस-28)

मूल संस्था

बैंक प्रबंधन के विचारानुसार, वर्ष के दौरान आस्तियों में हानि का संकेत नहीं है, जिस पर लेखा मानक 28 – ''आस्तियों की हानि'' लागू होता है।

20. प्रावधान, आकस्मिक देयताएँ और आकस्मिक आस्तियां (एएस-29):

(राशि करोड़ में)

विवरण	दिनांक 01.04.2022 को आथ शेष	वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान	प्रावधान वापसी / समायोजित	दिनांक 31.03.2023 को अंतिम शेष
बैंक के विरुद्ध दावे के लिए किए गए प्रावधानों का संचलन जिन्हें ऋण नहीं माना गया है।	215.91	4.22	2.45	217.68

21. बैंक एश्यूरेन्स कारोबार

21.1 मूल संस्था

बैंक द्वारा विभिन्न बैंक एश्युरेंस/म्युच्युअल फ़ंड उत्पादों की बिक्री/विपणन पर पिछले वर्ष 85.01 करोड़ रूपये के सापेक्ष में वर्तमान वर्ष में अनर्जित कमीशन आय 136.35 करोड़ रूपये है।

(राशि करोड़ में)

क्रमांक	आय की प्रकृति	2022-23	2021-22
1.	जीवन बीमा पालिसी की बिक्री के लिए	100.37	56.22
2.	गैर जीवन बीमा पालिसी की बिक्री के लिए	29.42	26.42
3	अन्य - म्यूचुअल फंड उत्पादों की बिक्री के लिए	6.56	2.37
	कुल	**136.35**	**85.01**

21.2 अनुषंगी कंपनियां:

